आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शनिवार 12 सितंबर 2026 ■ भाद्रपद कृष्ण पक्ष-14 ■ वर्ष -42 ■ अंक-164 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 13 सितंबर 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये

## स्कूल बस की चपेट में आने से मासूम की मौत

**कोरिया,12 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले में शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में दूसरी कक्षा की छात्रा की मौत हो गई। स्कूल जाने के लिए बस में बैठने निकली बच्ची स्कूल बस की चपेट में आ गई और गंभीर रूप से घायल हो गई। अस्पताल ले जाते समय उसने दम तोड़ दिया। यह घटना सोनहत थाना क्षेत्र के धनपुर बस्ती की है। मृतक बच्ची की पहचान प्रिंसि के रूप में हुई है। वह सोनहत स्थित भारत इंग्लिश मीडियम स्कूल में कक्षा दूसरी में पढ़ती थी। जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह करीब साढ़े 7 बजे प्रिंसि स्कूल जाने के लिए घर से बस में बैठने निकली थी। इसी दौरान स्कूल संस्था की ही बस की चपेट में आने से वह गंभीर रूप से घायल हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। घायल बच्ची को तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनहत ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही सोनहत थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटना स्थल का जायजा लेकर हादसे की जांच शुरू कर दी है। इस दर्दनाक घटना के बाद बच्ची के परिवार और क्षेत्र में शोक का माहौल है।

## रेस्क्यू के दौरान स्नेक कैचर को सांप ने डसा,मौत

**बेमेतरा,12 सितंबर।** जहरीले सांपों को सुरक्षित रेस्क्यू करने वाले स्नेक कैचर की एक छोटी सी लापरवाही जानलेवा साबित हुई. पकड़ने के दौरान सांप के डसने से गंभीर स्नैक कैचर मनीष पाटिल की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई. पूरे प्रकरण में परिजन इलाज में देरी करने का आरोप लगा रहे हैं. जानकारी के मुताबिक, बेमेतरा जिले के मुरता गांव में सांप निकलने की सूचना मिलने पर डायल 112 की टीम स्नेक कैचर मनीष पाटिल को अपने साथ लेकर पहुंची थी. रेस्क्यू करने के दौरान अचानक सांप ने मनीष को डसा लिया, जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी. आनन-फानन में स्नेक कैचर मनीष पाटिल को नवागढ़ CHC के भर्ती कराया गया, जहां स्थिति में सुधार न होते देख सिम्स बिलासपुर में इलाज के लिए रेफर किया गया, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई. बता दें कि नवागढ़ का रहने वाला मनीष लंबे समय से सांपों के रेस्क्यू का काम कर रहा था. अब तक वह सैकड़ों सांपों का रेस्क्यू कर चुका था. मनीष की असामयिक मौत से इलाके में शोक का माहौल है. वहीं परिजन समय पर इलाज नहीं मिलने का आरोप लगा रहे हैं.

## छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग के नए आदेश को लेकर मचा घमासान

**रायपुर,12 सितंबर।** छत्तीसगढ़ स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी स्कूलों की अध्यापन व्यवस्था में सुधार के लिए जारी नया आदेश चर्चा में आ गया है। विभाग ने स्कूलों के प्राचार्यों के लिए प्रतिदिन 2 कक्षाएं लेना अनिवार्य कर दिया है। इसके साथ ही आदेश में स्पष्ट किया गया है कि प्राचार्य और स्टाफ केवल अपने निर्धारित कक्षों का उपयोग करेंगे और क्लासरूम का उपयोग केवल पढ़ाई के लिए ही किया जाएगा। शिक्षा मंत्री गजेंद्र यादव ने इस पहल का समर्थन करते हुए कहा कि प्राचार्यों और व्याख्याताओं द्वारा नियमित कक्षाएं लेने से स्कूलों में अध्यापन व्यवस्था सुदृढ़ होगी और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार आएगा। स्कूल शिक्षा विभाग के इस निर्देश पर छत्तीसगढ़ शालेय शिक्षक संघ ने व्यावहारिक धरातल का हवाला देते हुए आपत्ति जताई है।

# समिट शुरू होने से पहले ही भारत की बड़ी कूटनीतिक जीत, संयुक्त बयान पर बनी सहमति

**नई दिल्ली,12 सितंबर।** 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के औपचारिक आगाज से पहले ही भारत को बड़ी कूटनीतिक सफलता मिली है। सदस्य देशों के बीच संयुक्त बयान को लेकर सहमति बन गई है। सहमति बनाने के लिए सदस्य देशों के बीच बातचीत शनिवार तड़के करीब 4 बजे तक चली। पश्चिम एशिया के संघर्ष, यूक्रेन युद्ध, वैश्विक व्यापार तनाव और बदलती विश्व व्यवस्था जैसे संवेदनशील मुद्दों पर अलग-अलग रुख के बावजूद भारत ने सभी पक्षों के बीच सहमति बनाने में अहम भूमिका निभाई।भारत मंडपम में 12 और 13 सितंबर को आयोजित हो रहे सम्मेलन में ब्रिक्स के 11 सदस्य देशों के नेता हिस्सा ले रहे हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन दिल्ली पहुंच चुके हैं। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भी सम्मेलन में शामिल होने के लिए भारत पहुंचे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और शी जिनपिंग के बीच शनिवार शाम प्रस्तावित मुलाकात को सम्मेलन के प्रमुख कूटनीतिक घटनाक्रमों में माना जा रहा है।संयुक्त बयान पर सहमति इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है क्योंकि ब्रिक्स में ईरान, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात जैसे देश शामिल हैं, जिनके पश्चिम एशिया से जुड़े कई मुद्दों पर अलग-अलग रणनीतिक हित और मत रहे हैं। क्षेत्र में जारी संघर्ष और तनाव के बीच सभी देशों को एक साझा बयान पर सहमत कराना भारत के लिए बड़ी चुनौती थी। भारत की लगातार बातचीत और सहमति बनाने की कोशिशों से इन मतभेदों का असर ब्रिक्स की प्रक्रिया पर नहीं पड़ा।प्रधानमंत्री मोदी ने भारत मंडपम में अबू धाबी के क्राउन प्रिंस शेख खालिद बिन मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान का स्वागत किया। दोनों नेताओं ने भारत और यूएई की व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर चर्चा की। राजनीतिक, सांस्कृतिक, व्यापार, ऊर्जा और लोगों के बीच संबंधों को आगे बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। दोनों नेताओं ने ब्रिक्स में यूएई की सक्रिय भागीदारी की सराहना की।बैठक में यूएई की इंटरनेशनल होल्डिंग कंपनी की ओर से ओडिशा में 11.5 अरब डॉलर के इंटीग्रेटेड ग्रीनफील्ड एल्युमिनियम प्रोजेक्ट में निवेश की घोषणा का स्वागत किया गया। रक्षा, अंतरिक्ष, परमाणु ऊर्जा, तकनीक और नवाचार जैसे क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के अवसरों पर भी चर्चा हुई।मोदी ने ब्राजील के विदेश मंत्री माउरो विएरा का भी भारत मंडपम में स्वागत किया। सम्मेलन को लेकर विदेश मंत्रालय ने सोशल मीडिया पर चल रही एक फर्जी खबर का भी खंडन किया। मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि समिट स्थल पर विश्व नेताओं को ब्रेकफास्ट परोसे जाने का दावा गलत है। वायरल तस्वीर भारत मंडपम स्थित इंटरनेशनल मीडिया सेंटर की है।ब्रिक्स सम्मेलन में विदेशी मेहमानों के लिए भारतीय शिल्प की झलक भी दिखाई दे रही है। मेहमानों के लिए जयपुर में तैयार की गई विशेष सिल्वर-प्लेटेड टेबलवेयर और कटलरी इस्तेमाल की जा रही है। इनमें पारंपरिक भारतीय कारीगरी के साथ आधुनिक डिजाइन और सीएनसी तकनीक का इस्तेमाल किया गया है।



### ब्रिक्स में भारत की बड़ी पहल

18वें ब्रिक्स सम्मेलन से पहले सदस्य देशों के बीच संयुक्त बयान पर सहमति बन गई। बातचीत तड़के 4 बजे तक चली। यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया के संघर्ष और वैश्विक व्यापार तनाव जैसे मुद्दों पर मतभेद के बावजूद भारत ने सहमति बनाने में अहम भूमिका निभाई। पीएम मोदी की शी जिनपिंग से मुलाकात भी सम्मेलन के प्रमुख कूटनीतिक घटनाक्रमों में शामिल होगी।



## चीनी प्रेसीडेंट 7 साल बाद भारत पहुंचे

नई दिल्ली,12 सितंबर। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग भारत की धरती पर कदम रख चुके है. चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के भारत दौरे से पहले सुरक्षा व्यवस्था पूरी तरह से टाइट कर दी गई है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ आज शाम 5:45 बजे उनकी अहम द्विपक्षीय बैठक प्रस्तावित है. शी जिनपिंग भारत की धरती पर करीब 7 साल बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे मुलाकात. भारत-चीन रिश्तों पर इस समय पूरी दुनिया की नजर है. चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग का विशेष विमान दिल्ली के पालम एयरपोर्ट पर उतरा, जहां उनका स्वागत किया गया. चूंकि, भारत मेजबानी कर रहा है इसलिए उनके स्वागत में रेड कार्पेट बिछाया गया है. चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ब्रिक्स समिट में हिस्सा लेने के लिए दिल्ली पहुंच गए हैं.

## सेवानिवृति से पहले कर्मचारियों को मिलेगा गृह जिला

### हाई कोर्ट का बड़ा फैसला, सरकार की दलील खारिज

**बिलासपुर,12 सितंबर।** छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने सेवानिवृत्ति के करीब पहुंच चुके आबकारी विभाग के हेड कांस्टेबल को राहत देते हुए गृह जिले बिलासपुर में पदस्थ करने के निर्देश दिए हैं। कोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता जुलाई 2027 में अधिवार्षिकी आयु पूरी कर सेवानिवृत्त होने वाला है और ऐसे कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति से एक वर्ष पहले उनकी पसंद अथवा गृह जिले में पदस्थापना का लाभ दिया जाता रहा है। इसलिए इस मामले में भी उसे यह लाभ दिया जाना चाहिए।

यह आदेश जस्टिस बिभु दत्ता गुरु ने आबकारी हेड कांस्टेबल नेल्सन लवेट, की याचिका पर दिया। याचिकाकर्ता ने बताया कि उसकी नियुक्ति 19 अप्रैल 1993 को आबकारी विभाग में अस्थायी आधार पर सेल्समैन के रूप में हुई थी। बाद में उसे आबकारी कांस्टेबल के पद पर नियमित किया गया और कोरबा में पदस्थ किया गया।

वर्ष 2014 में उसका तबादला कोरबा से बिलासपुर किया गया। इसके बाद 24 जून 2022 को उसे बिलासपुर से रायगढ़ स्थानांतरित किया गया, जहां वह लगातार पदस्थ है। नेल्सन लवेट ने 23 अगस्त 2022 को अभ्यावेदन देकर बताया था कि उसकी पत्नी का लगातार इलाज चल रहा है और स्वास्थ्य काफी कमजोर है। इसके बाद 11 अगस्त 2023 को उसे आबकारी हेड कांस्टेबल पद पर पदोन्नति मिली और रायगढ़ में ही पदस्थ किया गया। गृह जिले बिलासपुर में पदस्थापना के लिए उसने तीन जुलाई 2024, 22 सितंबर 2025 और चार अक्टूबर 2025 को भी अभ्यावेदन दिए। इसके बाद उसने हाई कोर्ट में 2025 में याचिका दायर की थी। 20 नवंबर 2025 को कोर्ट ने संबंधित अधिकारियों को उसके अभ्यावेदनों पर कानून के अनुसार निर्णय लेने के निर्देश दिए थे। इसके पालन में उसने 27 जनवरी 2026 और 21 मई 2026 को फिर अभ्यावेदन दिए। नौ जुलाई 2026 को भी अभ्यावेदन दिया गया, लेकिन कोई निर्णय नहीं हुआ। राज्य की ओर से तर्क दिया गया कि पांच जून 2025 की स्थानांतरण नीति पुलिस, आबकारी, परिवहन, वाणिज्यिक कर और शिक्षा विभाग पर लागू नहीं होती। इसलिए नीति की कंडिका 3.12 के तहत गृह जिले में पदस्थापना का दावा नहीं किया जा सकता। राज्य ने यह भी कहा कि किसी कर्मचारी को उसकी पसंद के स्थान पर पदस्थ करने का कोई निहित या प्रवर्तनीय अधिकार नहीं है और यह सक्षम प्रशासनिक अधिकारी के अधिकार क्षेत्र का विषय है। कोर्ट ने कहा कि यह निर्विवाद है कि याचिकाकर्ता रायगढ़ जिले में आबकारी हेड कांस्टेबल के रूप में कार्यरत है और जुलाई 2027 में सेवानिवृत्त होने वाला है। गृह जिले बिलासपुर में पदस्थापना के लिए वह कई बार अभ्यावेदन दे चुका है और लंबे समय से अधिकारियों के समक्ष अपनी समस्या रख रहा है। कोर्ट ने राज्य के इस तर्क को स्वीकार नहीं किया कि कंडिका 3.12 का लाभ उसे नहीं मिल सकता। कोर्ट ने कहा कि सेवानिवृत्ति के एक वर्ष के भीतर पहुंच चुके विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को उनकी पसंद अथवा गृह जिले में पदस्थापना का लाभ दिया गया है। ऐसे में याचिकाकर्ता को भी इसी आधार पर लाभ मिलना चाहिए।





## घर में घुसा छड़ों से लदा ट्रेलर, तीन बाइक समेत सामान जलकर राख

**रायगढ़,12 सितंबर।** छत्तीसगढ़ के खरसिया में भीषण सड़क हादसा हो गया। रायगढ़ से रायपुर की ओर जा रहा छड़ों से लदा तेज रफ्तार ट्रेलर अनियंत्रित होकर बिजली खंभे को तोड़ते हुए एक घर में जा घुसा। हादसे के बाद ट्रेलर में आग लग गई, जिसकी चपेट में घर के बाहर खड़ी तीन बाइक और घर का सामान भी आ गया। आगजनी में लाखों रुपये की संपत्ति के नुकसान होने की आशंका है। हादसा खरसिया के रायगढ़ चौक रोड पर देर रात हुआ। ट्रेलर की टक्कर से बिजली का खंभा टूट गया, जिसके बाद इलाके की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। हादसे के कारण आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। बताया जा रहा है कि जिस घर में ट्रेलर घुसा, वहां परिवार के लोग सो रहे थे। ट्रेलर की जोरदार टक्कर और आग लगने के बावजूद घर में मौजूद लोग समय रहते सुरक्षित बच गए। हादसे में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। टक्कर के बाद ट्रेलर में आग भड़क उठी। देखते ही देखते आग ने घर के बाहर खड़ी तीन मोटरसाइकिलों को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग से ट्रेलर, तीन बाइक और घर का सामान जलकर राख हो गया। घटना में लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। हादसे के दौरान ट्रेलर चालक ने किसी तरह वाहन से कूदकर अपनी जान बचाई।

## ग्रामीण पर बाघ ने किया हमला लोहे के घमेला से बचाई जान

**बिलासपुर,12 सितंबर।** वन विकास निगम क्षेत्र के ग्राम दवनपुर में खेत में खाद छिड़कने गए एक ग्रामीण पर बाघ ने अचानक हमला कर दिया। हमले में ग्रामीण के चेहरे, हाथ और पैर में चोटें आई हैं। ग्रामीण ने हिम्मत दिखाते हुए लोहे के घमेला से बाघ का मुकाबला किया, जिसके बाद बाघ मौके से भाग गया। घटना के बाद गांव और आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल है। जानकारी के अनुसार दवनपुर निवासी संजू मरकाम पिता महादेव मरकाम (42 वर्ष) शनिवार को अपने खेत में खाद छिड़कने गया था। इसी दौरान खेत की मेड़ पर बैठे बाघ ने अचानक उस पर हमला कर दिया। बाघ के हमले से संजू के चेहरे, हाथ और पैर में चोटें आईं। हमले के दौरान संजू ने हिम्मत नहीं हारी और अपने पास मौजूद लोहे के घमेला से बाघ पर वार कर दिया। ग्रामीण के प्रतिरोध के बाद बाघ वहां से भाग गया। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही वन विकास निगम के अधिकारी-कर्मचारी मौके पर पहुंचे और घायल संजू मरकाम को अस्पताल पहुंचाया। प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसकी स्थिति को देखते हुए उसे सिम्स बिलासपुर रेफर कर दिया है।



## कांग्रेस मेरे खून और हड्डियों में: हरीश रावत

**नैनीताल,12 सितंबर।** उत्तराखंड कांग्रेस में गुटबाजी की खबरों के बीच पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत चर्चा में बने हुए हैं। हरीश रावत ने शनिवार को सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म एक्स पर लंबी-चौड़ी पोस्ट करके कांग्रेस के सभी पदों से इस्तीफे के पेशकश कर दी थी। उन्होंने कहा था कि अगर उनके पीए चंदन सिंह जीना परीक्षा घोटाले और ओएमआर में गड़बड़ियों के लिए जिम्मेदार पाए जाते हैं तो यह उनके लिए शर्मिंदगी की बात होगी। हालांकि कुछ ही घंटों में उन्होंने पड़ा यूटर्न लिया और कहा कि कांग्रेस उनके खून और हड्डियों में बसी है। हरीश रावत ने कहा, 'मीडिया के कुछ हिस्सों में यह समाचार दिया जा रहा है कि हरीश रावत ने कांग्रेस पार्टी से त्यागपत्र दे दिया। कांग्रेस पार्टी की सदस्यता मेरे खून और हड्डियों में है, हरीश रावत जो कुछ भी है, उस सबका निर्माण करती है। वह तो मेरे साथ ही स्वर्ग में भी जाएगी। हाँ, यदि कल-परसों देहरादून में ईडी का जो पाखंडपूर्ण चकल्लस हुई है और मैंने यह कहा है कि यदि उससे कांग्रेस पार्टी के भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ने के नैरेटिव पर कोई असर पड़ता है, तो पार्टी के जो पद मेरे पास हैं—प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य और एआईसीसी की वर्किंग कमेटी के सदस्य—मैं उन पदों से त्यागपत्र देना चाहूंगा।'



हरीश रावत ने आज ही इस्तीफे की पेशकश करते हुए कहा था कि उनके पीए गलत नहीं हो सकते। रावत ने यह कदम देहरादून में उनके पूर्व ओएसडी के ठिकानों पर छापेमारी में बड़ी मात्रा में नकदी और आभूषण बरामद होने की खबरों के बीच उठाया था। रावत ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट के जरिए अपनी स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा, "सामने टीवी पर खबर आ रही है कि देहरादून में उनके ओएसडी के पास भारी मात्रा में नकदी और ज्वैलरी आदि पकड़ी गई है। इस तथ्य का खुलासा आने वाले समय में होगा और यह सत्य है कि श्री जीना मेरे ओएसडी रहे हैं। मैं पार्टी या सरकार में जिन भी पदों पर रहा हूं।

## डिजिटल एडिक्शन आज किसी भी अन्य एडिक्शन से अधिक खतरनाक : राज्यपाल डेका

**रायपुर,12 सितंबर।** राज्यपाल श्री रमेन डेका आज आईसीएफएआई विश्वविद्यालय के तृतीय दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। समारोह में वर्ष 2025 एवं वर्ष 2026 शैक्षणिक सत्र के विद्यार्थियों को विभिन्न संकायों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पदक प्रदान किए गए, जिनमें 19 विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल तथा 16 विद्यार्थियों को सिल्वर मेडल से सम्मानित किया गया शामिल हैं। स्नातकोत्तर एवं स्नातक स्तर पर कुल 504 विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान की गई.

**विद्यार्थियों को तकनीक का सदुपयोग करते हुए इसके दुष्प्रभावों से बचने सलाह**-राज्यपाल श्री डेका ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि आप इंटरनेट युग के विद्यार्थी हैं, जबकि हम उस दौर के विद्यार्थी हैं, जब शिक्षा चाक ,पेंसिल पुस्तकों और गुरुओं के माध्यम से प्राप्त करते थे। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आज बहुत जरूरी है, लेकिन इसका उपयोग उतना ही होना चाहिए, जितना मानव समाज के हित में आवश्यक है। आज डिजिटल एडिक्शन किसी भी अन्य एडिक्शन से अधिक खतरनाक हो गया है। विद्यार्थियों को तकनीक का सदुपयोग करते हुए इसके दुष्प्रभावों से बचना चाहिए। उन्होंने कहा कि न्यूक्लियर एनर्जी, क्लाइमेट चेंज और माइक्रो प्लास्टिक आज दुनिया के सामने बड़ी चुनौतियां हैं। 21वीं सदी में विकास के साथ उसके दूसरे पहलुओं पर भी ध्यान देना होगा और सतत विकास को प्राथमिकता देनी होगी।

**विद्यार्थियों पढ़ाई और लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित रहें**-राज्यपाल ने विद्यार्थियों को भगवत गीता के कर्मयोग का संदेश देते हुए कहा कि कर्म ही जीवन है। हमें इस बात की चिंता किए बिना कि दूसरे हमारे बारे में क्या सोचते हैं, अपने कर्म, पढ़ाई और लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि आपका ज्ञान कोई आपसे नहीं छीन सकता। अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनें और सही रास्ते पर आगे बढ़ें।

**विद्यार्थियों को अपने जीवन का रोडमैप तैयार कर योजनाबद्ध ढंग से सफलता की ओर आगे बढ़ना चाहिए**- श्री डेका ने कहा कि विद्यार्थियों ने ज्ञान और डिग्री इसलिए हासिल की है कि उसका उपयोग मानव समाज के हित में हो। विज्ञान, तकनीक और इनोवेशन का उद्देश्य मानव जीवन को बेहतर बनाना होना चाहिए। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में लौह अयस्क प्रचुर मात्रा में है और यह देश की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है। अब छत्तीसगढ़ को एजुकेशन हब के रूप में विकसित करने की दिशा में भी प्रयास करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विकसित भारत, आत्मनिर्भर भारत और 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के लक्ष्य को प्राप्त करने में समाज के प्रत्येक वर्ग की भूमिका महत्वपूर्ण है।

# विधायक संग दिखी तीज की उमंग और मातृशक्ति का संगम, 8000 से अधिक महिलाओं ने मनाया तीज मिलन का उत्सव

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा, 12 सितंबर।** हरियाली, उमंग और अखंड सौभाग्य की मंगलकामना से जुड़ा तीजा पर्व पंडरिया में इस बार सामाजिक एकजुटता और नारी शक्ति के उत्सव के रूप में नजर आया। पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा तीजा तिहार के अवसर पर 10 सितम्बर को पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल मैदान में आयोजित तीज मिलन समारोह में विधानसभा क्षेत्र की 8000 से अधिक माताओं-बहनों ने सहभागिता की। पारंपरिक उल्लास से सजे इस आयोजन में महिलाओं ने लोकगीतों, पारंपरिक साज-सज्जा, तीज की मेहंदी और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिसमें तीज क्विन की विजेता एवं उप विजेता को विधायक भावना बोहरा ने सम्मानित कर उपस्थित सभी माताओं-बहनों को तीज पर्व की शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर विधायक भावना बोहरा ने कहा कि तीज का पर्व हमारी संस्कृति की वह जीवंत परंपरा है, जिसमें आस्था, पारिवारिक मूल्यों, प्रेम और नारी शक्ति का सुंदर संगम दिखाई देता है। पीढ़ियों से चली आ रही यह परंपरा आज भी हमारी सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान को मजबूती प्रदान कर रही है। तीज का पर्व महिलाओं के धैर्य, संकल्प और समर्पण को अभिव्यक्त करता है। भगवान शिव और माता पार्वती की आराधना के माध्यम से सुहागिन महिलाएं अपने जीवनसाथी के सुखद, स्वस्थ एवं दीर्घ जीवन की कामना करती हैं। इस पर्व की विशेषता यह भी है कि यह महिलाओं को



एक-दूसरे के साथ जुड़ने, अपनी खुशियां साझा करने और अपनी सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने का अवसर देता है। आज इस आयोजन में पंडरिया विधानसभा की हजारों की संख्या में उपस्थित माताओं-बहनों ने जिस उत्साह, उल्लास और उमंग एवं पारंपरिक तरीके से एकजुट होकर सहभागिता की और इस आयोजन को भव्य व ऐतिहासिक बनाया उसके लिए मैं सभी का हृदय से आभार व्यक्त करती हूँ। भावना बोहरा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की मातृशक्ति आज केवल परंपराओं की संवाहक ही नहीं, बल्कि समाज और प्रदेश के विकास की मजबूत भागीदार भी है। गांवों में खेती-किसानी से लेकर शिक्षा, रोजगार, व्यवसाय और सामाजिक कार्यों तक महिलाओं की भूमिका निरंतर बढ़ रही है। उनकी इसी भूमिका एवं विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में सहभागिता के प्रति हमारी सरकार का प्रयास है कि महिलाओं को सम्मान के साथ-साथ ऐसे अवसर भी मिलें, जिनसे वे आर्थिक और सामाजिक रूप से अधिक आत्मनिर्भर बन सकें। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व और मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय जी के मार्गदर्शन में डबल इंजन भाजपा सरकार महिला सशक्तिकरण को प्राथमिकता देते हुए अनेक योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य कर रही है। महतारी वंदन योजना के माध्यम से महिलाओं के खातों में प्रतिमाह 1,000 रुपये की सहायता राशि पहुंचाई जा रही है, जो महिला स्वावलंबन की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। लखपति दीदी एवं नमो ड्रोन दीदी जैसी योजनाएं महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम एवं आत्मनिर्भर बना रहीं हैं, उनके पोषण, बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा, सामाजिक सुरक्षा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में भी योजनाओं और प्रयासों से आज महिलाओं की सामाजिक एवं जनप्रतिनिधि के रूप में नेतृत्व व प्रतिनिधित्व निरंतर बढ़ रहा है। भावना बोहरा ने कार्यक्रम में शामिल सभी माताओं-बहनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पंडरिया की नारी शक्ति की ऊर्जा, प्रतिभा और सहभागिता ही इस क्षेत्र की सबसे बड़ी ताकत है। आने वाले समय में भी महिलाओं की प्रतिभा को मंच देने, उनकी उपलब्धियों को सम्मानित करने और उन्हें आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे।

इस अवसर पर पंडरिया विधानसभा महिला मोर्चा की पदाधिकारी, सभी मंडलों की मंडल अध्यक्ष, महिला जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता सहित 8000 से अधिक की संख्या में विधानसभा क्षेत्र की माताएं-बहनें उपस्थित रहीं।

## एक नजर

### गांजा बेचते आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 12 सितंबर (तछसं.)।** भिलाई गांजा बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है भिलाई नगर टीआई जितेन्द्र वर्मा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर जयन्ती स्टेडियम के पीछे दबिश देकर गांजा के साथ युवक को पकड़ा गया पूछताछ करने पर अपना नाम चाचा चौक, रुआबांधा निवासी हिमांशु ठाकुर बताया है उसके पास से भिलाई नगर थाने पुलिस ने पुराने लाल-मटमैले भूरे थैले से सफेद पॉलिथीन में रखा 2 किलो 50 ग्राम गांजा बरामद किया आरोपी के पास से 13 हजार रुपए नगद भी जब्त की गई सामानों की 1 लाख रुपए आंकी गई है आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया ।

### अवैध कारोबार का आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 12 सितंबर (तछसं.)।** भिलाई लंबे समय से चिट्टा के अवैध कारोबार कर रहे फरार आरोपी को पुलिस ने पंजाब से गिरफ्तार किया है जामुल टीआई राकेश खुटेश्वर ने बताया कि जामुल थाना क्षेत्र के होटल, लॉज, ढाबा संचालकों, व्यक्तियों की चेकिंग कार्रवाई के दौरान ग्राम कुरूद स्थित होटल से कमरा नंबर 106 की चेकिंग करने दो युवक वैभव सोनी, शुभम सिंह को पकड़ा गया था उनके पास से 65 ग्राम चिट्टा बरामद किया गया था प्रकरण की विवेचना के दौरान गिरफ्तार आरोपियों के बयान में हेरोइन (चिट्टा) की सप्लाई आरोपी पंजाब निवासी सरनजीत सिंह के द्वारा उपलब्ध कराया जाता था। जामुल पुलिस ने सूचना एकत्रित कर सरनजीत को तुरंत पकड़ लिया उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर ट्रांजिट रिमांड प्राप्त कर कार्रवाई की गई जामुल थाने पुलिस ने अपील किया है कि मादक पदार्थों की बिक्री, परिवहन अथवा सेवन से संबंधित किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें मादक पदार्थों के अवैध कारोबार में शामिल व्यक्तियों के संबंध में वैधानिक कार्रवाई की जाएगी ।

### कॉपर केबल चोरी करने की कोशिश, आरोपी बंदी



**भिलाई, 12 सितंबर (तछसं.)।** बीएसपी में प्रवेश कर कॉपर केबल चोरी करने की कोशिश कर रहे एक आरोपी को सीआईएसएफ ने पकड़ लिया आरोपी प्लांट के अंदर से 20 किलोग्राम स्क्रैप कॉपर केबल मोटर साइकिल में छिपाकर बाहर ले जाने का प्रयास कर रहा था सीआईएसएफ की सूचना पर भट्ठी थाने पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की केबल, मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन जब्त किया है भट्ठी पुलिस ने बताया कि आरोपी ने भिलाई इस्पात संयंत्र के अंदर प्रवेश किया और 20 किलो स्क्रैप कॉपर केबल चोरी कर उसे अपनी मोटर साइकिल में छिपा लिया प्लांट से बाहर निकलने के दौरान सीआईएसएफ की नजर उस पर पड़ गई और उसे पकड़ लिया गया मामले की सूचना मिलने के बाद को सीआईएसएफ इकाई बीएसपी भिलाई की रिपोर्ट पर भट्ठी थाने पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की आरोपी के कब्जे से चोरी की गई कॉपर केबल के साथ घटना में इस्तेमाल मोटरसाइकिल और मोबाइल फोन भी जब्त किया गया गिरफ्तार आरोपी की पहचान निर्मल कुमार (44 साल ), निवासी वार्ड क्रमांक 19-01, स्कूल पारा सकरौद, थाना रनचिराई, जिला बालोद के रूप में हुई है पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 20 किलो स्क्रैप कॉपर केबल जिसकी कीमत करीब 12 हजार रुपये, मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 07 एडब्ल्यू 2616 जिसकी कीमत 10 हजार रुपए और 5 हजार रुपए का मोबाइल फोन जब्त किया है जब्त सामान की कुल कीमत 27 हजार रुपये बताई गई है भट्ठी पुलिस ने आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे रिमांड पर भेज दिया गया ।

## मटंग सरपंच अमित हिरवानी ने पूरे गांव में बांटी करेले की सब्जी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 12 सितंबर।** ह पाटन विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम मटंग में एक अद्भुत और आश्चर्य कार्य देखने को मिला जहां गाँव के सरपंच अमित हिरवानी द्वारा हरतालिका तिज के पहले खाये जाने वाले करू भात के लिए पुरे गाँव के सभी घर में करेले सब्जी बांटे विदित हो मटंग सरपंच अमित हिरवानी आम जन के लिए कुछ कुछ ना नये और अनोखा कार्य करते रहते है! इस बार भी माता, बहनों के लिए और पुरे पंचायत में करेले बांटे,साथ ही आश्रित गाँव बोदल में भी करेले बाँटे। गांव के सरपंच अमित हिरवानी बताते है की जहां अभी करेले बाजार में लगभग 80 से 100 रूपये के दर में मिल रहा है, जिसे देखते माता, बहनों और आम जन को कोई दिक्कत ना हो करके पुरे गांव में करेले बांटा। हरितालिका तीज से पहले करू भात खाने की छत्तीसगढ़ी परंपरा केवल धार्मिक रस्म नहीं, बल्कि स्थानीय खान-पान और मौसम से जुड़ी परंपरा भी मानी जाती है। करेले की सब्जी और भात से तैयार करू भात व्रत से पहले भोजन के रूप में लिया जाता हैइस अवसर पर पंच चंद्रीका बारले पंच, हितेश वर्मा,राहुल साहू,पुष्कर साहू,, तोरण देवांगन, मनोज ठाकुर, राजेश साहू, देवेंद्र यादव,सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## गणेश उत्सव पंडालों को मिलेगा त्वरित अस्थाई बिजली कनेक्शन

**भिलाई, 12 सितंबर।** गणेश उत्सव को देखते हुए छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड ने गणेश उत्सव समितियों के पंडालों को त्वरित अस्थाई विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। दुर्ग क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक ने दुर्ग, बालोद और बेमेतरा जिले के मैदानी अधिकारियों को पंडालों, चलित झांकियों एवं मेलों के लिए अस्थाई विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने तथा निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने गणेश उत्सव समितियों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि पूजा पंडालों और मेलों के लिए विद्युत वितरण केंद्र की अनुमति से वैध अस्थाई कनेक्शन ही लिया जाए। अधिकारियों ने चेतावनी दी कि अनधिकृत रूप से हुकिंग कर बिजली का उपयोग करने से दुर्घटना के साथ ट्रांसफॉर्मर एवं अन्य विद्युत उपकरणों में आग लगने का खतरा रहता है। विद्युत चोरी रोकने के लिए गठित सतर्कता टीम द्वारा पंडालों की सरप्राइज चेकिंग भी की जाएगी।

## 17 सितंबर को जलेंगे एक लाख दीप, सेवा संकल्प अभियान का होगा शुभारंभ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 12 सितंबर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन में सेवा एवं समर्पण के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला भिलाई द्वारा 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक एक माह का सेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा। अभियान का शुभारंभ 17 सितंबर की शाम 7 बजे बैकुंठ धाम में एक लाख दीप प्रज्वलित कर किया जाएगा। भाजपा के अनुसार एक लाख दीपों के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 25 वर्षों के राष्ट्र सेवा, समर्पण और सेवा संकल्प को नमन किया जाएगा। अभियान को लेकर आयोजित संगठनात्मक बैठक में इसकी विस्तृत रूपरेखा पर चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन ने की। देवांगन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सार्वजनिक जीवन सेवा, समर्पण, संघर्ष और राष्ट्रहित के प्रति प्रतिबद्धता की प्रेरणादायी यात्रा है। उनके सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होना भाजपा कार्यकर्ताओं के लिए गौरव और प्रेरणा का अवसर है। बैठक में भाजपा के जिला एवं मंडल पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## श्रीकृष्ण की अलौकिक झांकी बनी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 12 सितंबर।** ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा सेक्टर-7 स्थित पीस ऑडिटोरियम में एक रिश्ता जो जीवन बदल दे थीम पर आधारित श्रीकृष्ण की मनोहारी एवं अलौकिक झाँकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर महाभारत युद्ध तक की घटनाओं को दर्शाती इस दिव्य झांकी को यमुना नदी, झरनों और प्राकृतिक दृश्यों से आकर्षक रूप दिया गया है। झांकी के माध्यम से श्रीकृष्ण के जीवन एवं उनके दिव्य कर्तव्यों को अपने जीवन में धारण करने की प्रेरणा दी जा रही है। आयोजकों के अनुसार, झांकी के माध्यम से परमात्मा के साथ आत्मिक रिश्ता जोड़ने का संदेश दिया जा रहा है। इसमें बताया गया है कि श्रेष्ठ विचारों एवं सकारात्मक ऊर्जा के आदान-प्रदान से रिश्तों में मधुरता आती है और व्यक्ति आंतरिक शांति का अनुभव कर सकता है। यह झांकी 22 सितंबर तक प्रतिदिन सुबह 10 से दोपहर 2 बजे और शाम 5 से रात 9:30 बजे तक निःशुल्क दर्शनार्थ खुली रहेगी। बड़ी संख्या में श्रद्धालु झांकी देखने पहुंच रहे हैं। पूर्व क्रिकेटर राजेश चौहान ने भी सहपरिवार पहुंचकर झांकी के दर्शन किए। कार्यक्रम के अंत में श्रद्धालुओं को मेडिटेशन रूम में एक रिश्ता परमात्मा के साथ की अनुभूति कराने के लिए राजयोग मेडिटेशन कराया जा रहा है।



## विद्युत उपभोक्ताओं को ईसीजीआरएफ की कार्यप्रणाली की जानकारी दी गई

**भिलाई, 12 सितंबर।** छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड के दुर्ग क्षेत्र अंतर्गत रिसाली स्थित स्कॉडा संभाग कार्यालय में विद्युत उपभोक्ता शिकायत निवारण फोरम के तत्वावधान में उपभोक्ता जागरूकता बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम में ईसीजीआरएफ के अध्यक्ष पी.व्ही. सजीव, बीएसपी क्षेत्र के अध्यक्ष अनिल कुमार चौहान, दुर्ग क्षेत्र के कार्यपालक निदेशक शिरीष सेलट सहित विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस दौरान स्मार्ट मीटर, सोलर कनेक्शन, ई-केवाईसी सहित अन्य विद्युत संबंधी विषयों पर भी चर्चा हुई। उपभोक्ताओं ने बिजली आपूर्ति और बिलिंग से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के सामने रखीं, जिनका समाधान किया गया।



## बीएसपी में लागू होगी स्मार्ट गेट पास प्रणाली

**भिलाई, 12 सितंबर।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र में सुरक्षा एवं प्रवेश प्रबंधन व्यवस्था को तकनीकी रूप से उन्नत बनाने की दिशा में सेजेस परियोजना का शुभारंभ किया गया। परियोजना के तहत संयंत्र के सभी 12 प्रवेश द्वारों पर आरएफआईडी आधारित स्मार्ट गेट पास प्रणाली लागू की जाएगी। इस अवसर पर कार्यपालक निदेशक पवन कुमार ने सेजेस परियोजना की आधारशिला रखी। कार्यक्रम में कार्यपालक निदेशक प्रवीण निगम, डीआईजी चंदन कुमार झा सहित बीएसपी और सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## बड़े जलकर बकायेदारों पर निगम सख्त, शीघ्र भुगतान के निर्देश



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 12 सितंबर।** आयुक्त सुरुचि सिंह के निर्देश पर जलकर वसूली अभियान तेज कर दिया गया है। निगम की टीम बड़े बकायेदारों से संपर्क कर उन्हें बकाया राशि शीघ्र जमा करने के लिए सूचित कर रही है। जोन क्रमांक-1 नेहरू नगर के राजस्व विभाग की टीम ने जलकर विभाग एवं एसपीएस एजेंसी के कर्मचारियों के साथ बड़े बकायेदारों से संपर्क किया। सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मेश्राम के नेतृत्व में टीम ने चौहान टाउन हाउसिंग सोसायटी के पदाधिकारियों से संपर्क कर करीब 7 लाख 75 हजार रुपये बकाया जलकर राशि जमा करने के लिए कहा। इसी प्रकार ड्रीम होम सोसायटी, नेहरू नगर के अध्यक्ष से संपर्क कर सोसायटी पर बकाया करीब 15 लाख रुपये जलकर राशि का शीघ्र भुगतान करने की सूचना दी गई।

## त्योहारी सीजन में अतिक्रमण पर निगम की कार्रवाई



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 12 सितंबर।** त्योहारी सीजन में शहर की यातायात व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए नगर निगम ने सड़क एवं सार्वजनिक स्थानों पर किए जा रहे अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है।

इसी क्रम में जोन-1 नेहरू नगर अंतर्गत निगम के राजस्व विभाग और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने सड़क पर गणेश मूर्ति रखकर व्यवसाय करने वालों को हटाने की कार्रवाई की। त्योहारी सीजन में बाजारों और प्रमुख मार्गों पर नागरिकों की आवाजाही बढ़ने के कारण सड़क किनारे दुकान, स्टॉल अथवा अन्य व्यावसायिक गतिविधियों से यातायात प्रभावित होने की आशंका रहती है। इसे देखते हुए टीम ने सड़क पर रखी गणेश मूर्तियों एवं उनके आसपास किए जा रहे व्यवसाय को हटवाया।

## समीरा ने छात्राओं को दिया बड़े लक्ष्य और हौसले का मंत्र

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 12 सितंबर।** प्रसिद्ध पर्वतारोही एवं साइकिलिस्ट समीरा खान ने छात्राओं से संवाद कर उन्हें जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित करने और चुनौतियों का डटकर सामना करने के लिए प्रेरित किया। अपने प्रेरक संबोधन में उन्होंने साहसिक यात्राओं, पर्वतारोहण और संघर्षों से जुड़े अपने अनुभव साझा किए। समीरा ने बताया कि वे अब तक 37 देशों की साइकिल यात्रा कर चुकी हैं तथा देश-विदेश के 11 पर्वत शिखरों पर सफलतापूर्वक आरोहण किया है। इनमें नेपाल का प्रसिद्ध अमा डबलम पर्वत शिखर, जिसकी ऊंचाई करीब 6,859



मीटर है, भी शामिल है। उन्होंने कहा कि पर्वतारोहण और लंबी साइकिल यात्राओं के दौरान उन्हें अनेक भौगोलिक, शारीरिक और मानसिक चुनौतियों का सामना करना पड़ा, लेकिन दृढ़ इच्छाशक्ति और निरंतर प्रयास ने उन्हें आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। संवाद के दौरान छात्राओं ने पर्वतारोहण, साइकिल यात्राओं, विदेश यात्राओं और चुनौतियों से जुड़े कई सवाल पूछे। समीरा खान ने अपने अनुभवों के माध्यम से उनके सवालों के जवाब दिए और उन्हें साहस, अनुशासन तथा सकारात्मक सोच अपनाने के लिए प्रेरित किया। उनकी साहसिक यात्रा और संघर्षों की कहानी से छात्राओं में खासा उत्साह नजर आया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय की ओर से समीरा खान का सम्मान किया गया।



## मनीष पांडेय को जन्मदिन पर दी बधाई

**भिलाई, 12 सितंबर।** आम्रपाली हाउसिंग सोसायटी के पदाधिकारियों ने श्रीराम जन्मोत्सव समिति युवा विंग के अध्यक्ष एवं भाजपा युवा नेता मनीष पांडेय के जन्मदिन पर उनके निवास पहुंचकर पुष्पगुच्छ भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर आम्रपाली हाउसिंग सोसाइटी के अध्यक्ष पी.एस. सिंह सहित गणेश अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, सतीश साहू, रावजी, अशोक गोयल, नवल साहू, अवधेश सिंह, राजेश अग्रवाल एवं राजू भोजक आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

### डोंगरगढ़ के रेलवे प्लेटफार्म नंबर 3 में युवक का शव मिलने से मचा हड़कंप

**डोंगरगढ़ 12 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शुक्रवार को डोंगरगढ़ के



प्लेटफार्म में 03 के यात्री कुर्सी में लगभग तीस पैंतीस साल के युवक की मृत अवस्था में पड़े मिलने से यात्रियों में हड़कंप मच गया और जिसकी सूचना जीआरपी थाना डोंगरगढ़ को दी गई। सूचना पर जीआरपी पुलिस द्वारा तत्काल मौका स्थल पर पहुंच अज्ञात पुरुष जिसकी उम्र लगभग 30-35 साल रंग सांवला ऊंचाई 5 फीट 5 इंच काले कत्थई रंग के चप्पल, गमछा सफेद रंग का पहना है जो प्लेटफार्म नंबर 03 के नागपुर छोर के यात्री कुर्सी पर मृत अवस्था में पाया गया जिसका गुम इंसान कायम क्षेत्र के समस्त थाना चौकी प्रभारियों को जानकारी प्रदान कर मृतक शव को डोंगरगढ़ के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के शव गृह में रखा गया है। पुलिस द्वारा आम लोगों से अपील की गई है कि मृत युवक की पहचान होते ही जीआरपी पुलिस व डोंगरगढ़ पुलिस को जानकारी प्रदान कर जनहित में सहयोग करें।

### आपरेशन निश्चयः अवैध शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**तिल्दा नेवरा/खरोरा 12 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज रायपुर के दिशा-निर्देश, पुलिस अधीक्षक डॉ. श्वेता सिन्हा श्रीवास्तव, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) श्रीमती चंचल तिवारी के मार्गदर्शन तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (विधानसभा) वीरेंद्र चतुर्वेदी के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी खरोरा के नेतृत्व में थाना खरोरा पुलिस ने प्रवीण देवांगन के कब्जे से 138 पौवा ,हरिशंकर मधुकर के कब्जे से 48 पौवा के साथ गिरफ्तार किया दोनों आरोपियों को धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

### सेवा संकल्प अभियान को लेकर मंडल स्तरीय बैठक बोरतलाव में संपन्न

**डोंगरगढ़ 12 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा संकल्प अभियान को लेकर भाजपा मंडल लाल बहादुर नगर की महत्वपूर्ण बैठक वनांचल क्षेत्र बोरतलाव में आयोजित की गई।बैठक में अभियान के अंतर्गत आयोजित किए जाने वाले विभिन्न सेवा एवं जनसरोकार से जुड़े कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए अधिक से अधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।बैठक में मुख्य वक्ता श्री दिनेश गांधी जी ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के 25 वर्षों के सार्वजनिक जीवन में सेवा, सुशासन और राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता मिली है। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ता सेवा कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने और समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा का भाव पहुंचाने का संकल्प लें।बैठक में जिला सहकारी बैंक के उपाध्यक्ष श्री भरत वर्मा जी, जिला पंचायत के उपाध्यक्ष श्रीमती किरण साहु जी, मंडल अध्यक्ष मनोज कांडे जी, जिला पंचायत सभापति श्रीमति अनिता मंडावी जी, नगर पंचायत अध्यक्ष देवेंद्र साहु जी, मंडल महामंत्री द्वय हेमलाल वर्मा एवं उपकार सिंह बघेल, राजेन्द्र तिवारी जी, देवेन्द्र यादव, चंद्रप्रकाश देशमुख, घनश्याम यादव, श्रीमति पुष्पा सिन्हा, दिलीप नंदेश्वर, गोवर्धन बानवर, थनवार मंडावी, श्रीमति वर्षा गेड़ाम, रेवाराम सिन्हा ,हनस पटेल, चोवाराम वर्मा, कैलाश उइके, सरिता मंडावी ,देवेन्द्र सुलाखे, ढालचंद मेश्राम, राकेश साहु, संदीप सिन्हा, शत्रुहन वर्मा, रामाधार ओझा, नरेंद्र ठाकुर सहित भाजपा मंडल के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में मंडल कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी कार्यकर्ताओं ने अभियान को सफल बनाने के लिए सक्रिय सहभागिता का संकल्प लिया।

# लूट के चारों आरोपी 24 घंटे में दबोचे गए

- वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में पुलिस थाना घुमका एवं साइबर सेल राजनांदगांव की संयुक्त कार्रवाई
- बीच सड़क चारपहिया गाड़ी रोककर आरोपियों ने लूट की घटना को दिया था अंजाम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**घुमका 12 सितंबर।** मंगलवार को डूमरडीह देवडोंगर मेंन चौक के पास हुई लुट के लुटेरों को पुलिस द्वारा 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार 09 सितंबर 2026 को प्रार्थी संजय साहू पिता सागर राम साहू उम्र 35 वर्ष निवासी वार्ड नंबर 46 कोढीखाना रोड बसंतपुर थाना बसंतपुर जिला राजनांदगांव ने थाना घुमका में आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम डुमरडीहखुर्द देवडोंगर चौंक के पास मेन रोड पर सामने से आ रही काली रंग के एक थार चालक व उसके अन?य साथीयों के द्वारा डी0आई0 योद्धा वाहन, मोबाइल फोन 2 नग व नगदी 32 सौ रूपये, कुल लगभग 4 लाख आठ हजार 200 रूपये को लूट कर फरार हो गए कि सूचना पर अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध थाना घुमका में अपराध क्रमांक 112/2026 धारा 281, 296, 115(2), 351(2),309(6), 3(5) बीएनएस? के तहत पंजीबद्ध पुलिस द्वारा अज्ञात लुटेरों की जोरो से पतासाजी की जा रही थी कि मुखबिर तंत्र की



मदद,आसपास के सीसीटीवी फुटेज व स्थानीय मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने संदेहियों की कुछ महत्त्वपूर्ण जानकारी प्राप?त कर संदेही की पतासाजी हेतु चारों दिशाओं मे पुलिस टीम भेजकर अनमोल चंदेल पिता डोमेन्द्र चंदेल उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम बोईरडीह पुलिस चौकी चिखली थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव,खिलेश्वर साहू उर्फ बादल साहू पिता परख साहू उम्र 29 वर्ष निवासी जोरातराई पुलिस चौकी चिखली थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव, जे?गौतम राव पिता स्व0 चन्द्रशेखर राव उम्र 24 वर्ष निवासी खुर्सीपार थाना खुर्सीपार जिला दुर्ग छत्तीसगढ़, लक्ष्मन शिवप्रसाद सोनबोइर पिता शिवप्रसाद सोनबोइर उम्र 20 साल निवासी ग्राम असोली तहसील काम्टि नागपुर महाराष्ट्र को हिरासत में लेकर कडाई से पूछताछ करने पर उनके द्वारा लूट की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया, तथा आरोपियों के कब्जे से घटना के दौरान प्रार्थी/मुर्तजरर से लूटे हुए डी0आई0 योद्धा वाहन, दो नग मोबाइल फोन व नगदी रकम 3200 रूपये, कुल किमती 4,08,200 रूपये तथा आरोपियों द्वारा घटना मे प्रयुक?त महिन्द्रा थार वाहन (करीबन 12 लाख रूपये) व मोबाईल एवं अन?य सामाग्री को बरामदगी की जाकर सभी 04 आरो?पियों को वैधानिक कार्यवाही करते हुए रात्रि में गिरफ्ता कर न्यायालय में न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त सपूर्ण कार्यवाही में वरिष?ठ अधिकारीयों के सतत मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी घुमका निरीक्षक अब्दुल समीर, सउनि? कोदूराम नागवंशी, महेश राजपूत, देवसत रामटेके, प्रधान आरक्षक टीकाराम पटेल, चन्द्रेश सिन्हा, किरण इंदौरिया, आरक्षक हिरेन्द्र देशमुख, दुर्गेश कुमार, चन्द्रप्रकाश साहू, केयूरभूषण यादव,तारकेश्वर साय, आनंद कुमार व सायबर सेल राजनांदगांव के निरीक्षक विनय पम्मार, प्रधान आरक्षक बसंत राव, आरक्षक प्रख्यात जैन, हरीश ठाकुर अमर प्रकाश भारती आदि की भूमिका सराहनीय रही है।

# बगौद पंचायत में पारदर्शिता पर सवाल, पंचों ने लगाए गंभीर आरोप

## सीसी रोड, मनरेगा, नाली, ओपन जिम से लेकर भुगतान तक पर उठाए सवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कुरूद 12 सितंबर।** ग्राम पंचायत बगौद में पंचायत के कामकाज को लेकर विवाद अब खुलकर सामने आ गया है। पंचों ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सरपंच दशोदा कमलेश साहू पर पंचायत के नियमों की अनदेखी और पंचों को विश्वास में लिए बिना काम कराने के आरोप लगाए। पंचों का कहना है कि पंचायत में काम पहले शुरू हो जाता है और प्रस्ताव बाद में सामने आता है। यहां तक कि पंचायत रजिस्टर में हस्ताक्षर कराने के बाद विषय जोड़े जाने का भी आरोप लगाया गया है। पंचों ने पंचायत के आय-व्यय, निर्माण कार्यों और भुगतान की जानकारी सार्वजनिक करने की मांग की है।पंच खमेश कुमार साहू, झरना साहू, जोगेंद्र पटेल, गीता बाई साहू, चुनेंद्र पटेल, फुलेश्वरी साहू और रेखा पटेल ने दावा किया कि करीब तीन माह से पंचायत की मासिक बैठक नहीं हुई है। उनका आरोप है कि बैठकें नियमित नहीं होने से निर्वाचित पंचों को पंचायत के निर्णयों और विकास कार्यों की जानकारी समय पर नहीं मिल रही है।वहीं सरपंच पति पर पंचायत का संचालन करने का आरोप है।पंचों ने पंचायत में बनाए गए सीसी रोड की गुणवत्ता पर सवाल खड़े किए। उनका आरोप है कि निर्माण को अभी एक साल भी पूरा नहीं हुआ और सड़क उखड़ने लगी है। बाजार चौक में बनी नई सीसी रोड पर बारिश के दौरान पानी जमा होने से डबरी जैसी स्थिति बनने की बात भी पंचों ने कही।उनका कहना है कि सड़क निर्माण में खर्च हुई राशि के साथ गुणवत्ता और तकनीकी मापदंडों की जांच कराई जानी चाहिए।पंच खमेश कुमार साहू ने आरोप लगाया कि अटल डिजिटल सुविधा केंद्र का निर्माण पंचायत प्रस्ताव के बिना कराया गया। वहीं पंच झरना साहू ने गांव से करीब डेढ़ किलोमीटर दूर च्वाइस सेंटर बनाए जाने पर सवाल उठाया। उनका कहना है कि गांव में जगह उपलब्ध होने के बावजूद ग्रामीणों से चर्चा किए बिना सेंटर का स्थान तय किया गया।ओपन जिम निर्माण को लेकर पंचों ने कहा कि कार्य पंचायत के प्रस्ताव में है, लेकिन निर्माण की राशि किस एजेंसी को भुगतान की गई, इसकी जानकारी उन्हें नहीं दी गई। पंचों ने प्रस्ताव, स्वीकृति, कार्यादेश, बिल-बाउचर और भुगतान का पूरा ब्यौरा पंचायत बैठक में रखने की मांग की।पंचों ने चेतावनी दी है कि शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन करेंगे और जरूरत पड़ने पर पंच पद से इस्तीफा भी देंगे।

### नाली सफाई में मजदूर काम कर रहे, लाखों के भुगतान का आरोप

मनरेगा कार्यों को लेकर पंचों ने सबसे गंभीर सवाल उठाए। उनका आरोप है कि मनरेगा मजदूरों से नाली की सफाई कराई जाती है, लेकिन नाली सफाई के नाम पर लाखों रुपए का आहरण किया जाता है। पंचों ने पहले भी मनरेगा कार्यों में मजदूरों के साथ मशीन का उपयोग किए जाने का आरोप लगाया था।उन्होंने कहा कि मजदूरों की उपस्थिति, मस्टररोल, कार्यस्थल और भुगतान की जांच से वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है।पंच चुनेंद्र पटेल, गीता बाई साहू, फुलेश्वरी साहू, रेखा पटेल और जोगेंद्र पटेल ने कहा कि उन्हें पंचायत के निर्माण कार्यों, नल-जल योजना की वसूली और खर्च सहित अन्य वित्तीय मामलों की पर्याप्त जानकारी नहीं दी जाती। पंचों ने पंचायत के पिछले कार्यकाल से अब तक के निर्माण कार्यों, मनरेगा कार्यों, प्रस्ताव रजिस्टर, आय-व्यय, बिल-बाउचर और भुगतान की स्वतंत्र जांच की मांग की है।पंचों ने कहा कि सरपंच का दायित्व पंचायत के कामकाज को नियमों के अनुसार चलाना और पंचों को विश्वास में लेकर निर्णय लेना है। उनका आरोप है कि उनकी राय और आपत्तियों को लगातार नजरअंदाज किया जा रहा है।

### भाई की दुकान को 80 हजार भुगतान का आरोप

पंचों ने हाईस्कूल में खिड़की-दरवाजा मरम्मत के नाम पर करीब 80 हजार रुपए खर्च किए जाने और भुगतान सरपंच के भाई की दुकान आरके इलेक्ट्रॉनिक्स के नाम किए जाने का आरोप लगाया। पंचों ने दावा किया कि पंचायत से इस फर्म को लाखों रुपए का भुगतान हुआ है। उन्होंने सभी भुगतान और बिल-बाउचर की जांच की मांग की।खमेश कुमार साहू ने सरपंच और सचिव पर विशेष ग्रामसभा के प्रस्ताव में कथित रूप से कूटरचना कर बाद में प्रस्ताव जोड़ने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि मामले की शिकायत कलेक्टर जनदर्शन, एसडीएम और जनपद पंचायत सीईओ से की गई है, लेकिन करीब डेढ़ माह बाद भी जांच शुरू नहीं हुई।

### फूड पार्क की कंपनियों को एनओसी और वसूली का भी सवाल

पंचों ने बगौद के फूड पार्क में संचालित उद्योगों और कंपनियों के एनओसी को लेकर भी पंचायत से जवाब मांगा। उनका आरोप है कि कंपनियों के एनओसी की जानकारी पंचायत की बैठकों में नहीं दी जाती। कुछ कंपनियों से अवैध वसूली किए जाने का आरोप भी पंचों ने लगाया है। उन्होंने संबंधित दस्तावेजों की जांच की मांग की।पंचों ने राष्ट्रीय पर्व 15 अगस्त के आयोजन के नाम पर दो बार राशि आहरित किए जाने का दावा किया। उन्होंने संबंधित वाउचर और भुगतान की जांच की मांग करते हुए कहा कि पंचायत के हर आय-व्यय का ब्यौरा बैठक में रखा जाना चाहिए।

# चातुर्मास पर रावतपुरा सरकार के दर्शन कर पुरंदर मिश्रा ने लिया आशीर्वाद



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर 12 सितंबर।** पवित्र चातुर्मास के शुभ अवसर पर मध्यप्रदेश के सागर स्थित वेदांती आश्रम में रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा ने सपत्नीक पहुंचकर पूज्य रावतपुरा सरकार के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर श्री मिश्रा ने पूज्य रावतपुरा सरकार से आध्यात्मिक मार्गदर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त करते हुए प्रदेशवासियों के सुख, समृद्धि, शांति एवं कल्याण की कामना की। उन्होंने कहा कि संतों का सान्निध्य और उनके आशीर्वचन जीवन को नई ऊर्जा, सकारात्मकता और सेवा की प्रेरणा प्रदान करते हैं।विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा ने कहा कि चातुर्मास भारतीय सनातन परंपरा में आत्मचिंतन, साधना, सेवा और आध्यात्मिक उन्नयन का विशेष पर्व है। इस पावन अवधि में संत-महात्माओं का दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त होना सौभाग्य की बात है। पूज्य रावतपुरा सरकार का सान्निध्य सदैव समाज को धर्म, संस्कार, सेवा और सद्भाव के मार्ग पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने कहा कि सनातन संस्कृति की परंपराएं हमारी आध्यात्मिक शक्ति और सामाजिक एकता का आधार हैं। संतों के मार्गदर्शन से समाज में सेवा, संस्कार और परोपकार की भावना और अधिक मजबूत होती है। इस दौरान सपत्नीक पूज्य रावतपुरा सरकार के दर्शन एवं आशीर्वाद प्राप्त कर विधायक श्री पुरन्दर मिश्रा ने स्वयं को धन्य महसूस किया और सभी के मंगलमय जीवन की प्रार्थना की।

# तेंदुए की चहलकदमी से मचा हड़कंप ग्रामीणों में दहशत का माहौल

- ढारा-घोटिया मार्ग पर देर रात राहगीरों को दिखा तेंदुआ, मोबाइल में कैद वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल
- वनांचल क्षेत्र में खौफ का साया, ग्रामीणों ने वन विभाग से गश्त बढ़ाने और सुरक्षा प्रबंधों की मांग की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 12 सितंबर।** वनांचल क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घोटिया और आसपास के गांवों में तेंदुए की लगातार चहलकदमी से ग्रामीणों में हड़कंप मचा हुआ है और गग्रामीण क्षेत्रों में दहशत का माहौल है। गुरुवार की देर रात ग्राम ढारा से घोटिया जाने वाले मार्ग पर सड़क किनारे राहगीरों को तेंदुआ विचरण करते दिखाई दिया। इस दौरान राहगीरों ने वाहन के भीतर से ही तेंदुए की गतिविधियों का वीडियो मोबाइल कैमरे में कैद कर लिया। जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। ग्रामीणों के अनुसार इलाके में तेंदुए की सक्रियता पिछले कई दिनों से बनी



हुई है। बताया जा रहा है कि आदमखोर रुख अपना रहे तेंदुए ने घरों की बाड़ियों में घुसकर अब तक तीन कुत्तों और एक किसान की गाय को अपना निवाला बना लिया है। मवेशियों पर लगातार हो रहे हमलों के बाद अब मुख्य मार्ग पर तेंदुए की प्रत्यक्ष मौजूदगी से ग्रामीणों की चिंता और बढ़ गई है। विशेष रूप से शाम ढलने के बाद ढारा-घोटिया मार्ग से आवागमन करने वाले राहगीरों, किसानों और मजदूरों में जान-माल की सुरक्षा को लेकर गहरा भय व्याप्त है। क्षेत्रवासियों ने वन विभाग के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि प्रभावित वनांचल क्षेत्र में तत्काल गश्त बढ़ाई जाए। पिंजरा लगाकर तेंदुए को सुरक्षित रेस्क्यू किया जाए तथा ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए पुख्ता उपाय सुनिश्चित किए जाएं।

# नशीली दवाओं के अंतरजिला नेटवर्क का पर्दाफाश, 7 तस्कर गिरफ्तार

**बलौदबाजार ,12 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले को पूर्णतः नशामुक्त बनाने और युवाओं के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन एवं एसडीओपी भाटापारा के मार्गदर्शन में बलौदाबाजार–भाटापारा पुलिस द्वारा नशे के अवैध सौदागरों के विरुद्ध 'जीरो टॉलरेंस' नीति के तहत विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना भाटापारा ग्रामीण एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम ने व्यावसायिक सूझबूझ और त्वरित रणनीति का परिचय देते हुए प्रतिबंधित नशीली दवाओं की अंतरजिला तस्करी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर 07 शातिर आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। सायबर तकनीकी डेटा एवं सर्विलांस से खुला नेटवर्कः– विगत दिनों क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की आवाजाही की गुप्त जानकारी मिलने पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर भाटापारा ग्रामीण पुलिस और सायबर सेल की एक विशेष टीम सक्रिय की गई। टीम ने अत्याधुनिक डिजिटल डेटा एनालिसिस, लोकेशन ट्रैकिंग और सैकड़ों संदिग्ध कॉल्स का गहराई से विश्लेषण कर अंतरजिला नेटवर्क के मूवमेंट को ट्रैक किया। सटीक सूचना मिली कि तस्कर सफेद रंग की कार (क्रमांक छ्त्र 07.क्र7007) में प्रतिबंधित दवाओं की बड़ी खेप लेकर ग्राम दतरेगा स्थित एक निर्माणाधीन मकान में स्थानीय स्तर पर डिलीवरी देने की तैयारी में हैं। त्वरित घेराबंदी एवं रंगे हाथों गिरफ्तारीः– सूचना पर तत्काल एक्शन लेते हुए पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से ग्राम दतरेगा में संदिग्ध स्थल की चारों तरफ से मजबूत घेराबंदी की। पुलिस की चौकसी के कारण आरोपियों को भागने या साक्ष्य नष्ट करने का कोई अवसर नहीं मिला।

# सिमगा के औरठी में स्वास्थ्य विभाग ने चलाया जनजागरूकता अभियान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा 12 सितंबर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय औरठी में स्वास्थ्य विभाग की ओर से जनजागरूकता अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता स्वास्थ्य विभाग सिमगा के उमेंद्र वर्मा सुपरवाइजर रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय-समय पर किए जाने वाले स्वास्थ्य परीक्षण, दवाइयों के वितरण और विभिन्न स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी दी गई। बच्चों को एचआईवी/एड्स से बचाव, नशे से दूर रहने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय कृमि मुक्ति अभियान के संबंध में भी जानकारी दी गई। विद्यार्थियों के बीच प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित कर विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य समाशंकर वर्मा ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।



# महाशिविर ज्वाल के साथ तृतीय सोपान निपुण प्रशिक्षण शिविर का समापन

- 244 स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर ने लिया प्रशिक्षण; अनुशासन, सेवा और नेतृत्व का दिया संदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कुरूद 12 सितंबर।** स्वामी विवेकानंद मंगल भवन कुरूद में आयोजित पांच दिवसीय जिला स्तरीय तृतीय सोपान निपुण प्रशिक्षण एवं परीक्षण शिविर का समापन महाशिविर ज्वाल कार्यक्रम के साथ हुआ। स्काउट-गाइड परंपरा, अनुशासन और सेवा भावना के अनुरूप आयोजित शिविर में जिलेभर से पहुंचे 244 प्रतिभागियों ने विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण प्राप्त किया। इनमें 77 स्काउट, 107 गाइड, 28 रोवर और 32 रेंजर शामिल रहे।समापन समारोह की मुख्य अतिथि कुरूद नगर पालिका अध्यक्ष ज्योति भानु चंद्राकर थीं। अध्यक्षता स्थानीय संघ अध्यक्ष मनीष साहू ने की।ज्योति भानु चंद्राकर ने कहा कि स्काउट-गाइड का प्रशिक्षण बच्चों और युवाओं में अनुशासन,



आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता तथा सेवा भावना विकसित करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। स्काउटिंग केवल एक गतिविधि नहीं, बल्कि जीवन जीने की ऐसी कला है, जो विपरीत परिस्थितियों में भी धैर्य और साहस के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई प्राथमिक चिकित्सा, आपदा प्रबंधन, पायोनियरिंग, ध्वज शिष्टाचार और टीम भावना जैसी विधाएं जीवन के हर क्षेत्र में उपयोगी साबित होती हैं।मनीष साहू ने कहा कि आज देश को ऐसे युवाओं की जरूरत है, जिनमें शिक्षा के साथ संस्कार, जिम्मेदारी और राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना हो। स्काउट-गाइड आंदोलन युवाओं को समाज और राष्ट्र की सेवा के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों से शिविर में सीखी बातों को अपने जीवन में उतारने और जरूरतमंदों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया।

### लोकसंस्कृति और देशभक्ति की प्रस्तुतियों से हुआ समापन

समापन अवसर पर प्रतिभागियों ने छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति और देशभक्ति पर आधारित मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। महाशिविर ज्वाल की शुरुआत कैम्प फायर से हुई।अतिथियों का स्कार्फ पहनाकर सम्मान किया गया तथा प्रतीक चिन्ह भेंट किए गए।विशिष्ट अतिथियों में एबीईओ डीके साहू, स्थानीय संघ धमतरी के अध्यक्ष नेतुराम यादव, नेमलाल गंगेले, कृष्णकांत साहू, राजेश शर्मा, राजेश पांडेय, ज्योति मगर, श्रवण साहू एवं एनके साहू शामिल रहे। शिविर को सफल बनाने में दीनानाथ पांडे, दीपमाला साहू, चोवालाल धीवर, ऐश कुमार साहू, बालमुकुंद साहू, वीणा खत्री, अरुणा नेताम शशिकांत साहू एवं हरिश्चंद्र नेताम सहित अन्य स्काउटर गाइडर सक्रिय रूप से जुटे रहे।

### पाठ्यक्रम के साथ कराया सामूहिक अभ्यास

शिविर संचालक एवं जिला संघ अध्यक्ष डॉ गणेश प्रसाद साहू ने प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए बताया कि पांच दिनों तक प्रतिभागियों को स्काउट-गाइड के निर्धारित पाठ्यक्रम के साथ व्यावहारिक प्रशिक्षण और परीक्षण दिया गया।शिविर का उद्देश्य प्रतिभागियों को राज्यपाल पुरस्कार के लिए तैयार करने के साथ उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना रहा। संचालन एवं प्रशिक्षण व्यवस्था में 14 सदस्यीय संचालक मंडल ने सेवाएं दीं। सहायक शिविर संचालक मंजूषा साहू एवं मुख्य परीक्षक गाइड विंग की भूमिका में रहीं।शिविर में प्रवेश, नियम, प्रतिज्ञा, आदर्श वाक्य, स्काउट-गाइड चिन्ह, सैल्यूट, बायां हाथ मिलाना, स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर गणवेश, राष्ट्रध्वज, भारत स्काउट गाइड ध्वज एवं विश्व स्काउट गाइड ध्वज की जानकारी दी गई। प्रार्थना, झंडा गीत, राष्ट्रगान, प्राथमिक चिकित्सा, अनुमान लगाना, पायोनियरिंग, बीपी-6, सीटी संकेत, खोज चिन्ह, टोली पद्धति, मानसभा, कोर्ट ऑफ ऑनर, टोली निरीक्षण और विभिन्न प्रकार की रस्सी की गांठों का भी व्यावहारिक अभ्यास कराया गया।

# गणेशोत्सव को लेकर तिल्दा-नेवरा में उत्साह चरम पर, अंतिम दौर में पंडालों की तैयारियां

**तिल्दा-नेवरा 12 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** गणेश चतुर्थी पर्व को लेकर तिल्दा-नेवरा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में उत्साह चरम पर है। नगर के विभिन्न सार्वजनिक चौकों और मोहल्लों में गणेश पंडालों को अंतिम रूप देने का काम तेजी से चल रहा है। आकर्षक साज-सज्जा, विद्युत रोशनी और विभिन्न थीम पर आधारित पंडालों के निर्माण को लेकर समितियां तैयारियों में जुटी हुई हैं। इस वर्ष नगर में गणेशोत्सव के दौरान गणेश प्रतिमाओं, पंडालों की सजावट, विद्युत व्यवस्था और अन्य आयोजनों पर करोड़ों रुपये खर्च होने का अनुमान लगाया जा रहा है। बड़े-बड़े पंडालों के साथ आकर्षक झांकियां और भव्य सजावट श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनने वाली हैं नगर के प्रमुख सार्वजनिक चौकों पर गणेश पंडालों की तैयारियां अब अंतिम चरण में पहुंच गई हैं। मूर्तिकारों द्वारा गणेश प्रतिमाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है, वहीं समितियों के सदस्य पंडालों की साज-सज्जा और विद्युत व्यवस्था को पूरा करने में जुटे हैं। बाजारों में भी गणेश प्रतिमाओं और पूजन सामग्री की मांग बढ़ गई है। गणेशोत्सव को देखते हुए शासन-प्रशासन ने सभी गणेशोत्सव समितियों से पर्व को शांतिपूर्ण, सौहार्दपूर्ण और अनुशासित तरीके से मनाने की अपील की है। समितियों से निर्धारित नियमों का पालन करने, यातायात व्यवस्था में सहयोग करने तथा ध्वनि विस्तारक यंत्रों का निर्धारित सीमा में उपयोग करने का आग्रह किया गया है। प्रशासन की ओर से यह भी अपेक्षा की गई है कि गणेशोत्सव के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो और धार्मिक आयोजन सामाजिक सौहार्द एवं भाईचारे का संदेश दें। गणेशोत्सव को लेकर नगर में जिस तरह तैयारियां चल रही हैं।

## विपक्ष को कभी बुलाया नहीं गया तो क्यों बुलाया जाना चाहिए

कांग्रेस देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी है,कई दशकों तक उसने देश पर शासन किया है,उसके पास सभी तरह का अनुभव है ।उसके नेता जब किसी विषय पर कनफ्यूज रहते हैं तो देश के लोगों को बड़ी हैरानी होती है कि कांग्रेस के नेताओं को क्या हो गया है ।उनको किसी विषय पर कुछ कहना होता है तो वह आपस में पहले विचार विमर्श क्यों नहीं करते हैं कि एक पार्टी के तौर पर हमको क्या कहना है ।कहा जाता है कि कुछ कहने के पहले अच्छे से सोचविचार कर लेना चाहिए ताकि जो कहा जाए वह गलत न हो,वह हास्यास्पद न हो। गलत कहने के बाद सफाई न देनी पड़े ।कांग्रेस नेताओं के बयानों से तो लगता है कि वह सोचविचार कर नही कर रहे हैं, पार्टी के भीतर यह कोई तय करने वाला नहीं है कि किसी अहम मामले में पार्टी का मत क्या है ।यही वजह है कि कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता कुछ कहते हैं और दूसरा वरिष्ठ नेता कुछ और कहता है ।ब्रिक्स को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी.चिदंबरम कुछ कहते है तो दूसरे वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद कुछ और कहते हैं ।इससे देश के लोगों को पता नहीं चलता है ब्रिक्स को लेकर कांग्रेस का मत क्या है।

देश में ब्रिक्स के आयोजन को लेकर चिदंबरम ने कहा है कि इस तरह के सम्मलेन व समूह की कोई उपयोगिता नहीं है,इससे भारत को कोई ठोस फायदा नहीं मिला है ।चिदंबरम का मानना है कि उन्हें नही लगता है कि पिछले दो तीन ब्रिक्स सम्मेलनों का भारत को कोई ठोस फायदा हुआ है ।उनका यह भी कहना है कि भारत ब्रिक्स के अलावा एससीओ,जी-२०,क्वाड का भी हिस्सा है ।इन समूहों से भारत को क्या लाभ मिल रहा है ।यह उनको नजर नहीं आता है ।वहीं कांग्रेस के एक और वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद कहते हैं कि ब्रिक्स पर सरकार का एकाधिकार नहीं है। दिल्ली समिट में विपक्ष को शामिल करना चाहिए ।सलमान खुर्शीद ने दिल्ली में हो रहे ब्रिक्स समिट में भारत का प्रतिनिधित्व पूरे देश का होने की वकालत की है, जिसमें केंद्र सरकार के साथ विपक्ष की भी भागीदारी हो। उन्होंने ब्रिक्स को दुनिया की आधी आबादी और उभरती अर्थव्यवस्थाओं का प्रतीक बताते हुए कहा कि यह ग्लोबल नॉर्थ और ग्लोबल साउथ के बीच एक महत्वपूर्ण पुल है, जिसकी अध्यक्षता में भारत की ज़िम्मेदारी बढ़ जाती है। खुर्शीद ने 12-13 सितंबर को होने वाली दिल्ली समिट में विपक्ष को शामिल कर इसे एक राष्ट्रीय प्रतिनिधित्व का स्वरूप देने की अपील की ।सीनियर कांग्रेस नेता और पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद ने गुरुवार को कहा कि 18वें ब्रिक्स समिट में भारत का प्रतिनिधित्व सिर्फ़ केंद्र सरकार का नहीं, बल्कि पूरे देश का होना चाहिए। उन्होंने केंद्र सरकार से अपील की कि 12-13 सितंबर को नई दिल्ली में होने वाले इस समिट के लिए बातचीत में विपक्ष को भी शामिल किया जाए।

ब्रिक्स को लेकर दोनों नेताओं के बयानों से तो ऐसा लगता है कि कांग्रेस को लगा कि चिदंबरम ने जो बयान दिया है, वह ठीक नहीं है,इससे कांग्रेस को नुकसान हो सकता है कि कांग्रेस कैसे ब्रिक्स जैसे आयोजन का विरोध कर रही है। जबकि कांग्रेस के समय भी एक बार देश में ब्रिक्स का आयोजन हो चुका है। ऐसे में तो सवाल उठ सकता है कि कांग्रेस आज कह रही है कि ब्रिक्स से तो भारत को कोई फायदा नहीं हुआ है जब कांग्रेस का मालूम है कि भारत से ब्रिक्स से कोई फायदा नहीं होना है तो उसने आयोजन क्यों किया था ।यही वजह है कि अब हो चुके नुकसान की भरपाई के लिए कांग्रेस नेता सलमान खुर्शीद सामने आए हैं और वह इस देश के लिए अहम आयोजन बता रहे हैं। इतना अहम आयोजन बता रहे हैं कि उन्होंने कांग्रेस की तरफ से मांग कर दी है कि दिल्ली समिट में सिर्फ सरकार की भागीदारी नहीं होनी चाहिए, उसमें विपक्ष को भी शामिल किया जाना चाहिए। सलमान खुर्शीद की मांग को सरकार मान भी सकती थी लेकिन यह तो तब ही हो सकता था जब कांग्रेस ने उसके समय में हुए ब्रिक्स सम्मेलन में उस वक्त विपक्ष में रहे भाजपा को बुलाया होता। आने का निमंत्रण दिया होता। कांग्रेस ने बिक्स समिट में विपक्ष को शामिल करने की परंपरा अपने समय में शुरू की होती तो आज उसे ब्रिक्स समिट में बुलाने की मांग नहीं करनी पडती है,वह तो अधिकारपूर्वक शामिल होती ।कांग्रेस ने अपने समय में हुए ब्रिक्स समिट में विपक्ष को बुलाना जरूरी नहीं समझा इसलिए आज वह मांग भी करेगी तो उसे सम्मेलन मे बुलाना सरकार के लिए संभव नहीं हो सकता क्योंकि परंपरा ही नहीं है ।वैसे भी ब्रिक्स के सम्मेलनों में हर देश के विपक्ष के नेताओं को बुलाया नहीं जाता है क्योंकि ब्रिक्स एक अंतर सरकारी संगठन है ।इसमें केवल सदस्य देशों के राष्ट्राध्यक्ष,मंत्री या अधिकारिक रूप से आमंत्रित किए गए अन्य देश,संगठन प्रमुख ही शामिल होते हैं। कुटनीति के नियमों के तहत भी विपक्ष के नेताओं को ऐसे सम्मेलनों में नहीं बुलाया जाता है ।राहुल गांधी सहित बहुत से कांग्रेस नेताओं को पीएम मोदी का देश के भीतर हो या देश के बाहर कद को ऊंचा होते हुए देख नही पाते हैं,उनसे सहन नहीं होता है कि इस आदमी को देश के भीतर व बाहर इतना सम्मान क्यों मिल रहा है ।जब भी कोई अंतर्राष्ट्रीय आयोजन होता है तो उसमें पीएम मोदी को बुलाया जाता है तो इससे पीएम मोदी का कद विश्व में ऊंचा होता है, जब भी कोई अंतर्राष्ट्रीय आयोजन देश में होता है तो इससे भी पीएम मोदी का कद ऊंचा होता है ।देश का नाम होता है,विश्व के देशों से अच्छे संबंध बनते हैं ।देश को लाभ तत्काल न हो लेकिन भविष्ट में तो ऐसे आयोजनों से देश को लाभ ही हुआ है। कांग्रेस को पीएम मोदी से नफरत के कारण देश को होने वाला लाभ भी नहीं दिखाई देता है. यह बुरी बात है ।दिल्ली में ब्रिक्स का आयोजन हो रहा है तो इससे देश को भविष्य में होने वाले लाभ को देखना चाहिए और सबको इसका स्वागत करना चाहिए।

### सू- दोकू क्र.158

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.157 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |

### शब्द सामर्थ्य - 158

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. घुमाव-फिराव वाला, आड़ा-तिरछा, जो कठिन हो 3. कुशलता, दक्षता, विशेषज्ञता 6. लोग, प्रजा 7. सीता, जनकनंदनी 9. सुंदर, कामना करने योग्य 10. क्रोधपूर्वक बोलने को उद्यत होना, जोश में आना, क्रोधातिरेक में चेहरे का लाल होना 13. अधीनता, मातहती, वश 14. दबाव, भार, वजन 16. हद, मर्यादा 18. प्रमाण-पत्र, प्रमाणिक कथन या बात 19. पछताना (मुहा.) 21. अनुचित मिश्रण, मिलावट 22. विफल, बेहोश, बौखलाया हुआ।

**ऊपर से नीचे**

1. सहारा, आश्रय, प्रतिज्ञा, संकल्प 2. परिश्रम 4. रात, रात्रि, निशा 5. पुत्र, बेटा 8. मूल्य, दाम 9. कपड़े का मोटा परदा 11. संदेश भेजना, उच्चारण कराना, कहलवाना 12. मृतकों को जीवित और रोगियों को स्वस्थ कर देने वाला व्यक्ति, प्रेमपात्र की संज्ञा 14. देने की क्रिया, खैरात 5. कुमार्गी, दुराचारी 17. मस्तक, माथा, ललाट 18. प्रश्न, समस्या 20. सहायता, सहारा 21. पशुओं को खिलाने वाली हरी पत्तियां, तृण, तिनका।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 157 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | द्दो | जे | ह | द | ■ | स | पू | त |
| ल | ■ | ब | ल | वा | न | ■ | ■ | द |
| म | ह | क | ■ | खा | म | खां | ■ | बी |
| ग्न | ■ | त | ल | ना | ■ | स | फ | र |
| ■ | म | रा | ■ | ■ | ■ | ना | टा | ■ |
| ■ | हि | ■ | स | ■ | ■ | ■ | फ | न |
| ■ | ला | ज | वा | ब | ■ | म | ट | र |
| मां | ■ | ग | ■ | सं | त | ति | ■ | भ |
| ■ | मा | त | ह | त | ■ | ■ | प | क्षी |

**अवसर**

# भारत के लिए अवसर और चुनौतियों का नया मंच

**डॉ. सत्यवान सौरभ**



ब्रिक्स आज केवल उभरती अर्थव्यवस्थाओं का आर्थिक समूह नहीं, बल्कि बदलती विश्व व्यवस्था में वैश्विक दक्षिण की आवाज को प्रभावी बनाने वाला महत्वपूर्ण मंच बन चुका है। मूल रूप से ब्राजील, रूस, भारत और चीन से बने 'ब्रिक' में 2011 में दक्षिण अफ्रीका के शामिल होने के बाद इसका नाम ब्रिक्स हुआ। 2024 में मिस्र, इथियोपिया, ईरान और संयुक्त अरब अमीरात इसके पूर्ण सदस्य बने तथा जनवरी 2025 में इंडोनेशिया भी पूर्ण सदस्य के रूप में शामिल हुआ। इस विस्तार के साथ ब्रिक्स अब 11 प्रमुख उभरती अर्थव्यवस्थाओं का समूह है। भारत के लिए वर्ष 2026 विशेष महत्व रखता है, क्योंकि भारत ने 1 जनवरी 2026 से ब्रिक्स की अध्यक्षता संभाली है और नई दिल्ली में 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी प्रस्तावित है। भारत की अध्यक्षता का केंद्रीय दृष्टिकोण लचीलापन, नवाचार, सहयोग और सतत विकास पर केंद्रित है। यह अध्यक्षता भारत को केवल आयोजक की भूमिका नहीं देती, बल्कि समूह की प्राथमिकताओं और भविष्य की दिशा को प्रभावित करने का अवसर भी प्रदान करती है। ब्रिक्स का सबसे बड़ा महत्व भारत की रणनीतिक स्वायत्तता को मजबूत करने में है। भारत लंबे समय से ऐसी विदेश नीति का समर्थन करता रहा है जिसमें किसी एक शक्ति-गुट पर निर्भरता के बजाय विभिन्न देशों और मंचों के साथ अपने राष्ट्रीय हितों के अनुरूप संबंध बनाए जाएँ। ब्रिक्स में चीन और रूस जैसे देशों के साथ भारत की भागीदारी है, वहीं भारत अमेरिका, यूरोप, जापान और अन्य शक्तियों के साथ भी समानांतर रूप से सहयोग करता है। इस प्रकार ब्रिक्स भारत की बहु-संरेखीय विदेश नीति को व्यावहारिक आधार प्रदान करता है। ब्रिक्स का दूसरा महत्वपूर्ण पक्ष वैश्विक दक्षिण की आवाज को मजबूती देना है। अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं में आज भी अनेक निर्णय ऐसी संरचनाओं के भीतर लिए जाते हैं, जिनमें विकासशील देशों का प्रतिनिधित्व उनकी आर्थिक और जनसंख्या संबंधी भूमिका के अनुरूप नहीं है। भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक जैसी संस्थाओं में सुधार की आवश्यकता लगातार उठाता रहा है। ब्रिक्स के माध्यम से विकासशील देश सामूहिक रूप से अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण और न्यायसंगत वैश्विक शासन व्यवस्था की मांग को मजबूत कर सकते हैं। आर्थिक दृष्टि से भी ब्रिक्स भारत के लिए महत्वपूर्ण है। विस्तृत सदस्यता का अर्थ है बड़े बाजारों, निवेश, ऊर्जा, व्यापार, प्रौद्योगिकी और आपूर्ति श्रृंखलाओं में सहयोग की नई संभावनाएँ। भारत के लिए यह अवसर विशेष रूप से इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि वैश्विक अर्थव्यवस्था में संरक्षणवाद, व्यापारिक तनाव और आपूर्ति श्रृंखला के पुनर्गठन की प्रवृत्ति बढ़ रही है। ब्रिक्स के भीतर व्यापारिक बाधाओं को कम करने और भुगतान प्रणालियों को अधिक सुविधाजनक बनाने पर सहयोग भारत के आर्थिक हितों को




लाभ पहुँचा सकता है। स्थानीय मुद्राओं में व्यापार और सीमा-पार भुगतान प्रणालियों पर सहयोग की संभावनाएँ भी इस दिशा में महत्वपूर्ण हैं।

विकास वित्त के क्षेत्र में न्यू डेवलपमेंट बैंक ब्रिक्स की महत्वपूर्ण उपलब्धियों में शामिल है। इसका उद्देश्य बुनियादी ढाँचे और सतत विकास से जुड़ी परियोजनाओं के लिए वित्त उपलब्ध कराना है। विकासशील देशों के लिए ऐसी संस्थाएँ इसलिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि वे पारंपरिक वैश्विक वित्तीय संस्थाओं के विकल्प और पूरक दोनों के रूप में काम कर सकती हैं। भारत के लिए इसमें परिवहन, ऊर्जा, शहरी विकास, जलवायु और हरित बुनियादी ढाँचे से जुड़ी परियोजनाओं के लिए सहयोग की व्यापक संभावनाएँ हैं।

लेकिन ब्रिक्स के सामने चुनौतियाँ भी कम नहीं हैं। सबसे बड़ी चुनौती इसके सदस्य देशों के विविध और कई बार परस्पर विरोधी रणनीतिक हित हैं। भारत और चीन के बीच सीमा विवाद तथा व्यापक रणनीतिक प्रतिस्पर्धा किसी भी गहरे राजनीतिक या सुरक्षा सहयोग को प्रभावित कर सकती है। रूस-पश्चिम संघर्ष, पश्चिम एशिया की परिस्थितियाँ और अमेरिका-चीन प्रतिद्वंद्विता जैसे वैश्विक घटनाक्रम भी ब्रिक्स के भीतर मतभेद पैदा कर सकते हैं। दूसरी चुनौती है विस्तार के बाद समन्वय की जटिलता। जब समूह छोटा था, तब साझा दृष्टिकोण बनाना अपेक्षाकृत आसान था। अब 11 पूर्ण सदस्यों और अलग-अलग स्तर के साझेदार देशों के साथ निर्णय-निर्माण अधिक जटिल हो गया है। प्रत्येक देश की आर्थिक संरचना, राजनीतिक प्राथमिकताएँ और विदेश नीति अलग हैं। इसलिए केवल संख्या बढ़ाना पर्याप्त नहीं; साझा एजेंडा और प्रभावी संस्थागत तंत्र भी आवश्यक है।

एक और गंभीर चुनौती यह है कि ब्रिक्स को कहीं पश्चिम-विरोधी गठबंधन के रूप में देखने की प्रवृत्ति न बढ़ जाए। यदि समूह को केवल अमेरिका और पश्चिमी देशों के विकल्प या प्रतिद्वंद्वी के रूप में प्रस्तुत किया गया, तो उसके विकासात्मक और आर्थिक उद्देश्यों को नुकसान पहुँच सकता है। भारत के हित में यही होगा कि ब्रिक्स को किसी के विरुद्ध खड़े गुट के बजाय बहुध्रुवीय और समावेशी सहयोग मंच के रूप में विकसित किया जाए। भारत की 2026 की अध्यक्षता इस संदर्भ में एक महत्वपूर्ण अवसर है। भारत को घोषणाओं से आगे बढ़कर व्यावहारिक परिणामों पर जोर देना चाहिए। व्यापार और निवेश, डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वास्थ्य, कृषि, ऊर्जा, जलवायु परिवर्तन, आपदा प्रबंधन और सतत विकास जैसे क्षेत्रों में ठोस परियोजनाएँ शुरू की जा सकती हैं। न्यू डेवलपमेंट बैंक की कार्यक्षमता और परियोजना-वित्त क्षमता को मजबूत करना भी प्राथमिकता होनी चाहिए।

अंततः ब्रिक्स की सफलता इस बात से तय होगी कि वह वैश्विक राजनीति में कितने प्रभावशाली बयान जारी करता है, इससे अधिक महत्वपूर्ण यह है कि वह कितना व्यावहारिक सहयोग पैदा करता है। भारत के लिए ब्रिक्स रणनीतिक स्वायत्तता, आर्थिक अवसर, वैश्विक दक्षिण की सामूहिक शक्ति और अधिक प्रतिनिधित्वपूर्ण विश्व व्यवस्था की दिशा में महत्वपूर्ण मंच है। इसकी विविधता चुनौती अवश्य है, लेकिन वही इसकी शक्ति भी बन सकती है। भारत को अपनी अध्यक्षता के दौरान सहमति, संवाद और विकास को केंद्र में रखकर ब्रिक्स को ऐसा मंच बनाना चाहिए, जो किसी शक्ति के विरुद्ध नहीं, बल्कि समानता, सहयोग और संतुलित बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के पक्ष में खड़ा हो।

ब्रिक्स भारत के लिए केवल कूटनीतिक मंच नहीं, बल्कि बदलती विश्व व्यवस्था में अपनी स्वतंत्र और प्रभावशाली भूमिका को आकार देने का अवसर है। यदि भारत अपनी अध्यक्षता को व्यावहारिक सहयोग, वैश्विक दक्षिण की एकजुटता और संतुलित कूटनीति से जोड़ने में सफल होता है, तो ब्रिक्स की नई दिशा में उसकी भूमिका निर्णायक हो सकती है।

# देश में घूम रहे लाखों दिमाग़ी नफ़रती 'स्वतंत्र'

**निर्मल रानी**



इन दिनों स्वतंत्र भारद्वाज नामक एक 21 वर्षीय नवयुवक अपने कुछ अति नफ़रती पॉडकास्ट की वजह से चर्चा में है। मूल रूप से बिहार के दरभंगा के ग्रामीण परिवेश में पला बढ़ा यह नवयुवक दिल्ली विश्वविद्यालय का छात्र भी रहा है। वह खुद को कट्टर हिंदुत्ववादी विचारधारा से जुड़ा हुआ बताता है और कई हिंदू संगठनों और गोरक्षकों के साथ मिलकर सक्रिय रूप से काम भी करता रहा है। पिछले दिनों इसने एक यूट्यूब चैनल के पॉडकास्ट में अपना संगीन जुर्म क़ुबूल करते हुये जो ख़ुलासे किये और जिसतरह नफ़रत का ज़हर उगला वह देश के शांतिप्रिय समाज को हैरान करने वाले थे। पॉडकास्ट में स्वतंत्र भारद्वाज ने बड़ी ही बेबाकी और गर्व के साथ हंसते हुए यह दावा किया कि उसने जंतर-मंतर पर प्रदर्शन काक्रोच जनता पार्टी के प्रदर्शन के दौरान निशु आज़ाद के पिता संजय कुमार का सिर फोड़ दिया था। उसने यह भी कहा कि पीड़ित को गंभीर चोट आई थी और लगभग 60 टांके लगे थे। उसने आगे कहा कि ऐसी चोट पर अमूमन धारा 307 (हाफ़ मर्डर/हत्या का प्रयास) लगती है। फिर उसने बड़ी शान से कहा कि 'बंदा एम्बुलेंस से अस्पताल जा रहा था', लेकिन वह खुद अगले ही दिन बाहर आ गया और उसे एक रात भी जेल में नहीं बितानी पड़ी। इसी पॉडकास्ट में उसने यह दावा भी किया कि पीएम मोदी,बीजेपी नेता कपिल मिश्रा और केंद्रीय मंत्री चिराग़ पासवान आदि उसके "बड़े भाई" जैसे हैं। उसका कहना था कि इन बड़े नेताओं और रसूख़दारों के फ़ोन आने पर और उनकी पैरवी के दबाव में दिल्ली पुलिस ने उसे छोड़ दिया था। उसने पॉडकास्ट में छात्रा व एक्टिविस्ट निशु आज़ाद को भी धमकाते हुए कहा कि "अब निशु अगला टारगेट है और सारी फ़ील्डिंग सेट है"। स्वतंत्र भारद्वाज ने इंटरव्यू के दौरान मुस्लिम समुदाय के प्रति अपनी गहरी नफ़रत भी ज़ाहिर की थी। उसने कहा कि वह मौक़ा खोजता है कि कोई मुस्लिम ग़लती करे तो वह उनका "इलाज" करे। उसने गोल टोपी और दाढ़ी वाले लोगों को लेकर बेहद आपत्तिजनक और विवादित बयान भी दिए थे। आज देश की धर्मनिरपेक्षता व संविधान का सम्मान करने वाला देश का एक बड़ा वर्ग भले ही 'स्वतंत्र' की बातों व उसके दुस्साहस का विरोध क्यों न कर रहा हो परन्तु इसके बावजूद भी चंद नफ़रती दक्षिणपंथी लोगों का समुह उसके




समर्थन में भी नज़र आया। इस नफ़रती ज़हरीले युवक को कांग्रेस,राहुल गाँधी,काक्रोच जनता पार्टी कार्यकर्ताओं व सांसद चंद्रशेखर आज़ाद जैसे लोगों के भारी दबाव व प्रदर्शन के बाद फ़िलहाल गिरफ़्तार किये जाने की ख़बर है। किसी दक्षिणपंथी व्यक्ति के नफ़रत और आपराधिक क़ुबूलनामे का यह पहला वीडिओ नहीं है। याद कीजिये गुजरात दंगों के बारे में साल 2007 में 'तहलका' पत्रिका के पत्रकार आशीष खेतान द्वारा किए गए 'ऑपरेशन कलंक' नामक स्टिंग ऑपरेशन में, बजरंग दल के तत्कालीन गुजरात प्रमुख बाबू बजरंगी उर्फ़ बाबूभाई पटेल ने कैमरे पर 2002 के नरोदा पाटिया नरसंहार में अपनी सीधी भूमिका और बेहद ख़ौफ़नाक अपराधों में अपनी संलिप्तता को इसी तरह क़ुबूल किया था। बाबू बजरंगी ने बड़ी ही क्रूरता और गर्व के साथ हंसते हुए और छाती ठोककर स्वीकार किया था कि उसने नरोदा पाटिया में लोगों को बेरहमी से काटा और ज़िंदा जलाया था। उसने कहा था, "हमें मारने में बहुत मज़ा आया... ऐसा लगा जैसे हम महाराणा प्रताप हैं।" उसने कैमरे पर दावा किया था कि उसने कौसर बानो नामक एक नौ महीने की गर्भवती मुस्लिम महिला के पेट को तलवार से चीर दिया था। उसने बताया था कि कैसे दंगाइयों की भीड़ ने नरोदा पाटिया इलाक़े को चारों तरफ़ से घेर लिया था ताकि कोई भी मुस्लिम बचकर भाग न सके। उसने पूरे इलाक़े को आग के हवाले करने की बात भी स्वीकार की थी। बजरंगी ने क़बूल किया था कि गोधरा कांड का बदला लेने के लिए उसने ख़ुद रिवॉल्वर, तलवारें और हथियार बांटे थे। उसने अपनी एक गन फ़ैक्ट्री होने और वहां बड़ी मात्रा में डीज़ल बम तथा पाइप बम बनाकर हिंदुओं को सप्लाई करने की बात भी कही थी। उसने यह दावा भी किया था कि दंगों के दौरान राज्य की पुलिस मूकदर्शक बनी रही और उनका पूरा साथ दे रही थी। उसने यह भी दावा किया था कि दंगों के बाद जब उसकेख़िलाफ़ मामले दर्ज हुए, तो तत्कालीन मुख्यमंत्री ( नरेंद्र मोदी ) ने उसे सुरक्षित जगहों पर छिपने और क़ानूनी राहत दिलाने में मदद की थी। इसी ऑन-कैमरा क़बूलनामे और अन्य चश्मदीदों के बयानों को मुख्य आधार बनाकर ही अदालत ने 2012 में बाबू बजरंगी को दोषी ठहराया और आजीवन कारावास की सज़ा सुनाई थी, जिसे बाद में गुजरात हाई कोर्ट ने भी बरक़रार रखा। यह और बात है कि सुप्रीम कोर्ट ने उसे मार्च 2019 में ख़राब स्वास्थ्य और मेडिकल ग्राउंड पर सशर्त ज़मानत दे दी थी। जेल प्रशासन और डॉक्टरों की रिपोर्ट के मुताबिक़ बाबू बजरंगी की आंखों की रोशनी लगभग 100 प्रतिशत ख़त्म हो चुकी है और वह पूरी तरह से दृष्टिहीन हो चुका है।

साथ ही उसकी बायपास सर्जरी भी हो चुकी है। इसी ख़राब शारीरिक स्थिति को आधार बनाते हुए अदालत ने उसे मानवीय आधार पर रिहा करने का आदेश दिया था। इसके अलावा साल 2023 में गुजरात दंगों से ही जुड़े नरोदा गाम नरसंहार मामला में भी कोर्ट ने बाबू बजरंगी सहित सभी आरोपियों को बरी कर दिया था। नरोदा पाटिया मामले में उसकी दोष सिद्धि बरक़रार है, लेकिन वह जेल से बाहर अपनी ज़मानत की अवधि पर है। आज देश की धर्मनिरपेक्षता व संविधान का सम्मान करने वाला देश का एक बड़ा वर्ग भले ही 'स्वतंत्र' की बातों व उसके दुस्साहस का विरोध क्यों न कर रहा हो पांच इसके बावजूद भी चंद लोगों का समुह उसके समर्थन में भी नज़र आया। इस 'नफ़रती गिरोह ' को आख़िर खाद पानी कहाँ से मिलता है ? यही वह 'दिमाग़ी नफ़रती ' के संरक्षक हैं जिन्होंने समय समय पर कभी माया कोडनानी को तो कभी बाबू बजरंगी को कभी जयदीप पटेल तो कभी प्रह्लाद गोसा व दयाभाई पटेल जैसे गुजरात दंगों के 67 प्रमुख आरोपी सत्ता के सहारे बचाए गए। यही वह नफ़रती तंत्र है जिसकी वजह से एहसान जाफरी को ज़िंदा जला देने वाले बिपिन पटेल और पुलिस निरीक्षक के जी एर्दा आदि सब बाइज्जत बरी हो गए। इसी के द्वारा बेस्ट बेकरी काण्ड में 14 मासूमों को जलाकर खाक कर देने वाले सभी बरी हो गए थे। इसी नफ़रती तंत्र ने बिल्किस बानो के 11 सज़ायाफ़्ता बलात्कारी रिहा कर दिए थे जिसे भारी जनाक्रोश के बाद सुप्रीम कोर्ट ने पुनः जेल भेजा। दरअसल देश की सामाजिक एकता व सद्भाव को तहस नहस करने वाले सत्ता संरक्षित यही भारतीय दक्षिणपंथी हैं। ऐसे हिंसक एजेंडे वाले सभी संगठनों व समूहों को भंग करने और कानून के अनुसार उनपर मुकदमा चलाने की जरूरत है। यदि हम गाँधी के विचारों का भारत चाहते हैं तो हमें अपनी बहुलवादी समन्वयवादी परंपरा पर ऐसे हमलों को शांतिपूर्ण ढंग से नकारने के लिए बौद्धिक रूप से सुसज्जित और नैतिक रूप से तैयार एक नागरिक समाज की आवश्यकता है। और यह एक ऐसा काम है जिसे देश को एकजुट होकर पूरा करना पड़ेगा। छात्रों और युवाओं को अपनी वैचारिक, राजनीतिक प्रवृत्तियों की परवाह किए बिना इस सार्थक अभियान का नेतृत्व करना होगा और वैमनस्यवादियों का जवाब देना होगा। क्योंकि दुर्भाग्यवश ऐसे और भी अनेक उदाहरण हैं जिनसे पता चलता है कि आज एक 'स्वतंत्र भारद्वाज' ही नहीं बल्कि देश में लाखों दिमाग़ी नफ़रती 'स्वतंत्र ' घूम रहे हैं।

### राजनीति

मेष-आज का दिन आपके लिए काफी अनुकूल रहने वाला है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थल की यात्रा का योग बन सकता है। इस दौरान नए लोगों से मुलाकात होगी, जिनसे भविष्य में आपको महत्वपूर्ण मदद मिल सकती है।

वृष-आज दिन सकारात्मक परिणाम लेकर आएगा। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को मेहनत का अच्छा फल मिलने और सफलता की दिशा में आगे बढ़ने के संकेत हैं। रास्ते में किसी बुजुर्ग की सहायता करने का अवसर मिलेगा, जिससे मन को संतुष्टि मिलेगी।

मिथुन -आज का दिन आपके लिए उत्साह और उपलब्धियों से भरा रह सकता है। अचानक धन लाभ होने से आप अपनी जरूरत की कोई महत्वपूर्ण चीज खरीद सकते हैं। राजनीति से जुड़े लोगों को पार्टी में नई जिम्मेदारी मिल सकती है, जिससे सामाजिक प्रतिष्ठा और प्रभाव दोनों बढ़ेंगे।

कर्क-आज का दिन उपलब्धियों से भरा रहने वाला है। आपका कोई महत्वपूर्ण काम पूरा होगा, जिससे मन में संतोष और खुशी दोनों आएंगे। काम करने के नए और बेहतर तरीकों पर विचार करेंगे। कार्यस्थल पर आपकी कार्यक्षमता से प्रभावित होकर वरिष्ठ आपकी प्रशंसा कर सकते हैं और आपको किसी प्रकार का पुरस्कार या प्रोत्साहन भी मिल सकता है।

सिंह -ज आपके भीतर नई ऊर्जा और उत्साह देखने को मिलेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत बनी रहेगी और घर की जरूरतों के लिए खरीदारी करने का मौका मिलेगा। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थियों के लिए समय अनुकूल है, इसलिए मेहनत में कमी न आने दें।

कन्या -आज का दिन आपके पक्ष में रहेगा। कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत और प्रदर्शन से सहकर्मी और वरिष्ठ प्रभावित होंगे तथा आपकी खुलकर तारीफ हो सकती है। जरूरी काम आसानी से पूरे होते जाएंगे। पिता द्वारा व्यापार में दी गई जिम्मेदारियों को आप कुशलता से संभालेंगे।

तुला -आज का दिन आपके लिए कई मायनों में सुखद रहने वाला है। आपका विनम्र व्यवहार लोगों को प्रभावित करेगा और सामाजिक संबंध मजबूत होंगे। आप अपने खर्चों को नियंत्रित करने की योजना बनाएंगे, जो भविष्य में आर्थिक रूप से फायदेमंद रहेगी। बेवजह किसी बात को लेकर ज्यादा सोचने से बचें, क्योंकि इससे मानसिक तनाव बढ़ सकता है।

वृश्चिक-आज का दिन सामान्य से बेहतर परिणाम देने वाला रहेगा। मकान, प्लॉट या दुकान खरीदने की आपकी पुरानी इच्छा पूरी होने की दिशा में आगे बढ़ सकती है। संतान को अच्छी नौकरी मिलने की खबर घर में खुशी का माहौल बना देगी और आप जश्न मनाने की योजना बना सकते हैं।

धनु -आज का दिन आपके लिए उम्मीद से बढ़कर परिणाम देने वाला हो सकता है। जिस काम को आप अब तक मुश्किल या लगभग असंभव मान रहे थे, उसे पूरा करने में सफलता मिल सकती है। तरक्की के नए रास्ते खुलेंगे और करियर में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। विद्यार्थियों को अपनी दिनचर्या में कुछ जरूरी बदलाव करने होंगे।

मकर-आज का दिन खुशी और उपलब्धियों से भरा रह सकता है। व्यापार में अच्छा लाभ मिलने से आपकी प्रसन्नता बढ़ेगी। लंबे समय से नए वाहन का सपना देख रहे हैं तो आज वह पूरा हो सकता है। किसी करीबी मित्र से दिल की बातें साझा करेंगे और उसकी ओर से आपको समझ और सहयोग मिलेगा। परिवार में आपकी बातों को पूरा सम्मान मिलेगा।

कुंभ -आज का दिन सामान्य होते हुए भी कई नए अनुभव लेकर आएगा। आपको अपनी भूमिका या जिम्मेदारियों में बदलाव महसूस हो सकता है। जिम ट्रेनर और फिटनेस से जुड़े लोगों के लिए काम के लिहाज से अच्छा समय रहेगा। आपके व्यावसायिक कौशल में निखार आएगा और पद या आय बढ़ाने के नए अवसर सामने आ सकते हैं।

मीन -आज का दिन आपके जीवन में नई ऊर्जा और उत्साह लेकर आएगा। आपका मन रचनात्मक कार्यों की ओर आकर्षित होगा और इससे आपके अनुभव व कौशल में भी वृद्धि होगी। ऐसे प्रभावशाली लोगों से मुलाकात हो सकती है जो भविष्य में आपके लिए उपयोगी साबित होंगे। कोई महत्वपूर्ण काम सफलतापूर्वक पूरा होने से मन हल्का और तनाव कम महसूस होगा।

## एक नजर

### लोटे चोको पेय के प्रतिबंधित बैच की बिक्री, वितरण और भंडारण पर रोक

**बीजापुर, 12 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने जिले में Lotte Choco Pie के Batch No. NM10 DC2 की बिक्री, वितरण और भंडारण पर प्रतिबंध लगा दिया है। खाद्य नमूने की प्रयोगशाला जांच में प्रिजर्वेटिव सोर्बिक एसिड की मात्रा निर्धारित अधिकतम सीमा से अधिक पाए जाने पर खाद्य विश्लेषक ने इस बैच को असुरक्षित घोषित किया है। खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 के तहत बीजापुर जिले के पूरे क्षेत्र में उक्त बैच पर रोक लगाई गई है। जिले के सभी खाद्य कारोबारियों को निर्देश दिए गए हैं कि उनके प्रतिष्ठानों में यह बैच उपलब्ध होने पर तत्काल बिक्री बंद करें और स्टॉक को संबंधित आपूर्तिकर्ता या कंपनी को वापस भेजें। प्रशासन ने कारोबारियों को की गई कार्रवाई की जानकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए हैं। प्रतिबंधित बैच की बिक्री, वितरण या भंडारण पाए जाने पर संबंधित कारोबारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### बच्चों के मेंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेट कार्य को प्राथमिकता से पूर्ण करने के निर्देश



**बीजापुर 12 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर विश्वदीप ने भोपालपटनम विकासखंड में संचालित मेंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेट शिविर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिविर में बच्चों के बायोमेट्रिक अपडेट की प्रक्रिया का जायजा लिया तथा संबंधित अधिकारियों से कार्य की प्रगति की जानकारी ली। कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि जिले के सभी विकासखंडों में अध्ययनरत बच्चों का शत-प्रतिशत मेंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेट सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि यह कार्य प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किया जाए, ताकि कोई भी बच्चा मेंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेट से वंचित न रहे। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को विद्यालय स्तर पर आवश्यक समन्वय स्थापित कर अधिक से अधिक बच्चों को शिविरों के माध्यम से लाभान्वित करने तथा लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए।

### शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि



**गीदम 12 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राष्ट्रीय वन शहीद दिवस के अवसर पर दंतेवाड़ा वन मंडल कार्यालय परिसर स्थित शहीद स्मारक स्थल पर गरिमामय श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कलेक्टर दंतेवाड़ा एवं डीएफओ दंतेवाड़ा विशेष रूप से शामिल हुए। कलेक्टर एवं डीएफओ सहित वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने शहीद स्मारक पर पुष्पचक्र एवं श्रद्धासुमन अर्पित कर वन एवं वन्यजीवों की सुरक्षा के दौरान अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर वन शहीदों को नमन किया। इस दौरान अमर शहीद बीपी शास्त्री जी की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। दंतेवाड़ा वन मंडल की शहीद सूची में कर्तव्य निर्वहन के दौरान शहीद हुए स्व. रामेश्वर प्रसाद पांडे, स्व. हरिबंधु, स्व. जगदीश चन्द्र मरकाम, स्व. बीपी शास्त्री, स्व. अंगनपल्ली पाण्डू एवं स्व. रथ राम पटेल सहित अन्य वीर वनकर्मियों का उल्लेख है। उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कहा कि वनों एवं वन्यजीवों की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर करने वाले इन वीर वनकर्मियों का बलिदान सदैव स्मरणीय और प्रेरणादायी रहेगा। उनकी कर्तव्यनिष्ठा, साहस और सर्वोच्च बलिदान वन विभाग के प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी को सदैव प्रेरणा देता रहेगा।

# आरटीआई आदेश भी बेअसर, जानकारी रोकने की आखिर वजह क्या?

■ **प्रथम अपीलीय अधिकारी के निर्देश के बाद भी चिन्नाकवाली पंचायत में सूचना लंबित, हैंडपंप कार्यों की राशि और रिकॉर्ड को लेकर बढ़ा सस्पेंस**

**बीजापुर 12 सितम्बर।** जिले में सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही के दावों के बीच आरटीआई के पालन को लेकर ही सवाल खड़े हो गए हैं। जनपद पंचायत बीजापुर के चिन्नाकवाली ग्राम पंचायत से जुड़ा मामला अब सिर्फ जानकारी नहीं मिलने तक सीमित नहीं रह गया है। पंचायत की राशि से अन्य चार ग्राम पंचायतों में कथित तौर पर हैंडपंप खनन कराए जाने को लेकर मांगे गए दस्तावेज प्रथम अपीलीय अधिकारी के निर्देश के बाद भी आवेदक तक नहीं पहुंचने का आरोप है। आरटीआई आवेदन के बाद प्रथम अपील और फिर 10 अगस्त को प्रथम अपीलीय अधिकारी के निर्देश के बावजूद जानकारी लंबित रहने से सवाल उठ रहे है।

**अधिकारी का आदेश बड़ा या पंचायत सचिव की चुप्पी:** आरटीआई के तहत जानकारी नहीं मिलने पर आवेदक ने प्रथम अपील की। बताया गया कि प्रथम अपीलीय अधिकारी ने 10 अगस्त को संबंधित पंचायत को निर्धारित समय-सीमा में जानकारी उपलब्ध कराने के निर्देश दिए थे। इसके बावजूद जानकारी नहीं मिलने का आरोप है। ऐसे में सीधा सवाल है–क्या प्रथम अपीलीय अधिकारी के आदेश का पालन सुनिश्चित कराने की जिम्मेदारी किसी की नहीं है? यदि आदेश के बावजूद सूचना नहीं दी गई, तो देरी के लिए जवाबदेही किसकी तय होगी?

**एक पंचायत की राशि से चार दूसरी पंचायतों में काम कैसे :** मामले का सबसे अहम पहलू यह है कि चिन्नाकवाली ग्राम पंचायत की राशि से अन्य चार ग्राम पंचायतों में हैंडपंप खनन कराए जाने की बात सामने आई है। फिलहाल यह आरोप है, जिसकी पुष्टि सरकारी रिकॉर्ड की जांच से ही हो सकती है। लेकिन सवाल गंभीर है–यदि एक पंचायत की राशि से दूसरी पंचायतों में कार्य कराए गए, तो इसकी प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति किस स्तर से हुई? किस मद से राशि जारी हुई? कार्यादेश किसके नाम से हुआ? भुगतान किस आधार पर किया गया?

**आखिर दस्तावेज देने में क्यों हो रही है इतनी देरी :** आरटीआई के माध्यम से मांगी गई जानकारी में स्वीकृति आदेश, कार्यादेश, तकनीकी दस्तावेज, भुगतान रिकॉर्ड सहित अन्य अभिलेख शामिल बताए जा रहे हैं। यदि रिकॉर्ड पूरी तरह सामान्य और नियमानुसार हैं, तो उन्हें उपलब्ध कराने में लगातार देरी क्यों? क्या रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं हैं, या रिकॉर्ड में ऐसी जानकारी है जिसे सार्वजनिक करने से सवाल खड़े हो सकते हैं? यह स्थिति जांच के बाद ही स्पष्ट होगी, लेकिन सूचना लंबित रहने से संदेह और सवाल दोनों बढ़ते जा रहे हैं।

**आदेश की अनदेखी पर कार्रवाई कब :** आरटीआई अधिनियम सरकारी कामकाज में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने का माध्यम है। ऐसे में प्रथम अपीलीय अधिकारी के निर्देश के बाद भी यदि आवेदक को जानकारी नहीं मिलती है, तो प्रशासन को यह स्पष्ट करना चाहिए कि आदेश के पालन की निगरानी किस स्तर पर हो रही है। यदि आदेश का पालन नहीं हुआ है तो जिम्मेदारी तय होगी या मामला भी फाइलों के ढेर में दब जाएगा?

**अब जांच जरूरी, तभी सामने आएगी असली तस्वीर :** मामले में लगाए गए आरोपों को अंतिम सत्य मानने के बजाय संबंधित दस्तावेजों की निष्पक्ष जांच जरूरी है। स्वीकृति, कार्यादेश, तकनीकी स्वीकृति, माप पुस्तिका, भुगतान वाउचर और संबंधित पंचायतों के अभिलेखों की जांच से यह स्पष्ट हो सकता है कि वास्तव में किस पंचायत की राशि से कहां और किस प्रक्रिया के तहत हैंडपंप खनन कराया गया।

अब निगाहें संबंधित विभाग के उच्च अधिकारियों पर हैं। आरटीआई आदेश के बाद भी सूचना लंबित रहने की स्थिति में क्या जिम्मेदारी तय होगी? क्या चिन्नाकवाली पंचायत के हैंडपंप कार्यों के वित्तीय रिकॉर्ड की जांच होगी? और क्या आवेदक को मांगी गई जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी?

# प्रधानमंत्री आवास योजना ने लाखों गरीब परिवारों के पक्के घर का सपना किया साकार : केंद्रीय मंत्री

**रायपुर 12 सितंबर।** छत्तीसगढ़ में गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के पक्के आवास के सपने को साकार करने की दिशा में आज एक और महत्वपूर्ण अध्याय जुड़ा। सक्ती में आयोजित प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के राज्यस्तरीय गृह प्रवेश समारोह में 2 लाख नवनिर्मित आवासों का गृह प्रवेश कराया गया। कार्यक्रम में केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की उपस्थिति में हितग्राहियों को प्रतीकात्मक रूप से उनके नए घरों की चाबी सौंपी गई।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने छत्तीसगढ़ को प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत 3.65 लाख अतिरिक्त आवासों की बड़ी सौगात दी। उन्होंने नवगठित सक्ती जिले में कृषि विज्ञान केंद्र खोलने तथा बस्तर संभाग में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के सर्वे की समय-सीमा 31 अक्टूबर 2026 तक बढ़ाने की घोषणा भी की। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने अतिरिक्त आवासों की स्वीकृति संबंधी पत्र मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय को सौंपा।

केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार गरीबों, किसानों, महिलाओं और ग्रामीण परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण इसी संकल्प को जमीन पर साकार करने वाली महत्वपूर्ण योजना है।



उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत आवास निर्माण का कार्य तेज गति से आगे बढ़ रहा है और प्रतिदिन 1600 से अधिक आवास पूर्ण किए जा रहे हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रदेश में केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा विकास कार्यों की सराहना की।

केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि सरकार जो कहती है, उसे पूरा करके दिखाती है। केंद्र और राज्य सरकार के समन्वित प्रयासों से छत्तीसगढ़ में विकास कार्यों को नई गति मिली है। ग्रामीण क्षेत्रों में पक्के आवास, सड़क, पेयजल, स्वच्छता, स्वास्थ्य और आजीविका से जुड़ी सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के माध्यम से गरीब परिवारों को केवल पक्की छत ही नहीं मिल रही, बल्कि उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, निःशुल्क राशन, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शौचालय और जल जीवन मिशन जैसी योजनाओं के माध्यम से उनके जीवन में व्यापक बदलाव लाने का कार्य किया जा रहा है।

केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि छत्तीसगढ़ कृषि की अपार संभावनाओं वाला प्रदेश है। प्रदेश अब केवल धान के कटोरे के रूप में ही नहीं, बल्कि तेजी से सब्जी उत्पादन के क्षेत्र में भी अपनी नई पहचान बना रहा है। किसानों की आय बढ़ाने, कृषि में आधुनिक तकनीक को प्रोत्साहित करने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए केंद्र और राज्य सरकार मिलकर कार्य कर रही हैं।

उन्होंने कहा कि सक्ती में कृषि विज्ञान केंद्र की स्थापना से क्षेत्र के किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, उन्नत खेती, फसल विविधीकरण और कृषि संबंधी वैज्ञानिक मार्गदर्शन स्थानीय स्तर पर उपलब्ध होगा।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान का छत्तीसगढ़ की तीन करोड़ जनता की ओर से स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि श्री चौहान का छत्तीसगढ़ के प्रति विशेष स्नेह रहा है और उनके प्रत्येक प्रवास से प्रदेश को विकास की नई सौगातें मिली हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आज अपने नए पक्के घर में प्रवेश कर रहे 2 लाख हितग्राही परिवारों को बधाई और शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि गरीब परिवारों को पक्का आवास उपलब्ध कराना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में है। राज्य सरकार ने अपनी पहली कैबिनेट बैठक में ही 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति देकर अपनी प्राथमिकता स्पष्ट कर दी थी। पिछले ढाई वर्षों में प्रदेश में 11.50 लाख से अधिक आवास पूर्ण किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि आवास सर्वे-2011 और आवास प्लस सर्वे के अंतर्गत आवासों के लक्ष्य की स्वीकृति मिल चुकी है।

## स्मार्ट मीटर और बढ़ते बिजली बिल के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन

■ **भैरमगढ़ में हस्ताक्षर अभियान के साथ एक दिवसीय धरना, बिजली कार्यालय का घेराव**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर/भैरमगढ़ 12 सितंबर।** स्मार्ट मीटर के विरोध और बढ़ते बिजली बिल की समस्या को लेकर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भैरमगढ़ द्वारा एक दिवसीय धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हस्ताक्षर अभियान चलाया और बिजली कार्यालय का घेराव कर अपनी मांगों को लेकर विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शन में विधायक विक्रम मंडावी, जिला कांग्रेस अध्यक्ष लालू राठौर सहित कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और ग्रामीण शामिल हुए। प्रदर्शनकारियों ने स्मार्ट मीटर को लेकर अपनी आपत्तियां जताई तथा बढ़ते बिजली बिल से उपभोक्ताओं को हो रही परेशानी का मुद्दा उठाया। लोगों को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक किया गया। विधायक विक्रम मंडावी ने बिजली उपभोक्ताओं की समस्याओं के समाधान और स्मार्ट मीटर से जुड़ी आशंकाओं को दूर करने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान नकुल ठाकुर, लछ्छु मोर्य, सुखदेव नाग, कमलेश कारम और मनोज आवलम सहित अन्य कांग्रेसी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## उफनती इंद्रावती पार कर स्वास्थ्य टीम पहुंची गांव



■ **बोड़गा और ताकिलोड में दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर, 405 ग्रामीणों का परीक्षण और उपचार**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर 12 सितंबर।** दुर्गम और वनांचल क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने स्वास्थ्य विभाग की टीम ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों के बीच बोड़गा और ताकिलोड गांव में दो दिवसीय विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाया। टीम ने कच्चे-पथरीले रास्तों और नदी की बाधाओं को पार कर गांवों तक पहुंचकर 405 ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया।

कलेक्टर विश्वदीप के निर्देश और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी के नेतृत्व में स्वास्थ्य अमला गांव पहुंचा। सड़क मार्ग समाप्त होने के बाद स्वास्थ्यकर्मियों को पैदल उफनती इंद्रावती नदी पार कर ग्रामीणों तक पहुंचना पड़ा।

शिविर में 179 लोगों की ब्लड प्रेशर और शुगर जांच की गई। जांच के दौरान टीबी, बुखार, मलेरिया और कुष्ठ रोग से संबंधित मरीजों की पहचान कर आवश्यक उपचार एवं दवाएं दी गई। वहीं 8 गर्भवती महिलाओं और 12 बच्चों का टीकाकरण किया गया। इसी दौरान ग्राम झिल्ली से एक ग्रामीण को जहरीले सांप के डसने की सूचना मिली। परिजन प्रारंभ में झाड़-फूंक और घरेलू उपचार करा रहे थे। स्थिति बिगड़ने की जानकारी मिलते ही स्वास्थ्य टीम सक्रिय हुई और मरीज को एंबुलेंस से तत्काल अस्पताल पहुंचाकर उपचार शुरू कराया गया। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार वनांचल एवं पहुंचविहीन क्षेत्रों में ग्रामीणों को निःशुल्क और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए ऐसे शिविर आगे भी जारी रहेंगे।

# ग्रामीणों ने धर्मांतरित महिला का शव गांव में दफनाने की अनुमति नहीं दी, सुकमा में होगा अंतिम संस्कार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा, 12 सितंबर ।** जिले की कोर्रा पंचायत के धुरवारास गांव में एक ईसाई धर्मांतरित परिवार की 60 वर्षिय महिला सोढ़ी जोगी की मौत के बाद अंतिम संस्कार को लेकर विवाद हो गया। परिवार महिला को गांव में ही दफ्नाना चाहता था, लेकिन धुरवारास गांव के ग्रामीणों ने इसकी अनुमति नहीं दी। इसके बाद प्रशासन और पुलिस की मौजूदगी में महिला के शव को सुकमा ले जाकर दफ्नाने पर सहमति बनी है, जिसे आज शनिवार को सुकमा में दफ्नाया जायेगा।

पूर्व सरपंच भीमा कुंजाम ने बताया कि पुरखो से साथ में रह रहे है, कई बार ईसाई धर्म नहीं अपनाने की समझाइश दी गई लेकिन नहीं माने, इसलिए हम लोगों ने फैसला लिया कि हमारे गांव में देवी-देवता है, जो लोग उन्हें नहीं मानते उन्हें यहां दफ्नाने नहीं देंगे। हम लोगों के प्रशासन को सूचना दी जिसके बाद सुकमा में ले जाकर दफ्नाने पर शांतिपूर्ण सहमति बनी।

मृतक महिला के परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार सोढ़ी जोगी लंबे समय से बीमार थीं, और शुक्रवार दोपहर करीब 3 बजे उनकी मौत हो गई।परिवार चाहता था कि महिला को उसी जमीन पर दफ्नाया जाए, जहां वे खेती करते हैं, लेकिन धुरवारास गांव के ग्रामीणों ने इसका विरोध किया। उनका कहना था कि परिवार ने ईसाई धर्म अपना लिया है, इसलिए गांव में अंतिम संस्कार नहीं हो सकता।



धुरवारास गांव के ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों का कहना था कि गांव में अंतिम संस्कार की अनुमति नहीं दी जाएगी और शव को सुकमा ले जाया जाए। बात-चीत के बाद परिवार भी शव को सुकमा ले जाने के लिए तैयार हो गया। प्रशासन ने पूरे मामले में स्थिति को शांत बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात किया है। फिलहाल शव को सुकमा ले जाकर दफ्नाने की तैयारी की जा रही है।

### बस्तर में स्वाइन फ्लू से संक्रमित चार मरीज मिले, मेकॉज में जारी है उपचार

**जगदलपुर, 12 सितंबर।** बस्तर में स्वाइन फ्लू के मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने निगरानी बढ़ा दी है। मेडिकल कॉलेज जगदलपुर में एच-1, एन-1 से संक्रमित 04 मरीज इलाज के लिए भर्ती हैं। इनमें दो मरीज जगदलपुर, एक कोंडागांव और एक ओडिशा का निवासी है। संक्रमण के बढ़ते खतरे को देखते हुए मेडिकल कॉलेज के आइसोलेशन वार्ड में मरीजों को अलग रखकर उपचार किया जा रहा है।

स्वास्थ्य विभाग ने मेडिकल कॉलेज सहित जिले के अस्पतालों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गये हैं। स्वाइन फ्लू की जांच के लिए आरटी-पीसीआर की व्यवस्था की गई है। मेडिकल कॉलेज की वायरोलॉजी लैब में संदिग्ध मरीजों के सैंपल की जांच की जा रही है। इसके साथ ही अस्पतालों में स्वाइन फ्लू के इलाज में इस्तेमाल होने वाली टैमीफ्लू की गोलियां और सिरप पर्याप्त मात्रा में रखने के निर्देश दिए गए हैं।

# साइबर जागृति अभियान के तहत जिलेभर में जागरूकता कार्यक्रम

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 12 सितंबर।** पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में साइबर जागृति अभियान के तहत लगातार साइबर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। कार्यक्रमों में आमजन, महिलाओं, विद्यार्थियों, युवाओं और ग्रामीणों को साइबर अपराधों से बचाव की जानकारी दी जा रही है।

जागरूकता कार्यक्रमों में ऑनलाइन ठगी, OTP और UPI फ्रॉड, फर्जी लिंक, फर्जी कस्टमर केयर, सोशल मीडिया फ्रॉड, फर्जी नौकरी व निवेश के नाम पर ठगी, KYC अपडेट और डिजिटल अरेस्ट जैसे मामलों के प्रति लोगों को सावधान किया जा रहा है।

पुलिस द्वारा बताया जा रहा है कि साइबर ठग बैंक संबंधी जानकारी, OTP, UPI PIN, CVV जैसी गोपनीय जानकारी हासिल कर ठगी कर सकते हैं। लोगों से ऐसी जानकारी किसी अनजान



व्यक्ति के साथ साझा नहीं करने की अपील की गई है। डिजिटल अरेस्ट के संबंध में भी लोगों को बताया गया कि पुलिस या कोई जांच एजेंसी वीडियो कॉल के माध्यम से किसी व्यक्ति को घर में कैद रहने या पैसे ट्रांसफर करने का आदेश नहीं देती। ऐसे कॉल आने पर घबराने के बजाय कॉल काटकर पुलिस से संपर्क करें। साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 साइबर हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने और आवश्यकतानुसार संबंधित थाना में सूचना देने की अपील की गई है।

# उपमुख्यमंत्री ने बस्तर में सड़क निर्माण के 6 ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट करने का दिया आदेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 12 सितंबर।** उपमुख्यमंत्री अरुण साव दो दिवसीय बस्तर प्रवास के दौरान सड़कों को लेकर काफी गंभीर दिखे। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने सुकमा, बीजापुर और दंतेवाड़ा में जिला कलेक्टर और पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने सड़क निर्माण में लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों की जानकारी ली। बस्तर में सड़क निर्माण पर लापरवाही बरत रहे 6 ठेकेदारों को ब्लैक लिस्ट करने का आदेश दिया है। बैठक में उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि नक्सलवाद के प्रभाव से बाहर निकल रहे बस्तर में छत्तीसगढ़ सरकार 'विकास, विश्वास और सुरक्षा' की नीति के साथ आगे बढ़ रही है। सरकार का प्रयास है कि विकास की योजनाओं का लाभ जिले के अंतिम छोर तक पहुंचे और अंदरूनी क्षेत्रों में रहने वाले ग्रामीणों को भी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हो।




मिली जानकारी के अनुसार सड़कों और पुलों के निर्माण कार्यों में ज्यादा लेट लतीफी और कार्य पूर्ण करने में रूचि नहीं लेने वाले 6 ठेकेदारों पर यह कार्रवाई की गयी है। विभाग द्वारा अनुबंध के अनुसार कार्य नहीं होने पर बार-बार नोटिस जारी करने अनुबंध अवधि बढ़ाने, ठेकेदारों द्वारा स्वयं शपथ पत्र देने के बावजूद काम नहीं करने और कार्य पूर्ण करने में रूचि नहीं लेने वाले ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट कर उनके पंजीयन के नवीनीकरण पर रोक लगा दी है। साथ ही दो ठेकेदारों के पंजीयन भी निरस्त किए गए हैं। राज्य शासन ने इस कार्रवाई को लेकर बिलासपुर उच्च न्यायालय में कैविएट भी दायर की गई है। जिन 6 ठेकेदारो को ब्लैक लिस्ट किया है, उनमें ठेकेदार के. मोहन रेड्डी, मेसर्स शांति विजय कन्सट्रक्शन, मेसर्स ट्रांसाफ्ट इंफ्रा, मेसर्स राघवा कन्सट्रक्शन, मेसर्स बालाजी इन्फ्रास्ट्रक्चर और मेसर्स पंकज हालदार शामिल है। इनके पंजीयन अ-नवीनीकरण के आदेश जारी किए गए हैं,वहीं ठेकेदार के. मोहन रेड्डी और मेसर्स ट्रांसाफ्ट इंफ्रा. के पंजीयन को भी निरस्त कर दिया है।

उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने मीडिया से चर्चा के दौरान बस्तर की महत्वाकांक्षी सड़कों के निर्माण की धीमी गति और विलंब को देखते हुए व्यापक समीक्षा के बाद निर्माणाधीन कार्यों को पूरा करने में रूचि नहीं दिखाने वाले 06ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि सड़कों को जल्द से जल्द दुरुस्त कराया जाएगा, सड़क निर्माण एवं मरम्मत से जुड़े कार्यों में तेजी लाई जाएगी, जिससे आम जनता को आवागमन में राहत मिल सके। निर्माण एवं मरम्मत कार्यों में अनावश्यक देरी किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। अधिकारियों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराने के साथ ही निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं।

### सरपंच ने किया शिक्षकों का सम्मान

**कांकेर 12 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नाथिया नवांगांव के सरपं श्रीमती सुमित्रा शोरी व पंच श्रीमती निषाद एस.एम.सी अध्यक्ष-सदस्य के द्वारा आदर्श स्कूल मा.शाला नाथिया नवांगांव के शिक्ष श्री ओमेश्वर प्रसाद केशरी, श्री राजेश देवांगन को शिक्ष दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया। शिक्ष दिवस के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अपने गुरूजनों के प्रति आदर, कृतज्ञता प्रकट करते हुए विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत किये। सरपंच, पंच, एसएमसी, शिक्षक व छात्र-छात्राओं ने सामूहिक भोज का आनंद दिया। प्रधान अध्यापक श्रीमती रिंकु राय ने बताया आयोजनों का उद्देश्य गुरूओं के आदर्श कार्य का अनुशरण बच्चे करें व सीखें।

## एक नजर

### चाकूबाजी की घटना में दो गंभीर

**भाटापारा, 12 सितंबर (तछसं.)।** बीते गुरूवार रात 8 बजे के आसपास नयागंज नेहरू वार्ड में चाकू बाजी की घटना में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये इस चाकू बाजी की घटना में जो प्रार्थी घायल हुआ था वह घटना के कुछ देर बाद स्वयं आरोपी बन गया घटना के संबंध मे एसडीओपी तारेश साहू ने जानकारी देते हुए बताया नेहरू वार्ड निवासी राजकुमार सोनी की बुजुर्ग मां घर के सामने बडबडाने व गाली गलौज करने को मना करने व उसे घर मे रखने की बात वहीं का निवासी राकेश साहू ने राजकुमार सोनी से की जिससे दोनो मे बहस हो गई वहीं आवेश मे आकर राकेश साहू चाकू लाकर राजकुमार के उपर प्रहार कर भागने लगा जिसे भागते संजय ध्रुव ने देखा और उसकी नजर राजकुमार पर पडी तो उसने जाकर उससे पूछा कि कैसे तुमको चाकू मार दिया क्या इतना पूछते ही राजकुमार को गुस्सा आ गया और उसने पास पडे चाकू को उठाकर संजय ध्रुव के उपर वार कर दिया जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया ,एसडीओपी तारेश साहू ने बताया घटना पर दोनो आरोपियों राजकुमार सोनी और राकेश साहू के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है वही घटना मे घायल राजकुमार और संजय ध्रुव का उपचार जिला अस्पताल बलौदाबाजार मे चल रहा है।

### राशन वितरण में लापरवाही पर उचित मूल्य दुकान निलंबित

**रायगढ़, 12 सितम्बर।** धरमजयगढ़ विकासखंड के ग्राम साजापाली में शासकीय उचित मूल्य दुकान से खाद्यान्न वितरण नहीं किए जाने की शिकायत को जिला प्रशासन ने तत्काल संज्ञान में लिया। शिकायत की जांच कराई गई। जांच में शिकायत सही पाए जाने पर संबंधित दुकान की संचालन एजेंसी ज्योति महिला स्व-सहायता समूह के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत प्रकरण दर्ज कर दुकान को निलंबित कर दिया गया। जिला खाद्य अधिकारी ने बताया कि साजापाली स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान में हितग्राहियों से फिंगर लेने के बाद भी माह अगस्त 2026 का खाद्यान्न वितरित नहीं किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी। जिला प्रशासन द्वारा मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच कराई गई और जांच के आधार पर संबंधित संचालन एजेंसी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की गई। हितग्राहियों को खाद्यान्न प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए प्रशासन द्वारा तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था की गई। साजापाली दुकान से संलग्न हितग्राहियों को माह अगस्त 2026 के खाद्यान्न का वितरण समीपस्थ ग्राम पंचायत चिड़ोडीह कॉलोनी स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान से कराया गया। उक्त दुकान का संचालन जीवन ज्योति स्व-सहायता समूह द्वारा किया जा रहा है।

### दिव्यांग एवं वरिष्ठजनों के लिए 16 सितंबर को लगेगा निःशुल्क सहायक उपकरण मूल्यांकन शिविर

**रायगढ़, 12 सितम्बर।** दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठजनों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप निःशुल्क सहायक उपकरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रायगढ़ जिले में 16 सितंबर को मूल्यांकन शिविर का आयोजन किया जाएगा। भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम (एलिम्को), जबलपुर द्वारा आयोजित इस शिविर में पात्र दिव्यांगजन एवं वरिष्ठजन उपस्थित होकर अपने लिए आवश्यक सहायक उपकरणों का मूल्यांकन करा सकेंगे।समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने बताया कि यह शिविर एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड (एलआईसी) की निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) योजना के अंतर्गत आयोजित किया जा रहा है। शिविर का आयोजन जतन केंद्र परिसर, जिला पंचायत के सामने, रायगढ़ में 16 सितंबर को सुबह 11 बजे से किया जाएगा। इसमें रायगढ़ सहित पुसौर, घरघोड़ा, तमनार, लैलूंगा, खरसिया एवं धरमजयगढ़ जनपद पंचायत क्षेत्र के पात्र हितग्राही शामिल हो सकेंगे।दिव्यांगजनों को शिविर में यूडीआईडी कार्ड (40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता), सभी स्रोतों से मासिक आय 22,500 रुपये से कम होने का आय प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण-पत्र तथा आधार कार्ड साथ लाना होगा। आवश्यक दस्तावेजों के आधार पर पात्रता का परीक्षण कर सहायक उपकरण के लिए मूल्यांकन किया जाएगा। वरिष्ठजनों के लिए सभी स्रोतों से मासिक आय 14,500 रुपये से कम होना आवश्यक है। साथ ही उन्हें आवासीय प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड तथा 60 वर्ष या उससे अधिक आयु का होना आवश्यक है। पात्र वरिष्ठजन भी शिविर में उपस्थित होकर आवश्यक सहायक उपकरण के लिए अपना मूल्यांकन करा सकेंगे।

### दो लाख आवासों में सामूहिक गृह प्रवेश



**दल्लीराजहरा, 12 सितंबर (तछसं.) ।** छत्तीसगढ़ राज्य में केन्द्रीय मंत्री शिवराज चौहान के उपस्थिति में कुल 2.00 लाख आवासो का सामूहिक गृह प्रवेश कराया गया है जिसमें प्रतीकात्मक रूप से जनपद पंचायत डौण्डी के क्षेत्रांतर्गत आवासो में गृह प्रवेश कराया गया जिसमें ग्राम पंचायत सुरडोंगर में विकासखण्ड स्तरीय गृह प्रवेश में हितग्राही अंजू बाई गौकरण पटेल के आवास में गृह प्रवेश के साथ ही पूर्णता प्रमाण पत्र, चाबी प्रदान किया गया जिसमें हितग्राही के परिवार का चेहरा भी खुशी से खिल उठे, कि उन्हे भी अब पक्के आशियाना का सपना पूरा हुआ । उक्त कार्यक्रम में ग्रामीण हर्षोल्लास के साथ उत्साहित होकर गृह प्रवेश के कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किये गये।सामूहिक गृह प्रवेश कार्यक्रम में उपाध्यक्ष भोलाराम नेताम, तुलेश्वर हिचामी जनपद सदस्य, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, डीडी मंडले , जनपद पंचायत डौण्डी, कार्यक्रम अधिकारी वीबी जीराम), विकासखण्ड समन्वयक, तकनीकी सहायक, ग्राम पंचायत सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, पंचगण, समूह के महिलाये व ग्रामीणजन उपस्थित थे ।

### आईआईआईटी नया रायपुर और एआईआईएमएस रायपुर पहुंचे पीएम कोड़ातराई के कक्षा 12वीं के विद्यार्थी

# ओपी चौधरी की पहल से जिले के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा की संभावनाओं से परिचित होने का मिल रहा बेहतर अवसर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**रायगढ़, 12 सितम्बर ।** वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक श्री ओ.पी.चौधरी की पहल एवं कलेक्टर श्री मयंक चतुर्वेदी के मार्गदर्शन में रायगढ़ के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक अवसर उपलब्ध कराने, उन्हें उच्च शिक्षा के प्रतिष्ठित संस्थानों से परिचित कराने और भविष्य की संभावनाओं के प्रति जागरूक करने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोड़ातराई, विकासखंड पुसौर के कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों ने आईआईआईटी नया रायपुर एवं एआईआईएमएस रायपुर का शैक्षणिक भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने दोनों प्रतिष्ठित संस्थानों की शैक्षणिक व्यवस्था, उपलब्ध पाठ्यक्रम, प्रवेश प्रक्रिया, आधुनिक सुविधाओं तथा विभिन्न करियर विकल्पों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की। आईआईआईटी नया रायपुर में विद्यार्थियों ने इंजीनियरिंग, कंप्यूटर साइंस, सूचना प्रौद्योगिकी एवं आधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में उच्च शिक्षा की संभावनाओं को समझा। वहीं एआईआईएमएस रायपुर में चिकित्सा शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं एवं मेडिकल क्षेत्र में करियर के अवसरों की जानकारी ली। प्रतिष्ठित उच्च शिक्षण संस्थानों का प्रत्यक्ष अनुभव विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से प्रेरणादायक रहा। इससे उन्हें स्कूली शिक्षा के बाद उच्च शिक्षा के विकल्पों को समझने, अपने भविष्य के लक्ष्य निर्धारित करने तथा प्रतियोगी परीक्षाओं और उच्च शिक्षा की तैयारी के लिए प्रेरणा मिली। शैक्षणिक भ्रमण के सफल आयोजन में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिजीत बबन पठारे, जिला शिक्षा अधिकारी श्री श्यामानंद साहू एवं जिला मिशन समन्वयक श्री आलोक स्वर्णकार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। जिला प्रशासन, जिला शिक्षा विभाग एवं समग्र शिक्षा रायगढ़ द्वारा विद्यार्थियों को कक्षा-कक्ष की पढ़ाई से आगे बढ़कर वास्तविक शैक्षणिक एवं व्यावसायिक वातावरण से परिचित कराने के लिए किए जा रहे प्रयासों से विद्यार्थियों को अपने करियर को लेकर बेहतर समझ विकसित करने का अवसर मिल रहा है। भ्रमण को सफल बनाने में पीएम श्री कोड़ातराई के प्राचार्य श्री अजय सिन्हा सहित विद्यालय स्टाफ का विशेष योगदान रहा। विद्यार्थियों के साथ व्याख्याता श्री खेमराम चौधरी, श्री दीपेश नायक, श्रीमती अपराजिता पटनायक एवं श्रीमती सुमन दास ने रहकर उनका मार्गदर्शन किया।

# पोला पर्व ग्राम बोरीद में हर्षोल्लास से मनाया



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दल्लीराजहरा, 12 सितंबर।** छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति और परंपराओं के प्रतीक पोला पर्व का आयोजन ग्राम बोरीद में बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ सामूहिक रूप से मनाया गया। पूरे गांव के महिला, पुरुष, युवा, बालक-बालिकाओं एवं बुजुर्गों ने एकजुट होकर पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पर्व में सहभागिता निभाई। आयोजन के दौरान सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों ने पूरे माहौल को उत्सवमय बना दिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा नेता एवं पूर्व जनपद सदस्य संजय बैस रहे। वहीं विशेष अतिथि जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम, हितेश साहू, टिकेंद्र साहू, सरपंच हरिचंद ठाकुर एवं अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि संजय बैस ने अपने संबोधन में कहा कि पोला पर्व केवल किसानों का पर्व नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन गांव की भाईचारे की भावना को और अधिक मजबूत करते हैं।उन्होंने कहा कि ग्रामीणों ने गांव के विकास के लिए रंगमंच, डोम शेड और हाई मास्क लाइट जैसी महत्वपूर्ण मांगें रखी हैं। ये मांगें गांव की आवश्यकता हैं और इन्हें प्राथमिकता के साथ पूरा कराने के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जनता का विश्वास ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है और गांव के विकास के लिए वे हमेशा साथ खड़े रहेंगे।उन्होंने युवाओं से खेल एवं सामाजिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने तथा अपनी संस्कृति और परंपराओं को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का आह्वान किया।जिला पंचायत सदस्य नीलिमा श्याम ने कहा कि बोरीद गांव विकास की नई दिशा में आगे बढ़ रहा है। उन्होंने ग्रामीणों से चर्चा करते हुए गांव के सौंदर्यीकरण एवं आवश्यक विकास कार्यों को प्राथमिकता देने का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से ही गांव का सर्वांगीण विकास संभव है।पोला पर्व के अवसर पर आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। गोला फेंक, रस्साकशी, आलू दौड़ और सुरीली कुर्सी जैसी प्रतियोगिताओं में महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर भरपूर आनंद उठाया।कार्यक्रम को सफल बनाने में जीवन रावटे, शोभा ठाकुर, पंकज, दिनेश, खिलेंद्र, दिलवर सहित समस्त ग्रामीणों की उल्लेखनीय भूमिका रही। आयोजन के अंत में सभी अतिथियों का आत्मीय सम्मान किया गया तथा पूरे गांव ने सामूहिक रूप से लोक संस्कृति के इस पर्व को उत्सव के रूप में मनाया गया।

### शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बालोद में अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन 15 सितंबर को

**बालोद, 12 सितंबर।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था बालोद में भारत सरकार की शिक्षुता प्रशिक्षण अधिनियम 1961 के अंतर्गत नेशनल अप्रेंटिसशिप प्रमोशन स्कीम के अंतर्गत 15 सितंबर 2026 को सुबह 10 बजे से अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन किया जा रहा है।

शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य ने बताया कि इस मेले के माध्यम से विभिन्न कम्पनियों में अप्रेंटिसशिप के लिए प्रशिक्षु भर्ती किये जाएंगे तथा जॉब हेतु प्लेसमेंट भी लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि समस्त शासकीय एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थाओं से आईटीआई उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण-पत्र के साथ उक्त मेला में शामिल होकर अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**छुरा, 12 सितंबर ।** विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल प्रखंड छुरा के तत्वावधान में मानस मंदिर प्रांगण में विश्व हिंदू परिषद स्थापना दिवस एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण, भगवान श्रीरामचंद्र जी एवं भारत माता की छायाचित्र पर विधिवत पूजा-अर्चना के साथ हुई।कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष प्रकाश निर्मलकर, जिला संगठन मंत्री वेदराम नंदे, पूर्व जिलाध्यक्ष परस देवांगन, मातृशक्ति से दीपाली सारस्वत, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वक्ता मनीष शारडा, नगर पुरोहित यज्ञेश प्रसाद पाण्डेय एवं प्रखंड अध्यक्ष भोला प्रसाद पाण्डेय सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।29 अगस्त 1964 को हुई थी विश्व हिंदू परिषद की स्थापना कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने बताया कि विश्व हिंदू परिषद की स्थापना 29 अगस्त 1964 को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दिन मुंबई में हुई थी। परिषद का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित एवं सशक्त करना, भारतीय संस्कृति और सनातन मूल्यों की रक्षा करना, समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य करना तथा सामाजिक समरसता और भाईचारे को बढ़ावा देना है।जिलाध्यक्ष प्रकाश निर्मलकर ने अपने संबोधन में हिंदू एकता के साथ शिक्षा और संस्कारों के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने समाज को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जुड़े रहने का संदेश दिया।मातृशक्ति से दीपाली सारस्वत ने नारी सम्मान, कर्तव्य और नई पीढ़ी में संस्कार निर्माण पर अपने विचार रखे। उन्होंने बच्चों के पालन-पोषण में संस्कारों की महत्वपूर्ण भूमिका बताते हुए उन्हें महापुरुषों के आदर्शों से प्रेरणा देने की बात कही।जिला संगठन मंत्री वेदराम नंदे ने सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने तथा समाज को सत्संग से जोड़ने का संदेश दिया। वहीं मनीष शारडा ने हिंदू एकता के साथ लव जिहाद और धर्मांतरण जैसे विषयों को लेकर समाज में जागरूकता की आवश्यकता पर विचार रखे।

मानस मंडलियों को किया गया सम्मानित-कार्यक्रम के दौरान विश्व हिंदू परिषद द्वारा नगर की सभी मानस मंडलियों को शील्ड प्रदान कर सम्मानित एवं प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ नागरिक के. आर. सिन्हा, नारायण पटेल, एल्डरमैन धर्मेंद्र चंद्राकर, पोखराज साहू, चोखे लाल साहू , पोखराज राजपूत, शीतल ध्रुव, पुनीत ठाकुर, सहित बड़ी संख्या में मातृशक्ति और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

#### अर्पण डांस ग्रुप ने दी प्रस्तुति

कार्यक्रम में अर्पण डांस ग्रुप द्वारा पारंपरिक वेशभूषा एवं सांस्कृतिक प्रस्तुति के माध्यम से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई गई। ग्रुप द्वारा गणेश वंदना की प्रस्तुति के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया।कार्यक्रम के सफल आयोजन में विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड सह मंत्री लोकेश वैष्णव, बजरंग दल प्रखंड संयोजक मनोज पटेल, प्रचार प्रमुख भूपेंद्र सिन्हा, एबीवीपी से भिषेक पाण्डेय एवं एकलव्य शर्मा सहित कार्यकर्ताओं ने सहयोग प्रदान किया।कार्यक्रम का मंच संचालन अर्जुन धनंजय सिन्हा ने किया। कार्यक्रम के अंतिम चरण में प्रखंड अध्यक्ष भोला प्रसाद पाण्डेय ने कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं नगरवासियों का आभार व्यक्त किया।भक्तिमय एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने हिंदू एकता, सनातन संस्कृति, संस्कार और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का संकल्प लिया।

# भाटापारा में विकास की रफ्तार बढ़ाने नपा अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने ली समीक्षा बैठक



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 13 सितंबर। नगर** पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने बुधवार को विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया कि विकास कार्यों में अब किसी तरह की ढिलाई स्वीकार नहीं होगी।

आगामी गर्मी शुरू होने से पहले ही शहर की जल व्यवस्था को मजबूत करने की रणनीति पर चर्चा हुई। रेन वाटर हार्वेस्टिंग, नहर के जरिए तालाबों में पानी भरने, पाइपलाइन विस्तार, नवीन ओवरहेड टैंक, बोर के प्रोटेक्शन बॉक्स और बोर संचालन का निर्धारित समय तय करने जैसे विषयों पर अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली गई।अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि गर्मी के दिनों में नागरिकों को पेयजल के लिए परेशान होना न पड़े, इसके लिए समस्या आने का इंतजार करने के बजाय पहले से तैयारी करना जरूरी है। खाद्य विभाग की समीक्षा में राशन कार्ड बनाने और उससे जुड़ी प्रक्रियाओं में नागरिकों को आ रही परेशानियों का मुद्दा प्रमुखता से उठा। अध्यक्ष ने कहा कि सरकार की योजनाएं कागजों में नहीं, बल्कि पात्र परिवारों तक पहुंचनी चाहिएप्रकाश व्यवस्था की समीक्षा करते हुए स्ट्रीट लाइटों के संचालन की स्थिति की जानकारी ली गई। लाइटों को निर्धारित समय पर चालू एवं बंद करने की व्यवस्था को व्यवस्थित करने के साथ खराब लाइटों के त्वरित सुधार और नियमित निगरानी के निर्देश दिए गए।महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा में नगर में नवीन आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। बच्चों और महिलाओं के लिए संचालित योजनाओं की स्थिति की जानकारी लेते हुए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल तक पहुंचाने के निर्देश दिए गए।बैठक से स्पष्ट संदेश–काम दिखना चाहिए, सिर्फ फाइल नहीं चलनी चाहिएसमीक्षा बैठक में विकास कार्यों की गति, योजनाओं के क्रियान्वयन और विभागीय समन्वय को लेकर अध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि नगर के विकास से जुड़े मामलों में फाइलों की गति के साथ जमीन पर काम की गति भी दिखाई देनी चाहिए। भाटापारा के विकास को लेकर हमारी प्राथमिकता बिल्कुल स्पष्ट है–काम समय पर हो, गुणवत्ता के साथ हो और उसका सीधा लाभ आम नागरिक को मिले। जल, प्रकाश, आवास, राशन और महिला-बाल विकास जैसे विषय सीधे जनता के जीवन से जुड़े हैं। इसलिए इन विभागों की नियमित समीक्षा कर जवाबदेही तय की जा रही है। शर्मा ने कहा, ÷नगर पालिका का उद्देश्य केवल योजनाएं बनाना नहीं, बल्कि योजनाओं को जमीन पर उतारना है। इस बैठक में सभापति कुंजराम कोशले, दीपा दशरथ साहू देवेंद्र साहू ,गोविंद पटेल, मनीष मिश्रा, ,संतीश तलरेजा, पार्षद संतीश साहू,नंदू वैष्णव, चन्द्रशेखर चक्रधारी,बब्बू मंधान, ठाकुर राम साहू,चंद्रशेखर चक्रधारी, एल्डरमैन मधु सोनी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी शिवकुमार यादव इंजीनियर विनोद यादव , विभाग प्रमुख पूर्णेन्दु त्रिवेदी,धनेश साहू,सुरेंद्र जांगड़े, मोजूद रहे।

#### प्रधानमंत्री आवास: अधूरे मकानों को जल्द पूरा कराने पर जोर

प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान निर्माणाधीन मकानों की प्रगति पर चर्चा हुई। अध्यक्ष शर्मा ने अधिकारियों से कहा कि पात्र हितग्राहियों के आवास निर्माण में अनावश्यक देरी नहीं होनी चाहिए। निर्माणाधीन आवासों को प्रक्रिया के अनुसार शीघ्र पूर्ण कराकर हितग्राहियों को योजना का वास्तविक लाभ दिलाया जाए।

### जल संचय और जल जीवन मिशन के कार्य मिशन मोड में पूरे करें: मुख्यमंत्री

**बालोद, 12 सितंबर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में जल संसाधन और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग की समीक्षा बैठक में जल संरक्षण और पेयजल उपलब्धता से जुड़े कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को जल संचय जन भागीदारी अभियान और जल जीवन मिशन के कार्यों को मिशन मोड में पूरा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने मार्च 2028 तक सभी जल संरचनाओं को पूर्ण करने तथा हर घर तक नल के माध्यम से स्वच्छ पेयजल पहुंचाने को सर्वोच्च प्राथमिकता देने कहा। इस बैठक में कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा सहित संबंधित विभागीय अधिकारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से शामिल हुए।मुख्यमंत्री ने जल संचय जन भागीदारी अभियान की जिलेवार प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण से जुड़े कार्यों में सभी जिलों को निर्धारित लक्ष्य से बेहतर प्रदर्शन के लिए निरंतर प्रयास करना होगा।जल संसाधन विभाग के सचिव श्री राजेश कुमार टोप्पो ने बताया कि जल संचय जन भागीदारी अभियान में छत्तीसगढ़ वर्तमान में देश में प्रथम स्थान पर है। उन्होंने कहा कि अभियान के परिणाम मार्च माह के बाद सामने आएंगे। सभी जिलों को निर्धारित लक्ष्य हासिल करने के साथ ही उससे बेहतर प्रदर्शन के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करना होगा।

## समाचार संक्षेप

### कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा की झांकी ने बिखेरा जलवा



**छुरा, 12 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** नगर के हृदय स्थल श्रीराम-जानकी मानस मंदिर प्रांगण में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास एवं भक्ति भाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा की प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ नन्हे-नन्हे ग्वाल-बालों द्वारा मनमोहक दही-लूट के मंचन से हुआ। पश्चात विद्यालयीन छात्राओं द्वारा आकर्षक समूह नृत्य एवं छत्तीसगढ़ के पारंपरिक राउत नाचा की शानदार प्रस्तुति दी गई जिसने उपस्थित जनसमुदाय को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण व्याख्याता श्रीमती सीमा सिंग की बेहतरीन कोरियोग्राफी में तैयार की गई रथयात्रा की झांकी रही। इस झांकी में भगवान श्रीकृष्ण के देह त्यागने हृदय ब्रम्ह पदार्थ के समुद्र में प्रवाहित करने उसी हृदय ब्रह्म पदार्थ से भगवान जगन्नाथ के प्राकट्य को बड़े ही संजीदगी से प्रदर्शित किया गया था। 80 छात्राओं के साथ एक लय एक ताल में सुसज्जित वेशभूषा उत्कृष्ट थीम और सुमधुर संगीत संयोजन के साथ प्रस्तुत इस रथयात्रा ने पूरे सदन को झूमने पर मजबूर कर दिया। पूरे कार्यक्रम के दौरान हरि बोल की गूंज से नगर का वातावरण कृष्णमय हो गया। कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा की झांकी को प्रथम स्थान प्रदान किया गया। कुंजबिहारी गौशाला समिति छुरा द्वारा विद्यालय को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही उत्कृष्ट वेशभूषा थीम चयन, संगीत संयोजन और 80 बच्चों का एक साथ बेहतरीन संचालन एवं कोरियोग्राफी के लिए व्याख्याता श्रीमती सीमा सिंग को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छुरा लगातार कई वर्षों से सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों में अपना दबदबा बनाए हुए है। एक शाम देश के नाम जैसे गरिमामय कार्यक्रमों में भी विद्यालय ने अपनी बादशाहत कायम रखी है। कार्यक्रम का आकर्षक एवं गरिमामय संचालन शिक्षक अर्जुन धनंजय सिन्हा द्वारा किया गया। प्राचार्य श्रीमती आशारानी चतुर्वेदी, व्याख्याता केके साहू, चंद्रवती सिन्हा, भूपत कन्नौजे,लारेंस महिलाने, रेखा प्रधान, नेहा जायसवाल, चंद्रप्रभा सेन, हेमंत वर्मा, युवराज कंवर,नगेन्द्र देवांगन, मोहन हुमेश्वरी ठाकुर, डोमेश्वर ध्रुव ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया।

### आईएसबीएम विश्वविद्यालय में विकसित भारत यूथ लीड्स डायलॉग वेबिनार संपन्न



**छुरा, 12 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भारत सरकार, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2027 - विकसित भारत यूथ लीड्स डायलॉग के अंतर्गत आयोजित विकसित भारत क्विज अभियान के तहत आईएसबीएम विश्वविद्यालय, नवापारा कोसमी में विद्यार्थियों के लिए विशेष जागरूकता एवं सहभागिता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम का आयोजन 11 सितंबर 2026 को दोपहर 12.00 बजे आयोजित वेबिनार के माध्यम से किया गया। विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को विकसित भारत के निर्माण में युवाओं की भूमिका, राष्ट्र निर्माण, नवाचार, नेतृत्व क्षमता तथा सामाजिक सहभागिता के महत्व से अवगत कराया गया। आईएसबीएम विश्वविद्यालय के विकसित भारत के नोडल अधिकारी एवं छात्र कल्याण अधिष्ठाता, संयुक्त कुलसचिव सभी के द्वारा विद्यार्थियों को कार्यक्रम में अधिक से अधिक सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक कार्यक्रम में भाग लिया तथा विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाने का संदेश दिया।कार्यक्रम के सफल आयोजन एवं विद्यार्थियों की सहभागिता पर विश्वविद्यालय कुलसचिव बी. पी. भोल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि युवा शक्ति विकसित भारत की सबसे महत्वपूर्ण आधारशिला है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में नेतृत्व, जिम्मेदारी, नवाचार एवं राष्ट्र के प्रति सकारात्मक सोच विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### प्रातांध्यक्ष निर्वाचित होने पर इन्द्र साव ने चुन्नीलाल ध्रुव को दी बधाई

**भाटापारा, 12 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छग मंडी एवं मण्डी बोर्ड कर्मचारी महासंघ छत्तीसगढ के लिए हुए निर्वाचन में भाटापारा कृषि उपज मंडी में पदस्थ सचिव चुन्नी लाल ध्रुव प्रातांध्यक्ष के लिए निर्वाचित हुए है ,उनके निर्वाचन पश्चात प्रथम कार्यक्षेत्र भाटापारा आगमन पर क्षेत्र के विधायक इंद्र साव ने



उन्हें बधाई एवं शुभकामना दी है।विधायक साव ने विश्वास व्यक्त किया कि श्री ध्रुव अपने कर्मचारियों के हितों के लिए सदैव कार्य करते रहेंगे,वही विधायक इंद्र साव ने अपनी खुशी जाहिर की कि भाटापारा मंडी के इतिहास में ये पहला अवसर है जब यहां पदस्थ कोई अधिकारी कर्मचारी प्रदेश स्तरीय टीम में इतने बड़े ओहदे में पहुंचा है। विदित हो नवनिर्वाचित मंडी बोर्ड कर्मचारी संघ के प्रांताध्यक्ष चुन्नी लाल ध्रुव स्थानीय कृषि उपज मंडी में पदस्थ है।सादगी और मिलनसार के श्री ध्रुव अपने निर्वाचन पश्चात विधायक इंद्र साव के निवास पहुंच कर उनसे सौजन्य मुलाकात की, जहां विधायक ने उनका मुंह मीठा करा कर बधाई एवं शुभकामना दी।

### कलेक्टर कांकेर के नाम से ज्ञापन सौंपा

**भानुप्रतापपुर, 12 सितंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शिवसेना द्वारा भानुप्रतापपुर से काकेर जाने वाले मुख्य मार्ग के मरम्मत, पुनर्निर्माण कि मांग को लेकर प्रशासन से मांग किया गया था। किंतु उस पर कोई ध्यान नहीं देने के कारण



एसडीम भानुप्रतापपुर को कलेक्टर कांकेर के नाम से ज्ञापन सौंपकर कर भानुप्रतापपुर कांकेर मुख्य मार्ग के मरम्मत ,नवनिर्माण की मांग किया गया है ।विदित होगी भानुप्रतापपुर से काकेर जाने वाले मार्ग की हालत अत्यंत जर्जर है। जिससे प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रही है। आम जनता का उस पर चलना दुभर हो गया है। इस रोड पर चलने से आम जनता, वाहन चालकों को बहुत ही परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रतिदिन दुर्घटनाएं हो रही है। आम जनता की समस्याओं को देखते हुए इस मार्ग का तत्काल मरम्मत, पुनर्निर्माण किया जावे। ज्ञापन की प्रति मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ को भी प्रेषित किया गया है ।अगर तत्काल सड़क का मरम्मत चालू नहीं होता है तो शिवसेना क्षेत्र के पिडीत जनता की को साथ लेकर जन आंदोलन करेगी।

एक नजर

## उपजेल में निरुद्ध बंदियों के आयु सत्यापन के लिए विशेषज्ञ समिति ने किया निरीक्षण



**बलौदाबाजार, 12 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जेल में निरुद्ध बंदियों के आयु सत्यापन हेतु विशेषज्ञ समिति द्वारा 11 सितंबर 2026 को उपजेल बलौदाबाजार का निरीक्षण किया गया। विशेषज्ञ समिति के सदस्यों द्वारा जेल परिसर में निर्धारित बैरक में जाकर जेल में निरूद्ध 18 से 21 वर्ष के बंदियों से उनकी आयु, शिक्षा एवं स्वास्थ्य से संबंधित जानकारी ली गयी। सभी निरूद्धों के द्वारा उनकी आयु 18 वर्ष से अधिक होने की जानकारी प्रदान की गयी। 18 वर्ष से कम उम्र के संदेहप्रद 1 बच्चें का नाम मुख्य प्रहरी उपजेल बलौदाबाजार को दी गयी है ताकि उनके द्वारा आयु सत्यापन के संबंध में जानकारी लिया जा सके। आयु सत्यापन उपरांत 18 वर्ष से कम आयु निर्धारण पर बालकों को बाल संप्रेक्षण गृह में स्थानांतरित करने तथा प्रकरण को किशोर न्याय बोर्ड में स्थानांतरित करने की कार्यवाही संपादित की जा सकें। निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी अतुल परिहार, जिला बाल संरक्षण अधिकारी प्रकाश दास, जेल विभाग से जेल अधीक्षक अभिषेक मिश्रा, विधिक सेवा प्राधिकरण से संजय सोनी, विधिक सह परिवीक्षा अधिकारी सुश्री मेघा शर्मा एवं सामाजिक कार्यकर्ता टुकेश्वर जगत उपस्थित थे।

## प्राचार्यों व संकुल समन्वयकों की बैठक में शिक्षा योजनाओं की समीक्षा



**बलौदाबाजार,12 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला शिक्षा अधिकारी श के. एस. मेरावी एवं जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा नरेन्द्र वर्मा ने गुरुवार को प्राचार्य एवं संकुल शैक्षिक समन्वयकों की बैठक बृजलाल वर्मा शासकीय महाविद्यालय पलारी में ली। बैठक मे विकासखण्ड पलारी के विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी, विकासखण्ड स्त्रोत समन्वयक समग्र शिक्षा, संकुल प्राचार्यों एवं संकुल शैक्षिक समन्वयकों, समस्त अशासकीय शालाओं के प्राचार्य एवं प्रधानपाठकों का विभाग एवं समग्र शिक्षा अंतर्गत संचालित विभिन्न एजेन्डाओं पर समीक्षा की गई।इसमें प्रमुख रूप से प्रशस्त एप, स्वच्छ एवं हरित विद्यालय, एक पेड़ मां के नाम अंतर्गत पेड़ लगाने की समीक्षा, नशा मुक्त विद्यालय की जानकारी, अपार आईडी की जानकारी, बालवाड़ी की जानकारी, आईसीटी योजना की जानकारी,यू डाइस की जानकारी,शिक्षकों की प्रोफाईल एन्ट्री, स्कूल प्रोफाईल एन्ट्री, ड्राप बाक्स में बच्चों को इम्पोर्ट करना संबंधी सभी प्राचार्यों एवं संकुल शैक्षिक समन्वयकों से जानकारी ली गयी। साथ ही जेम पंजीयन की जानकारी पर चर्चा, एसएनए स्पर्श पर चर्चा, आईसीटी योजना,रंगाई पोताई,निरीक्षण पर चर्चा, व्हीएसके 2.0 नवीन वर्जन पर चर्चा, लईका चिन्हारी एप बच्चों के सर्वे पर चर्चा, एफएलएन कीट का नियमित उपयोग पर चर्चा, एफएलएन को सभी स्कूलों में 100 प्रतिशत प्राप्ति के लक्ष्य पर चर्चा,सभी संकुल प्राचार्यों एवं संकुल शैक्षिक समन्वयकों को शालाओं का नियमित निरीक्षण कर राज्य एवं जिले द्वारा चाही गयी।

# गणेश विसर्जन को लेकर दिशा-निर्देश जारी, जुलूस में अस्त्र-शस्त्र प्रदर्शन पर रोक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा-नेवरा 12 सितंबर।** आगामी गणेश उत्सव को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने तथा क्षेत्र में कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से थाना तिल्दा-नेवरा परिसर में आज पुलिस एवं प्रशासन की संयुक्त समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस (विधानसभा) वीरेंद्र चतुर्वेदी, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कोठारी, थाना प्रभारी तिल्दा-नेवरा रमाकांत तिवारी एवं तहसीलदार तिल्दा ;रामप्रसाद बघेल की उपस्थिति में गणेश उत्सव समितियों के पदाधिकारी एवं सदस्यगण, नगरपालिका अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, सरपंच, कोटवार तथा पत्रकारगण शामिल हुए। बैठक में शासन, प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा गणेश



उत्सव आयोजन के संबंध में जारी सभी आवश्यक दिशा-निर्देशों एवं गाइडलाइन से उपस्थितजनों को विस्तारपूर्वक अवगत कराया गया।

पुलिस एवं प्रशासन द्वारा गणेश समितियों को निर्देशित किया गया कि आयोजन के दौरान कानून एवं व्यवस्था, यातायात व्यवस्था, ध्वनि सीमा, जुलूस एवं विसर्जन व्यवस्था तथा सार्वजनिक स्थानों पर अनुशासन का विशेष ध्यान रखा जाए। किसी भी प्रकार की ऐसी गतिविधि न की जाए, जिससे आमजन को परेशानी हो अथवा शांति एवं कानून-व्यवस्था प्रभावित हो। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि गणेश उत्सव आस्था, श्रद्धा एवं सामाजिक सौहार्द का पर्व है। अतः सभी समितियां प्रशासन एवं पुलिस के साथ समन्वय बनाकर जिम्मेदारीपूर्वक आयोजन करें तथा किसी भी अप्रिय स्थिति की संभावना होने पर तत्काल पुलिस को सूचना दें।

बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं गणेश समितियों द्वारा पुलिस एवं प्रशासन को पूर्ण सहयोग प्रदान करने तथा शासन की गाइडलाइन का पालन करते हुए शांतिपूर्ण आयोजन सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया गया। तिल्दा-नेवरा पुलिस एवं प्रशासन द्वारा गणेश उत्सव के दौरान सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। बैठक में में प्रमुख रूप नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती चन्द्रकला डाक्टर खुमान वर्मा ,सभापति ईश्वर यदु ,सतीश निषाद, पार्षद रानी सौरभ जैन ,अध्यक्ष प्रतिनिधि डॉक्टर खुमान वर्मा,सौरभ जैन पार्षद प्रतिनिधि प्रेम कोसले, पार्षदगण ,एल्डर मेनगण ,सरपंचगण ,कोटवारगण ,गणेश पूजा समितियों के सदस्यों और प्रबुद्ध नागरिकों की उपस्थिति रही।

# बिजली बिल न पटाने पर 5 दिनों तक अंधेरे में रहा मोहारा स्कूल, पढ़ाई ठप और पानी को तरसे छात्र

■ **प्रशासनिक व वित्तीय प्रभार की खींचतान में कटी बिजली, पालक संघ ने जताई आपत्ति; डीईओ का पत्र वायरल होने के बाद जमा हुआ बिल**

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 12 सितंबर।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल मोहारा में बिजली बिल के समय पर भुगतान को लेकर स्कूल प्रबंधन की घोर लापरवाही उजागर हुई है। विभागीय तालमेल की कमी के चलते विद्यालय की बिजली आपूर्ति पिछले पांच दिनों से ठप रही, जिसके कारण भीषण गर्मी और उमस के बीच छात्र-छात्राओं की पढ़ाई बुरी तरह प्रभावित हुई। वहीं, बोरवेल बंद रहने से स्कूल में पेयजल संकट गहरा गया और शौचालय में पानी न होने से विद्यार्थियों को भारी फजीहत झेलनी पड़ी।

इस अव्यवस्था को संज्ञान में लेते हुए पालक संघ की ओर से सामाजिक कार्यकर्ता संतोष वर्मा ने प्रभारी प्राचार्य के समक्ष कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। इस





पर प्रभारी प्राचार्य ने वित्तीय अधिकार न होने का हवाला देते हुए हाथ खड़े कर दिए। उन्होंने बताया कि मोहारा स्कूल का वित्तीय प्रभार (डीडीओ पावर) शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल देवकट्टा के प्राचार्य के पास है। वहीं देवकट्टा के प्राचार्य का कहना है कि मोहारा प्राचार्य द्वारा विद्युत बिल भुगतान हेतु समय पर नोटशीट प्रेषित नहीं की गई, जिसके चलते भुगतान अटक गया।

### डीईओ को भेजा गया पत्र हुआ वायरल, तब जागा तंत्र

मामला तब गरमा गया जब विद्यालय की ओर से जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) को लिखा गया पत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। पत्र में स्पष्ट किया गया कि बिल राशि जमा न होने से बिजली आपूर्ति काटी गई थी। पत्र के अनुसार, प्रशासनिक व्यवस्था मोहारा के पास है जबकि वित्तीय दायित्व देवकट्टा प्राचार्य संभाल रहे हैं। सोशल मीडिया पर किरकिरी होने के बाद आनन-फानन में 10 सितंबर 2026 को डोंगरगढ़ ट्रेजरी के माध्यम से बिजली बिल का भुगतान कर पावती प्राप्त की गई, जिसके बाद जल्द बिजली बहाल होने का दावा किया गया है।

### बीईओ ने साधी चुप्पी, अनभिज्ञता जताकर पल्ला झाड़ा

सरकारी स्कूलों में बेहतर शैक्षणिक माहौल के दावों के बीच बिजली और पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं के अभाव ने शिक्षा विभाग की पोल खोल दी है। इस पूरे घटनाक्रम पर जब विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) डोंगरगढ़ से संपर्क किया गया, तो उन्होंने पहले टालमटोल की और बाद में पूरे मामले से अनभिज्ञता जता दी। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि पांच दिनों तक स्कूल में बिजली गुल रहने की भनक तक जिम्मेदार ब्लॉक स्तरीय अधिकारी को क्यों नहीं लगी?

### समय पर नोटशीट नहीं मिलने से हुई देरीः प्राचार्य, देवकट्टा

मोहारा स्कूल का वित्तीय प्रभार संभाल रहे देवकट्टा हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य ने स्पष्ट किया कि नियमानुसार मोहारा के प्रभारी प्राचार्य को समय रहते बिजली बिल भुगतान की नोटशीट तैयार कर भेजनी थी। नोटशीट समय पर उपलब्ध नहीं कराए जाने के कारण ट्रेजरी से आहरण की प्रक्रिया बाधित हुई और यह स्थिति निर्मित हुई।

## बैल दौड़ प्रतियोगिता में 25 जोड़ियों ने भाग लिया, अर्जुन राम के बैल जोड़ी ने मारी बाजी



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**डोंगरगढ़ 12 सितंबर।** प्रतिवषानुसार इस वर्ष भी पोला पर्व बैल जोड़ी सजावट प्रतियोगिता मनाया गया। 10 सितंबर 2026 गुरूवार को पोला पर्व बैल जोड़ी सजावट प्रतियोगिता स्थानीय कचहरी मैदान नया बस स्टैण्ड भुलीवाई के शिव मंदिर में कार्यक्रम सम्पन्न हुआं । प्रथम पुरस्कार श्री अर्जुन राम कदम ग्राम कुरूंभांठ ने प्राप्त किया । द्वितीय पुरस्कार पुष्कर साहू ग्राम कुरूंभांठ को दिया गया। 1. स्व भुलीवाई की स्मृति में रनिंग शिल्ड 1101/- रू नगद एवं धोती नारियल दिया गया। 2. स्व. नत्थूलाल तराने कि स्मृति में रनिंग शिल्ड 501/- रू नगद एवं घोती नारियल तथा तृतीय पुरस्कार राजेन्द्र जंघेल ग्राम गाजमर्रा को 301/- रू नगद एवं धोती नारियल ने प्राप्त किया । चतुर्थ पुरस्कार अच्छी नस्ल पर पुष्कर साहू ग्राम कुरूंभांट को 201/- रू नगद एवं धोती नारियल प्राप्त किया । सान्तवना पुरस्कार- नरेन्द्र जाम्बुलकर ग्राम कुरूंभांठ, साहिल सतनामी ग्राम कुर्खभांठ, हिरालाल यादव ग्राम कुरूंभांठ को 101/- रू नगद एवं गमछा नारियल प्रत्येक को दिया गया । पुरस्कार पोला पर्व के व्यवस्थापक संरक्षक मोहन लाल तराने (गवते) ने शिव मंदिर भुलीबाई के नाम पर प्रदान किया गया । निर्णायक मंडल ने पुरस्कार राशि वितरण किया जिसमें रामकृष्ण कनोजिया, विश्वनाथ यादव, बबलु शांडिल्य, कमल देवांगन, जितेन्द्र भाटिया, राहुल यादव, हरीश भंडारी, रघुवर प्रसाद अग्रवाल उपस्थित रहे । कार्यक्रम में बम्लेश्वरी मंदिर के उपाध्यक्ष अनिल गट्टानी, विपुल अग्रवाल, ओमप्रकाश कोठारी, संजीव गोमास्ता, विजय राज सिंह, शिशुपाल भारती, मतीन खान, वी.पी. चंद्राकर, भागवत नामदेव, संतोष यादव, सिद्ध गोपाल नरेडी, समाज से हरीश चंद्र तड़स, धनीराम तड़स, रामभाऊ पाटिल, शंकर मोटघरे, जोहन गभने, गणेश देशमुख, महेश तराने, पुष्प कुमार तराने, आयुष तराने, नरेश मोटघरे, राधेश्याम तराने, घनश्याम तराने रहे।

# परम आदर्श स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय मे जागरूकता शिविर का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 12 सितंबर।** छत्तीसगढ़ राज्य उपभोक्ता आयोग के निर्देशानुसार बलौदाबाजार के परम आदर्श स्वामी विवेकानंद महावि?द्यालय मे बुधवार को उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिला उपभोक्ता आयोग की अध्यक्ष रंजना दत्ता, सदस्य शारदा सोनी एवं हरजीत सिंह चावला ने छात्र छात्राओं, को उनके अधिकारों व हितों की विस्तृत जानकारी दी एवं जागरुकता सम्बंधित पम्पलेट का वितरण किया गया। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए जिला उपभोक्ता आयोग बलौदाबाजार की अध्यक्ष रंजना दत्ता सदस्यगण शारदा सोनी एवं हरजीत सिंह चावला ने संयुक्त रूप से बताया कि शिविर का उद्देश्य छात्र छात्राओं को उपभोक्ताओं के उनके अधिकारों, कर्तव्यों तथा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के प्रावधानों से अवगत कराना है। उपभोक्ता जागरुकता ही शोषण से बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। उनके द्वारा उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, 2019 की जानकारी देते हुए बताया कि उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण वस्तु एवं सेवाएं प्राप्त करना उनका कानूनी अधिकार है। उपओक्ताओं को किसी वस्तु की कीमत, गुणवत्ता की जांच, मात्रा की



जांच, सेवा व संविदा शर्तें, बीमा, मेडिकल क्लेम फाइनेंस कंपनियां, बैंक, यातायात वाहन, आनलाइन खरीददारी सोच समझकर करनी चाहिए।

नगर वासियो, पालक, अभिभावकों को ई फ़ाइलिंग व ई हियररिंग के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया है कि आयोगों के समक्ष शिकायत अब ई फ़ाइलिंग के माध्यम से ऑनलाइन ही की जाती है जो की अब अनिवार्य हैं इसके लिए उपभोक्ता ई जागृति पोर्टल का उपयोग कर सकते हैं। उपभोक्ताओं को अपना पक्ष रखने के लिए बहस हेतु आयोग के समक्ष उपस्थित होना ज़रूरी नहीं है उपभोक्ता अपना पक्ष या बहस ई हियरिंग के माध्यम से ऑनलाइन कहीं से भी कर सकते हैं यह सुविधा जिला उपभोक्ता आयोग बलौदाबाजार सहित सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में प्रारंभ हो चुकी है। उपभोक्ता जागरूकता शिविर लगाने का मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं को अनुचित व्यापार प्रथाओं धोखाधड़ी और शोषण से बचाना है। उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी देने और दावा करने को प्रोत्साहित करने के लिए किया गया। उपभोक्ता जागरूकता शिविर के दौरान आयोग के कर्मचारीगण दिनेश शर्मा, राजेश्वर इंगले अधिवक्तागण में अधिवक्ता संघ बलौदाबाजार के अध्यक्ष शारिक खान, राज नारायण त्रिपाठी एवं महाविद्यालय का स्टॉफ उपस्थित रहे।

### वाणी की मधुरता ही समस्याओं का समाधानः उपासक श्री

**रायपुर 12 सितंबर।** स्थित तेरापंथ अमोलक भवन में जैन तेरापंथ धर्मसंघ के आचार्य श्री महाश्रमण जी के आध्यात्मिक निर्देशन में उपासक श्रेणी की सम्माननीय उपस्थित में जैन महापर्व पर्युषण पर्वाराधना की पावन गंगा गतिमान हो रही है। जानकारी देते हुए वीरेंद्र डागा ने बताया कि उपस्थित श्रावक-श्राविकाओं को सहयोगी उपासक श्री प्रकाश जैन द्वारा प्रेक्षाध्यान व कार्योत्सर्ग का प्रयोग करवाते निरोगी रहने प्रेरित किया जा रहा है क्योंकि जीवन का पहला सुख है निरोगी काया। श्री प्रकाश द्वारा विभिन्न प्रेरक कथानक के माध्यम से भी धर्म प्रभावना की जा रही है। प्रवक्ता उपासक श्री सुधांशु जी जैन उपस्थित जनमेदनी को संबोधित करते हुए फ़धम्मो मंगल-मुक्किट्ठं, अहिंसा संजमो तवों। देवा वि तं नमंसंति, जस्स धम्मे सया मणों।फ़ की व्याख्या कर प्रत्येक शब्दों को परिभाषित करने का प्रयास कर रहे हैं। प्रवक्ता उपासक ने वाणी संयम को परिभाषित करते हुए बताया कि सिर्फ मौन रहना ही वाणी संयम नहीं है बल्कि मधुर व आवश्यकतानुसार कथन भी वाणी संयम है। मधुर वाणी कर्ण प्रिय होने के साथ साथ रिश्तों में मधुरता भी लाती है और कई समस्या का समाधान भी कर देती है। कहा भी जाता है फ़कम बोलो मिठा बोलोफ़ । उपासक श्रेणी द्वारा धर्म की प्रभावना के साथ साथ श्रावक-श्राविकाओं की अनेक समस्याओं का समाधान भी प्राप्त प्रश्नों के माध्यम से किया जा रहा है।


न्यायालय नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. 202608090100015-अ/21 (1) वर्ष 2025-26

## ईश्तहार

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सालिकराम आ. लछन कुंजाम, जाति गोंड, निवासी ग्राम पेंड्री जिला राजनांदगांव द्वारा स्वयं के स्वामित्व की ग्राम नवागांव, तहसील डोंगरगढ, जिला राजनांदगांव स्थित भूमि खसरा नं. 697/3, रकबा 0. 0240 हे. भूमि को स्वयं के ईलाज हेतु रकम की आवश्यकता होने से गैर आदिवासी ओमकार आ. तिजूराम, निवासी ग्राम नवागांव, तहसील डोंगरगढ़ के पास उपरोक्त भूमि को विक्रय की अनुमति हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्तानुसार आवेदित भूमि गैर आदिवासी को विक्रय करने की अनुमति आवेदक को दी जाने में किसी को कोई दावा व आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 18.09.2026 के पूर्व इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 09.09.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़



## शपथ पत्र

मैं देवेन्द्र कुमार उम्र 21 वर्ष पिता श्री हेमन सिंह जाति-गोंड़ निवासी- ग्राम देवगांव थाना+पो. दुगली तह. नगरी जिला धमतरी (छ.ग.) पिन नं. 493773 का निवासी हूं।

मैं शपथकर्ता देवेन्द्र कुमार नीचे लिखे अनुसार शपथ पूर्वक सत्य कथन करता हूं।

मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम देवेन्द्र मरकाम पिता हेमंत Devendra Markam s/o Hemant अंकित है जो त्रुटिपूर्ण है मेरा सही नाम देवेन्द्र कुमार पिता हेमन सिंह DEVENDRA KUMAR s/o HEMAN SHINH है जो मेरे कक्षा बारहवी के अंकसूची में अंकित है जो सही है।

मेरे आधार कार्ड में मेरा त्रुटिपूर्ण नाम अंकित होने से मुझे शासकीय व अन्य कार्यों में परेशानीयों का सामना करना पड़ रहा है। इसलिए मेरे आधार कार्ड में मेरा सही नाम उनका सही देवेन्द्र कुमार पिता हेमन सिंह DEVENDRA KUMAR s/o HEMAN SHINH अंकित करवाना चाहता हूँ।

मेरे द्वारा दी जा रही उपरोक्त जानकारी पूर्ण रूप से सत्य एवं सही है किसी प्रकार की असत्य पाये जाने पर सम्पूर्ण जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी।

मेरे आधार कार्ड में मेरा सही नाम देवेन्द्र कुमार पिता हेमन सिंह DEVENDRA KUMAR s/o HEMAN SHINHअंकित करने की पुष्टि एवं समर्थन में यह शपथ पत्र गजट प्रकाशन करने हेतु दे रहा हूँ जो पूर्ण रूप से सही है।

शपथकर्ता
देवेन्द्र कुमार


# कर्मचारियों ने इंद्रावती भवन के सामने किया प्रदर्शन, 30 अक्टूबर को मंत्रालय घेराव की चेतावनी

**रायपुर, 12 सितंबर।** महंगाई भत्ता, अनियमित कर्मचारियों के नियमितीकरण और आउटसोर्सिंग बंद करने समेत पांच सूत्रीय मांगों को लेकर नियमित, अनियमित और सेवानिवृत्त कर्मचारी-अधिकारी संगठनों ने शुक्रवार को इंद्रावती भवन के सामने सांकेतिक प्रदर्शन किया। 'एक मांग-एक मंच अभियान' के तहत भोजनावकाश में हुए प्रदर्शन के बाद प्रतिनिधिमंडल ने



मुख्य सचिव के नाम नोडल अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

प्रदर्शन का नेतृत्व छत्तीसगढ़ प्रदेश अधिकारी-कर्मचारी संघ के अध्यक्ष करन सिंह अटेरिया, छत्तीसगढ़ कोषालयीन कर्मचारी संघ के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र सिंह ठाकुर और छत्तीसगढ़ प्रगतिशील अनियमित कर्मचारी फेडरेशन के प्रदेश अध्यक्ष गोपाल प्रसाद साहू ने किया। आयोजकों के अनुसार प्रदर्शन में 55 से अधिक कर्मचारी-अधिकारी और पेंशनर्स संघों के पदाधिकारी शामिल हुए।

संगठनों का आरोप है कि कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री और मुख्य सचिव समेत शासन के समक्ष लगातार ज्ञापन देते रहे हैं, लेकिन उनकी समस्याओं पर अपेक्षित गंभीरता से कार्रवाई नहीं हो रही है। कर्मचारियों ने सरकार के 2023 के 'मोदी की गारंटी' में किए गए वादों का भी हवाला दिया। उनका कहना है कि कर्मचारी और पेंशनरों से जुड़े वादों के बावजूद मांगें लंबित हैं।

प्रमुख मांगों में भारत सरकार के अनुरूप महंगाई भत्ता, अनियमित कर्मचारियों का नियमितीकरण, आउटसोर्सिंग बंद करना सहित पांच सूत्रीय मांगें शामिल हैं। करन सिंह अटेरिया और गोपाल प्रसाद साहू ने संयुक्त रूप से कहा कि यदि सरकार ने प्रदर्शन के बाद भी मांगों पर ठोस पहल नहीं की तो आंदोलन को अगले चरण में ले जाया जाएगा। 30 अक्टूबर 2026 को जंगी प्रदर्शन कर मंत्रालय घेराव किया जाएगा।

### 14 सितम्बर गणेश चतुर्थी एवं 15 सितम्बर पर्युषण पर्व संवत्सरी पशुवध गृह व मटन मार्केट रहेंगे बंद

**राजनांदगांव 12 सितंबर। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन के आदेशानुसार गणेश चतुर्थी एवं पर्यूषण पर्व संवत्सरी व उत्तम क्षमा के उपलक्ष्य में दिनांक 14 सितम्बर 2026 दिन सोमवार को नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेंगे संबंधित आदेश के अनुसार विज्ञप्ति जारी किया गया था। उक्त आदेश में संशोधन के आधार पर अब 14 सितम्बर, सोमवार को गणेश चतुर्थी एवं 15 सितम्बर मंगलवार को पर्यूषण पर्व संवत्सरी व उत्तम क्षमा के उपलक्ष्य में नगर निगम सीमाक्षेत्र में स्थित पशुवध गृह एवं मटन मार्केट पूर्णरूपेण बंद रहेगा। निगम आयुक्त श्री जी.आर.मरकाम ने स्वास्थ्य विभाग को उक्त दोनो दिन पशुवध एवं विक्रय कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने कहा है।


## कार्यालय, नगर पंचायत-भखारा, जिला-धमतरी (छ.ग.)

Phone & Fax No. 07705-296755 Email-cmobhakhara.613@rediffmail.com

क्रमांक/2375/न.पं./लोनिवि/2026-27 भखारा, दिनांक 11/09/2026

### मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत के फर्मो/ठेकेदारों से स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से दिनांक 30.09.2026 तक निविदायें आमंत्रित की जाती है। जिसका विवरण निम्न है:-

| क्र. | कार्य का नाम | निविदा राशि (लाख में) | अमानत राशि (रू. में) |
|---|---|---|---|
| 1 | वार्ड क्र. 02 में पिपराही तालाब के पास मिनी गार्डन निर्माण कार्य। | 2.77 | 2800.00 |

**नोटः-** उपरोक्त कार्य की निविदा शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाइट https://uad.cg.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है अथवा कार्यालयीन समय में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत-भखारा



## कार्यालय सेनानी पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र बोरगांव जिला- कोण्डागांव (छ.ग.)

### //संक्षिप्त निविदा सूचना//

विज्ञप्ति क्रमांक/पीटीसी/बोर/सा.अ./निविदा/2026-27/466/026 दिनांक 7/9/026

छत्तीसगढ़ शासन के लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदार !!ई!! श्रेणी से अधिक में प्रतिशत दर पर छ.ग. शासन लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी भवन कार्य के एस.ओ.आर. 01.01.2015 के आधार पर इकाई में निम्नांकित कार्यों हेतु निविदा अधो हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट से या स्वयं उपस्थित होकर सेनानी कार्यालय पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र बोरगांव जिला-कोण्डागांव छ.ग. में निर्धारित टेंडर बाक्स में प्रस्तुत कर सकेगें।

**निविदा से संबंधित तिथियों निम्नानुसार है**

01 निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि प्रकाशन तिथि से :- 04.10.2026 से समय सायं 05.30 बजे तक
02 निविदा प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि :- 06.10.2026 के अपरान्ह 05.30 बजे तक
03 निविदा खोलने की तिथि :- दि. 07.10.2026 समय प्रातः 11.00 बजे

| क्र. | कार्य का नाम | कार्य का लागत | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | सक्षम ठेकेदार | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | नवीन बैरक निर्माण कार्य | 18.56 लाख | 18560/- | 750/- | !!ई!! श्रेणी एवं अधिक | 05 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| | मुख्य कार्यालय के सामने मोटर सायकिल पार्किंग शेड | 10.62 लाख | 10620/- | 750/- | | |

**निविदा संबंधी मुख्य शर्तेंः-** पंजीयन की मूलप्रति जमा करना होगा अन्य वांछित प्रपत्रों की प्रतिलिपि तथा जीएसटी चुकता प्रमाण पत्र, बैंक साल्वेन्सी (जो 12 माह से अधिक पुराना न हो) शोध क्षमता प्रमाण पत्र (जो 06 माह से अधिक पुराना न हो) खनिज का रायल्टी चुकता प्रमाण पत्र प्रस्तुत कराना होगा, 5% सुरक्षा राशि एवं 5% परफार्मेन्स गारंटी जमा रखी जायेगी, भुगतान किये जाने वाले देयकों से निर्माण लागत का 1% भवन एवं सनिर्माणकर्मकार कल्याण उपकर अधिनियम 1996 के तहत काटी जावेगी निविदाकर्ताओं के द्वारा अहर्तापूर्ण नहीं करने पर इकाई प्रमुख को निविदा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार होगा। शेष शर्ते इकाई से प्राप्त किये जा सकते हैं।

सेनानी
पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र बोरगांव
जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)

जी-262703238/5

## एक नजर

### शिवराज सिंह चौहान का अशोक बजाज ने किया स्वागत



रायपुर, 12 सितम्बर। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा एवं केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू का सक्ति के कार्यक्रम से रायपुर वापस लौटने पर वरिष्ठ भाजपा नेता एवं प्रदेश कार्यालय मंत्री अशोक बजाज सहित भाजपा के वरिष्ठ नेताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। नईदिल्ली रवाना होने के पूर्व व्ही आई पी लाउंज केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेश के नेताओं से चर्चा की तथा युवा मोर्चा के दिनों का स्मरण साझा किया। इस अवसर पर कृषि मंत्री रामविचार नेताम, विधायक पुरंदर मिश्रा, प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पांडेय, पूर्व विधायक देवजी पटेल, आलोक ठाकुर, डॉ? सलीम राज, अमित साहू, आकाश विग, पुष्पेन्द्र सिंह आदि नेता उपस्थित रहे.

### रायपुर की बहू खुशबू शर्मा बनीं 'मिसेज इंडिया अर्थ'

रायपुर, 12 सितम्बर। वीएमएस, द्वारा प्रस्तुत 'मिसेज इंडिया यूनिवर्स 2026' का भव्य आयोजन इंदौर के होटल जॉर्डन में किया गया। देशभर से प्रतिभागियों ने इस प्रतिष्ठित सौंदर्य प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा, आत्मविश्वास और व्यक्तित्व का शानदार प्रदर्शन किया। स्पर्धा में खुशबू शर्मा ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से 'मिसेज इंडिया अर्थ विनर 2026' का खिताब अपने नाम किया। गोंदिया, महाराष्ट्र की बेटी और रायपुर, छत्तीसगढ़ की बहू खुशबू शर्मा एक शिक्षिका, सोशल वर्कर और सिंगल मदर हैं। अपने पारिवारिक दायित्वों के साथ समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय रहते हुए उन्होंने इस राष्ट्रीय मंच तक अपनी पहचान बनाई।




### अमेजन डॉट इन पर गणेश चतुर्थी की खरीदारी आसान

रायपुर, 12 सितम्बर। अमेजन डॉट इन ने आज अपने गणेश चतुर्थी स्टोर को लॉन्च करने की घोषणा की, जो ग्राहकों को बप्पा का स्वागत करने और अपने घरों को उत्सव के लिए तैयार करने के लिए आवश्यक सभी चीजें एक ही जगह उपलब्ध कराता है। यह एआई-संचालित स्टोर ग्राहकों की त्योहारी जरूरतों के अनुसार उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला को एक साथ लाकर त्योहारी सीजन की खरीदारी को अधिक आसान और सुविधाजनक बनाता है। पर्यावरण-अनुकूल गणेश मूर्तियों और पूजा सामग्री से लेकर उत्सव की सजावट, पारंपरिक फैशन, होम डेकोर, लाइटिंग, मिठाइयों और बहुत कुछ तक, ग्राहक एक ही सुविधाजनक स्थान पर उत्पादों और नए आइडिया की खोज कर सकते हैं। ग्राहक सेम-डे, नेक्स्ट-डे और कुछ ही घंटों के भीतर डिलीवरी का लाभ भी उठा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, प्राइम मेंबर्स 2 लाख से अधिक उत्पादों पर अतिरिक्त 5न्न की छूट के साथ अधिक बचत का लाभ उठा सकते हैं।

### भाजपा में नियुक्तियां

रायपुर, 12 सितम्बर। छत्तीसगढ़ भाजपा ने संगठन के सूचना का अधिकार प्रकोष्ठ में नई नियुक्तियां करते हुए संभाग और जिला स्तर पर जिम्मेदारियां तय कर दी हैं। पार्टी ने प्रदेश के पांचों संभागों के लिए प्रभारियों की नियुक्ति के साथ ही तीन जिलों में जिला संयोजकों के नाम भी घोषित किए हैं। जारी सूची के अनुसार रायपुर संभाग की जिम्मेदारी संजय कोपुलवार को सौंपी गई है। वहीं दुर्ग संभाग का प्रभारी खिलेश्वर गोस्वामी को बनाया गया है। बस्तर संभाग की कमान सुरेन्द्र सोलंकी को दी गई है। इसी तरह बिलासपुर संभाग के प्रभारी विनोद भारती होंगे, जबकि सरगुजा संभाग की जिम्मेदारी डॉ. सुनील जायसवाल को सौंपी गई है। भाजपा ने आरटीआई प्रकोष्ठ में जिला स्तर पर भी नई जिम्मेदारियां तय की हैं। इसके तहत बलौदाबाजार जिले में विकास कुमार गुप्ता, मुंगेली में रविन्द्र केशरवानी और कोरबा जिले में मनोज राठौर को जिला संयोजक नियुक्त किया गया है। इन नियुक्तियों के जरिए भाजपा ने आरटीआई प्रकोष्ठ के संगठनात्मक ढांचे को संभाग और जिला स्तर तक मजबूत करने की दिशा में कदम बढ़ाया है।

### तारा कोल ब्लॉक पर कांग्रेस का दोहरा चरित्र उजागर : भाजपा

रायपुर, 12 सितम्बर। भारतीय जनता पार्टी ने तारा कोल ब्लॉक को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश द्वारा लगाए जा रहे आरोपों पर तीखा पलटवार करते हुए कहा है कि कांग्रेस इस मामले में अपने ही पुराने फैसलों को छिपाकर प्रदेश की जनता को गुमराह कर रही है। वरिष्ठ भाजपा नेता और छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह ने कहा कि आज जिस तारा और हसदेव-अरण्य के नाम पर कांग्रेस पर्यावरण की दुहाई दे रही है, वहां खनन का रास्ता खोलने और वन स्वीकृति की प्रक्रिया आगे बढ़ाने का काम स्वयं कांग्रेस ने किया है। भाजपा नेता सौरभ सिंह ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने कार्यकाल में स्वयं केंद्र सरकार से तारा कोल ब्लॉक सीएमडीसी को आवंटित करने का आग्रह किया था। जून 2021 में तत्कालीन मुख्यमंत्री ने केंद्रीय कोयला मंत्री के समक्ष तारा कोल ब्लॉक सीएमडीसी को देने की मांग रखी थी। ऐसे में भूपेश बघेल को प्रदेश की जनता को यह बताना चाहिए कि यदि तारा में खनन पर्यावरण के लिए इतना ही विनाशकारी था, तो मुख्यमंत्री रहते हुए वे स्वयं इसी तारा कोल ब्लॉक को सीएमडीसी को दिलाने का आग्रह क्यों कर रहे थे? आज उसी ब्लॉक के नाम पर उनका विरोध कांग्रेस के राजनीतिक दोहरेपन को उजागर करता है।



# सेवानिवृत्ति प्रकरणों के त्वरित निपटारे और रिक्त पदों पर भर्ती के निर्देश

## मुख्य सचिव ने ली समस्त विभागों के भारसाधक सचिवों की बैठक

रायपुर, 12 सितम्बर। छत्तीसगढ़ के मुख्य सचिव विकासशील ने आज मंत्रालय (महानदी भवन) में राज्य शासन के समस्त विभागों के भार साधक सचिवों की एक उच्च स्तरीय बैठक ली। उन्होंने विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन और महत्वपूर्ण कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की। मुख्य सचिव ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सेवा निवृत्त होने वाले अधिकारी-कर्मचारियों के प्रकरणों का निराकरण उनकी सेवानिवृत्ति से पहले ही सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए विभागवार नियतकालिक सूची तैयार करने के निर्देश सचिवों को दिए। बैठक में विभागों में रिक्त पदों तथा बैकलॉग के पदों पर सेटअप तैयार कर त्वरित भर्ती प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, मुख्य सचिव ने सभी सचिवों को अपनी-अपनी विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन की नियमित मॉनिटरिंग करने को कहा। बैठक में लोक सेवा गारंटी, सूचना का अधिकार, सेवा सेतु, पीएम प्रगति पोर्टल, ई-प्रगति, डी-रेगुलेशन और ग्रामीण विकास की योजनाओं की समीक्षा की गई। जानकारी दी गई कि लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत अब तक लगभग 728 सेवाएं अधिसूचित की जा चुकी हैं। अधिकारियों-कर्मचारियों को प्लेटफॉर्म के तहत विभाग की आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश दिए गए। प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी को प्रतिमाह 1 से 3 प्रशिक्षण पाठ्यक्रम पूरा करना अनिवार्य होगा।

### रिफॉर्म उत्सव अभियान

मुख्य सचिव ने अधिकारियों को विभागों से संबंधित रिफॉर्म (सुधार) की जानकारी तैयार करने को कहा, जिसका प्रदर्शन आगामी दिनों में आयोजित होने वाले रिफ़ॉर्म उत्सव अभियान में किया जाएगा।

**मेरा युवा भारत पोर्टल पर पंजीकरण:** केंद्रीय खेल एवं युवा मंत्रालय के मेरा युवा भारत पोर्टल पर राज्य के स्कूलों व कॉलेजों के 15 से 29 वर्ष के युवाओं का शत-प्रतिशत पंजीकरण कराने के निर्देश दिए गए। इसके लिए जिला समन्वयकों और प्राचार्यों को आपसी समन्वय बनाकर काम करने को कहा गया है।

बैठक में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार पिंगुआ, गृह एवं जेल विभाग की प्रमुख सचिव निहारिका बारिक सिंह, नगरीय प्रशासन विकास विभाग के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा, महिला एवं बाल विकास विभाग की प्रमख सचिव शहला निगार, वित्त एवं जनसम्पर्क विभाग के सचिव डॉ. रोहित यादव, खनिज साधन विभाग एवं मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह, सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के सचिव अंकित आनंद, पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के सचिव डॉ. एस.भारतीदासन, खाद्य विभाग की सचिव रीना बाबा साहेब कंगाले, स्वास्थ्य विभाग के सचिव अमित कटारिया, ऊर्जा विभाग के सचिव सारांश मित्तर, श्रम विभाग के सचिव हिमशिखर गुप्ता, परिवहन विभाग के सचिव एस.प्रकाश, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग की सचिव शम्मी आबिदी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुल हक सहित राज्य शासन के अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

# माना कैंप को सुंदर बनाने की पहल

## मुख्य मार्ग से मुक्तिधाम तक सफाई, गंदगी फैलाने वालों पर 5 हजार का जुर्माना




रायपुर, 12 सितम्बर। माना नगर पंचायत क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाने की दिशा में नगर पंचायत ने एक अहम पहल शुरू की है। नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक-12 में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया जा रहा है। नहर के रास्ते से लेकर हिंदू मुक्तिधाम के आसपास तक सफाई कर क्षेत्र को गंदगी से मुक्त करने का काम किया जा रहा है। लंबे समय से इस इलाके में जमा कचरे और गंदगी की समस्या को देखते हुए नगर पंचायत ने अब इसे प्राथमिकता के साथ लिया है।

हिंदू मुक्तिधाम जाने वाले मार्ग के आसपास पिछले कुछ समय से सड़क किनारे कूड़ा-कचरा फेंके जाने की शिकायतें सामने आती रही हैं। स्थानीय दुकानदारों और कुछ लोगों द्वारा घरेलू कचरे के साथ-साथ मांस-मछली का अपशिष्ट भी सड़क किनारे फेंके जाने से यहां गंदगी का अंबार लग जाता था। इसके चलते राहगीरों और आसपास के लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता था। मांस-मछली का अपशिष्ट खुले में पड़े रहने से जंगली जानवरों के आने का खतरा भी बना रहता था, जिससे लोगों में सुरक्षा को लेकर चिंता रहती थी।

### लाखों रुपये से बदलेगी मुक्तिधाम मार्ग की तस्वीर

सफाई अभियान के साथ नगर पंचायत आने वाले दिनों में हिंदू मुक्तिधाम जाने वाले मार्ग के सौंदर्यीकरण की भी तैयारी कर रही है। सीएमओ सौरभ बाजपेयी के मुताबिक इस मार्ग पर करीब लाखों रुपये की लागत से सौंदर्यीकरण कार्य कराया जाएगा। सड़क के आसपास के क्षेत्र को व्यवस्थित करने, स्वच्छ वातावरण तैयार करने और लोगों के लिए बेहतर आवागमन की सुविधा विकसित करने की दिशा में काम किया जाएगा।

### हाउसिंग बोर्ड ने डिजाइन में खामी मिलने पर खत्म किया अनुबंध

रायपुर, 12 सितम्बर। छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल ने निर्माण कार्यों में तकनीकी गुणवत्ता, डिजाइन की शुद्धता और सुरक्षा मानकों को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए वास्तुविद फर्म जी.टी. डिज़ाइन स्टूडियो, रायपुर के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। जिला कोरबा में निर्मित कन्वेंशनल हॉल के निर्माण के डिटेल डिजाइन में त्रुटियां एवं तकनीकी प्रस्ताव में कमियां पाए जाने के बाद मंडल ने फर्म के वर्तमान कार्यों से संबंधित अनुबंध समाप्त करने की कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। प्रकरण में मंडल द्वारा संबंधित फर्म को कारण बताओ सूचना पत्र जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था। फर्म द्वारा प्रस्तुत पालन प्रतिवेदन एवं स्पष्टीकरण का अपर आयुक्त द्वारा परीक्षण किया गया, जिसे संतोषजनक नहीं पाया गया। इसके बाद मंडल ने संबंधित योजनाओं में फर्म के अनुबंध समाप्त करने की नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश जारी किए हैं। चार योजनाओं में अनुबंध समाप्त करने की कार्रवाई मंडल के निर्देशानुसार जी.टी. डिज़ाइन स्टूडियो, रायपुर द्वारा वर्तमान में विभिन्न संभागों के अंतर्गत वास्तुविद संबंधी कार्य की जा रही योजनाओं में अनुबंध समाप्त करने की कार्रवाई की जाएगी। इनमें रिडेवलपमेंट योजना, कैलाश नगर, राजनांदगांव; रिडेवलपमेंट योजना, रामानुजगंज, जिला बलरामपुर; आवासीय योजना, कबीर नगर फेस-02 (05 एकड़ भूमि); तथा अटल विहार योजना, बंधी, जिला गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही शामिल हैं।

# भूपेश की आंखों में इटालियन चश्मा : साव



रायपुर, 12 सितम्बर। पीएम आवास पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बहस की चुनौती को लेकर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने तंज कसा है. उन्होंने कहा कि जब आंखों में इटालियन चश्मा हो, जिसने मुख्यमंत्री रहते हुए 18 लाख परिवारों को पीएम आवास से वंचित किया हो, छत्तीसगढ़ के भोले-भाले जनता को ठगने का काम किया हो, वह क्या बहस करेंगे. इस तरह की बातें कहकर गरीबों और जरूरतमंदों के जख्मों पर नमक छिड़कने का काम कर रहे हैं.

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने मीडिया से चर्चा में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का सख्त तेवर पर कहा कि राज्य के मुखिया होने के नाते यही कर्तव्य है. जहां लोगों को समस्या हो लोगों के साथ खड़े हो और उनकी मदद भी करें. वही काम हमारे मुख्यमंत्री साय कर रहे हैं. यही विष्णु का सुशासन है. तालाबों के सौंदरीकरण के लिए राशि जारी किए जाने को लेकर अरुण साव ने कहा कि अलग-अलग योजनाओं में केंद्र सरकार तालाब के सौंदरीकरण और जीणोद्धार के लिए राशि आवंटित करती है. इसको लेकर भी लगातार काम होता है, और यह भी एक बड़ा काम है. इसलिए इतनी बड़ी राशि स्वीकृत हुई है.

### सेवा संकल्प अभियान के लिए मंत्रियों को मिली जिम्मेदारी

सेवा संकल्प अभियान को लेकर मंत्रियों को जिम्मेदारी दिए जाने पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि नरेंद्र मोदी 7 अक्टूबर 2001 को गुजरात के मुख्यमंत्री बने तब से अब तक, मुख्यमंत्री से लेकर प्रधानमंत्री के रूप में सेवा कर रहे है. सेवा संकल्प अभियान में 12 अलग-अलग प्रकार की सेवा के काम पूरे देश भर में होंगे. राज्य में भी उसके लिए व्यापक रूप से तैयारी की गई है. सभी 12 योजनाओं के लिए संगठन और सरकार तैयारी कर रही है. सभी लोग अपने जिम्मेदारी को निभाएंगे.

# अग्र महाकुंभ व अलंकरण समारोह 19 को



रायपुर, 12 सितम्बर। छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन द्वारा अग्रवाल सभा, अंबिकापुर एवं सरगुजा संभागीय अग्रवाल महासभा के आतिथ्य में 19 एवं 20 सितंबर 2026 को अंबिकापुर में अग्र महाकुंभ-2026 - सेवा, शक्ति और सामर्थ्य का संगम का भव्य आयोजन किया जा रहा है। दो दिवसीय इस प्रांतीय अधिवेशन एवं दशम अग्र अलंकरण समारोह में छत्तीसगढ़ सहित देश के विभित्र हिस्सों से अग्रवाल समाज के पदाधिकारी, समाजसेवी, उद्यमी, युवा एवं महिला प्रतिनिधि शामिल होंगे। 19 सितंबर को दोपहर 12 बजे आयोजित भव्य उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय अग्रवाल संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष कुलभूषण मित्तल करेंगे। राष्ट्रीय संरक्षक सियाराम अग्रवाल, छत्तीसगढ़ शासन के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री तथा आयोजन के संरक्षक राजेश अग्रवाल, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, विधायक एवं पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, विधायक बसना संपत अग्रवाल, पूर्व कैबिनेट मंत्री जयसिंह अग्रवाल सांसद चिंतामणि महाराज, सहित अनेक विशिष्टजन कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाएंगे।

पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री राजेश अग्रवाल, सांसद चिंतामणि महाराज ने आयोजन के दोनों दिवस उपस्थित रहने की स्वीकृति प्रदान करते हुए आयोजन को यथासंभव पूर्ण सहयोग देने तथा प्रदेशभर से आने वाले अग्रबंधुओं के स्वागत-अभिनंदन में स्वयं सहभागी होने की भावना व्यक्त की है।

# यूपीआई पर क्रेडिट लाइन की सुविधा

रायपुर, 12 सितम्बर। 'यूपीआई पर क्रेडिट लाइन' के अंतर्गत किसान क्रेडिट कार्ड और पीएम मुद्रा योजना सहित विभिन्न योजनाओं को शामिल किया गया है। डीएफएस सचिव ने जीएफएफ 2026 में वित्तीय समावेशन को आगे बढ़ाने के लिए नवाचारों का अनावरण किया। जिसमें एटीएम को तत्काल रुपे कार्ड और मर्चेंट यूपीआई क्यूआर जारी करने वाले केंद्रों में परिवर्तित करना, जिससे प्रक्रिया में लगने वाला समय कई सप्ताह से घटकर कुछ मिनट रह गया है। यह घोषणा भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सौरभ विजय की उपस्थिति में की गई। ई-केवाईसी के माध्यम से पंजीकृत सदस्यों को सहभागी एईपीएस टचपॉइंट ऑपरेटरों के जरिए सुरक्षित तरीके से लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे नकद जमा करने की सुविधा प्रदान करना। यह घोषणा भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सौरभ विजय की उपस्थिति में की गई।

# 25 सितंबर को करोड़ों लोग एक साथ गाएंगे वंदेमातरम्



रायपुर, 12 सितम्बर। राष्ट्रीय जागरण के 150वें वर्ष के अवसर पर विद्या भारती द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर सामूहिक पूर्ण वंदे मातरम गीत का आयोजन किया जा रहा है. सम्पूर्ण देश में 25 सितंबर 2026 को प्रातः 11 बजे एक साथ, एक स्वर में लाखों विद्यार्थी, शिक्षक, नागरिक वंदे मातरम गीत का पूर्ण सामूहिक गायन करेंगे. यह आयोजन गिनीज बुक ऑफवर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज होगा. उल्लेखनीय है कि विद्या भारती भारत का सबसे बड़ा गैर-सरकारी (स्वैच्छिक) शैक्षिक नेटवर्क है. विद्या भारती भारत देश के 684 जिलों में अपनी सेवा दे रही है, जिसमें शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण, जनजातीय (आदिवासी) और दूरदराज के सीमावर्ती क्षेत्र भी शामिल हैं. विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के पूरे भारत में 12 हजार से अधिक विद्यालय है। इसके अलावा देशभर में लगभग 8, 000 से अधिक अनौपचारिक शिक्षा केंद्र भी संचालित हैं). सरस्वती शिशु मंदिरों में देश भर में कुल आचार्य (शिक्षक) 1.53 लाख से अधिक, कुल 35.33 लाख विद्यार्थी हैं.

# व्यंजन प्रतियोगिता में रत्ना गीता तथा वैजयंती पुरस्कृत

रायपुर, 12 सितम्बर। रायपुर, बेटी बचाओ मंच महादेव घाट परिक्षेत्र ने तीज मिलन अवसर पर व्यंजन प्रतियोगिता का आयोजन किया. लाल परिधान के साथ श्रृंगार से सुसज्जित मंच की महिलाएं अपने घरों से छत्तीसगढ़ के पारंपरिक पकवान ठेठरी, खुरमी, बबरा, फरा, चिला, अइरसा को थाल में सजाकर प्रतियोगी के रूप में उपस्थित हुए. मुख्य अतिथि मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा तथा महादेव घाट परिक्षेत्र अध्यक्ष रत्ना शर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम संपन्न हुआ. अंकों के आधार पर निर्णायक मंडल द्वारा घोषित परिणाम में रत्ना शर्मा प्रथम, गीता विश्वकर्मा द्वितीय तथा वैजयंती चतुर्वेदी को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ. विजेताओं को प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने प्रशस्ति पत्र तथा आकर्षक गिफ्ट के साथ सम्मानित किया.उक्त अवसर पर उपस्थित महिलाओं ने विविध खेलकूद, नृत्य, गायन आदि के साथ खूब एंजॉय किया. कार्यक्रम का संचालन शिखा शर्मा, श्रद्धा शर्मा, तथा सुमन पांडे एवं आभार पिंकी यदु ने किया.



# पालना की भक्ति अमलीडीह में सम्पन्न



रायपुर, 12 सितम्बर। आचार्य जिनमणिप्रभ सूरीश्वर द्वारा प्रतिष्ठित सीमंधर स्वामी जैन मंदिर भैरव सोसायटी में महावीर जन्मवांचन के अवसर पर पालना महोत्सव व 14 स्वप्नों का पूजन दादागुरुदेव की बड़ी पूजा के अवसर पर धूमधाम से मनाया गया। प्रभु महावीर स्वामी के पालना के पूजन का चढ़ावा रमेश अनुराग अंकिता आन्या अंकन गोलछा परिवार 144 एवेन्यु अमलीडीह ने लिया है, प्रातः 9.30 बजे सीमंधर स्वामी जैन मंदिर से गोलछा परिवार बाजे गाजे व श्रीसंघ के साथ पालना व चौदह महास्वप्नों को बधा कर स्व निवास ले जाकर पूजन किया। सीमंधर स्वामी जैन मंदिर व दादाबाड़ी ट्रस्ट के अध्यक्ष संतोष बैद व महासचिव महेन्द्र कोचर ने बताया कि जब भगवान महावीर स्वामी मातारानी त्रिशला के गर्भ में आते हैं उस रात्रि माता 14 महास्वप्न देखती है। जन्मवांचन के अवसर पर सकल जैन समाज महास्वप्नों का पूजन करते हैं। अध्यक्ष संतोष बैद ने मंत्रोच्चार के साथ स्वप्नों का पूजन करवाया।

# लिव-इन-रिलेशनशिप समाज को गर्त में ले जा रहा : मसीही समाज



रायपुर, 12 सितम्बर। समान नागरिक संहिता के क्रियान्वयन के पूर्व उच्च स्तरीय समिति द्वारा विस्तृत चर्चा एवं सुझाव के लिए दो दिवसीय बैठक सर्किट हाउस के सभाकक्ष में हुई। इसमें मसीही समाज के प्रतिनिधि मंडल ने समिति के अध्यक्ष एम. के. राउत और सदस्य एवं वरिष्ठ अधिवक्ता मोहन पवार के समक्ष उन्होंने अपने सुझाव व मांगें रखीं।

पास्ट्रेट कोर्ट के अध्यक्ष जॉन राजेश पॉल, पास्टर्स फैलोशिप के अध्यक्ष पादरी राजेश गार्डिया, भिलाई छत्तीसगढ़ क्रिश्चियन फैलोशिप के अध्यक्ष एवं मेनोनाइट चर्च के पादरी राकेश प्रकाश, कोषाध्यक्ष सीसीएफपास्टर जेम्स लाल, कैथोलिक डायसिस के फादर जॉन पुन्नूर एवं फादर क्रोसलिन, मारथोमा चर्च के पूर्व सचिव मोहन सैमुएल, इंडियन ऑर्थोडाक्स चर्च के कोषाध्यक्ष शीबू जॉन, बिलिवर्स डायसिस के फादर संदीप लाल व फादर सुरेश पाइक, पास्टर आशीष गार्डिया। प्रतिनिधियों ने समान नागरिक संहिता में लिव-इन-रिलेशनशिप के एजेंडे को पृथक रखने की मांग की।

उन्होंने इस संबंध में पूरे प्रदेश को सामाजक रूप से होने वाले नुकसान पर तर्क प्रस्तुत किए। इस संबंध में सुप्रीम कोर्ट में पुनर्विचार याचिका भी दाखिल करने का सुझाव दिया। प्रतिनिधियों ने कहा कि बाइबिल में विवाह सबसे पवित्र संस्कार माना गया है और तलाक का कोई स्थान नहीं है। इसके साथ ही प्रतिनिधियों ने मसीही विवाह की प्रक्रिया की भी विस्तार से जानकारी दी।

मसीही समाज ने उच्च स्तरीय समिति से मांग की कि यूसीसी में मसीही धर्म, परंपराओं, मौलिक पहचान और संवैधानिक अधिकारों को सुरक्षित रखने, संस्थाओं की रक्षा जाए। छत्तीसगढ़ के विकास में मसीही समाज के योगदान का भी उल्लेख किया। प्रतिनिधियों ने समिति द्वारा यूसीसी का ड्राफ्ट बनाए जाने के बाद एक बार फिर से सबको विचार विमर्श के लिए बुलाया जाए। इसके बाद ही राज्य सरकार को भेजा जाए।

प्रतिनिधियों ने गहन मंथन के दौरान मुख्य रूप से विवाह और तलाक, उत्तराधिकार और विरासत, भरण-पोषण तथा लिव-इन रिलेशनशिप जैसे संवेदनशील और महत्वपूर्ण विषयों पर खुलकर राय रखी।

# मोबाइल, कम्प्यूटर के अत्यधिक उपयोग से दृष्टि कमजोर होने की आशंका : मिश्र



रायपुर, 12 सितम्बर। वरिष्ठ नेत्र विशेषज्ञ डॉ दिनेश मिश्र ने राष्ट्रीय नेत्र दान पखवाड़ा के अवसर पर सरस्वती शिशु मंदिर मठपुरैना में आयोजित व्याख्यान में कहा हमारी आंखें प्रकृति का अनमोल उपहार हैं। इनके माध्यम से हम अपने आसपास की दुनिया को देखते, सीखते और जीवन का आनंद लेते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, दृष्टि हानि के अधिकांश कारणों की समय पर जांच, उचित उपचार तथा जागरूकता से रोकथाम की जा सकती है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को आंखों की देखभाल और नियमित नेत्र परीक्षण के महत्व को समझना चाहिए।एक व्यक्ति के नेत्रदान से दो व्यक्तियों को दृष्टि मिल सकती है

डॉ दिनेश मिश्र ने दृष्टि हीनता के कारणों पर चर्चा करते हुए कहा कुछ बच्चों में जन्म से ही आंखों की विकृतियां (जन्मजात दोष) पाई जाती हैं। यदि जन्म के बाद समय पर नेत्र परीक्षण कराया जाए तो इनमें से कई समस्याओं का सफल उपचार संभव है। विटामिन ए की कमी बच्चों में रतौंधी तथा कॉर्निया को गंभीर क्षति पहुंचा सकती है। हरी पत्तेदार सब्जियां, गाजर, पपीता, आम, दूध और अंडे जैसे पौष्टिक आहार इसके अच्छे स्रोत हैं। बैक्टीरियल, वायरल तथा फंगल संक्रमण भी आंखों में लालिमा, दर्द, पानी आना और दृष्टि कम होने का कारण बन सकते हैं। संक्रमण होने पर स्वयं दवा लेने के बजाय नेत्र विशेषज्ञ से परामर्श लेना चाहिए।



कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26